3 राजधानी
सीवेज ओवरफ्लो की समस्या होगी हल

6 अभिमत
दलबदल कानून व अध्यक्ष की शक्तियां

10 विदेश
श्रीलंका में सड़कों पर सैनिक और सैन्य वाहन तैनात

12 स्पोर्ट्स
तीरंदाजी एशिया कप में भारत को आठ स्वर्ण

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 183
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 12 मई, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



डिजिटल मनोरंजन के क्षेत्र में कदम रखेंगी सोनाली बेंद्रे
राष्ट्रीय-9

# राजद्रोह कानून में नया केस दर्ज करने पर रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा

- देश में नागरिक स्वतंत्रता के हितों को राज्य के हितों के साथ संतुलित करने की जरूरत
- राजद्रोह कानून का पुनः अध्ययन होने तक किसी भी लंबित मामले में कार्रवाई नहीं होगी

**उच्चतम** न्यायालय ने देशभर में राजद्रोह के मामलों में सभी कार्यवाहियों पर बुधवार को तब तक के लिए रोक लगा दी, जब तक कोई उचित सरकारी मंच इसका पुनः अध्ययन नहीं कर लेता। शीर्ष अदालत ने केंद्र एवं राज्यों को निर्देश दिया कि राजद्रोह के आरोप में कोई नई प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाए। प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने व्यवस्था दी कि प्राथमिकी दर्ज कराने के अलावा, देशभर में राजद्रोह संबंधी कानून के तहत चल रही जांचों, लंबित मुकदमों और सभी कार्यवाहियों पर भी रोक रहेगी।

शीर्ष अदालत ने मामले को जुलाई के तीसरे सप्ताह के लिए सूचीबद्ध किया और कहा कि उसके सभी निर्देश तब तक लागू रहेंगे। पीठ ने कहा कि देश में नागरिक स्वतंत्रता के हितों और नागरिकों के हितों को राज्य के हितों के साथ संतुलित करने की जरूरत है। पीठ ने कहा कि यह अदालत एक तरफ देश के सुरक्षा हितों और अखंडता से अवगत है, तो दूसरी तरफ उसे नागरिक स्वतंत्रताओं और नागरिकों का भी ध्यान है। दोनों के बीच संतुलन की जरूरत है जो कठिन काम है। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ताओं का पक्ष है कि कानून का यह प्रावधान संविधान की रचना से पहले का है और इसका दुरुपयोग किया जा रहा है। राजद्रोह में भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए के तहत अधिकतम सजा उम्रकैद का प्रावधान है। इसे देश की स्वतंत्रता के 57 साल पहले तथा आईपीसी बनने के लगभग 30 साल बाद, 1890 में दंड संहिता में शामिल किया गया था। आजादी से पहले के कालखंड में बाल गंगाधर तिलक और महात्मा गांधी जैसे स्वतंत्रता सेनानियों के खिलाफ प्रावधान का इस्तेमाल किया गया। पिछले कुछ सालों में इस तरह के मामले बढ़े हैं। महाराष्ट्र से सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा, लेखिका अरुंधति रॉय, छात्र कार्यकर्ता उमर खालिद और



पत्रकार सिद्दीक कप्पन समेत अन्य पर इस प्रावधान के तहत आरोप दर्ज किए गए। प्रधान न्यायाधीश रमण ने आदेश लिखते हुए अटॉर्नी जनरल द्वारा पहले हनुमान चालीसा पाठ करने के मामले जैसे विषयों में इस प्रावधान के दुरुपयोग के उदाहरण दिए जाने का संदर्भ दिया।

केंद्र की चिंताओं का संज्ञान लेते हुए शीर्ष अदालत ने कहा, आईपीसी की धारा 124ए (राजद्रोह) की कठोरता मौजूदा सामाजिक परिवेश के अनुरूप नहीं है। उसने कहा कि हम अपेक्षा करते हैं कि इस प्रावधान का पुनः अध्ययन पूरा होने तक सरकारों द्वारा कानून के उक्त प्रावधान का उपयोग जारी नहीं रखना उचित होगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि किसी प्रभावित पक्ष को संबंधित अदालतों में जाने की स्वतंत्रता है और अदालतों से अनुरोध है कि मौजूदा आदेश पर विचार करते हुए राहत की अर्जियों पर विचार करें। आदेश में केंद्र के हलफनामे का जिक्र किया गया जिसमें स्वीकार किया गया है कि कानून पर विविध विचार हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नागरिक स्वतंत्रताओं के संरक्षण तथा मानवाधिकारों के सम्मान की वकालत करने का भी हवाला दिया गया है। पीठ ने कहा कि उपरोक्त के मद्देनजर, यह स्पष्ट है कि भारत सरकार इस अदालत द्वारा व्यक्त की गई प्रथमदृष्टया राय से सहमत है। इस दृष्टि से भारत सरकार कानून के उक्त प्रावधान पर पुनर्विचार कर सकती है। शीर्ष अदालत के आदेश में कहा गया कि कुछ याचिकाकर्ताओं को दिया गया अंतरिम स्थगनादेश अगले आदेश तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि आईपीसी की धारा 124ए के तहत तय आरोपों के संबंध में सभी लंबित मुकदमों, अपीलों और कार्यवाहियों पर रोक रहेगी। अन्य धाराओं के संबंध में निर्णय ( शेष पेज 8 )

## कई बड़े मामलों की जांच पर पड़ेगा असर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राजद्रोह** कानून के तहत प्राथमिकियां दर्ज करने, चल रही जांच और अन्य कार्यवाहियों पर रोक लगाने के उच्चतम न्यायालय के फैसले के मद्देनजर सभी की नजरें इस ब्रिटिश कालीन कानून के तहत दर्ज कुछ बड़े मामलों के भविष्य पर टिकी हैं। एनसीआरबी रिपोर्ट के अनुसार 2015 से 2020 के बीच देश में आईपीसी की धारा 124ए के तहत कुल 356 मामले दर्ज किए गए और 548 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से केवल छह को दोषी करार दिया जा सका। बेंगलुरु की 21 वर्षीय पर्यावरण कार्यकर्ता दिशा रवि पर तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के प्रदर्शन पर कथित टूलकिट बनाने और फैलाने के मामले में राजद्रोह में गिरफ्तार किया था। इसमें स्वीडन की पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग ने तीन फरवरी, 2021 को टूलकिट ट्वीट किया ( शेष पेज 8 )

# वैवाहिक बलात्कार को अपराध घोषित करने पर खंडित फैसला

- दिल्ली उच्च न्यायालय ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर करने की दी छूट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने वैवाहिक बलात्कार को अपराध घोषित करने के मामले में बुधवार को खंडित निर्णय सुनाया है। अदालत के एक न्यायाधीश ने इस प्रावधान को समाप्त करने का समर्थन किया, जबकि दूसरे न्यायाधीश ने कहा कि यह असंवैधानिक नहीं है। खंडपीठ ने पक्षकारों को उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर करने की छूट दी।

खंडपीठ की अगुवाई कर रहे न्यायमूर्ति राजीव शकधर ने वैवाहिक बलात्कार के अपवाद को समाप्त करने का समर्थन किया, जबकि न्यायमूर्ति सी. हरिशंकर ने कहा कि भारतीय दंड संहिता के तहत प्रदत्त यह अपवाद असंवैधानिक नहीं हैं और संबंधित अंतर सरलता से समझ में आने वाला है। याचिकाकर्ताओं ने भारतीय दंड संहिता की धारा 375 (बलात्कार) के तहत वैवाहिक बलात्कार के अपवाद की संवैधानिकता को इस आधार पर चुनौती दी थी कि यह अपवाद उन विवाहित महिलाओं के साथ भेदभाव करता है, जिनका उनके पतियों द्वारा यौन उत्पीड़न किया जाता है। इस अपवाद के अनुसार, यदि पत्नी नाबालिग नहीं है, तो उसके पति का उसके साथ यौन संबंध बनाना या यौन कृत्य करना बलात्कार की श्रेणी में नहीं आता। न्यायमूर्ति शकधर ने निर्णय सुनाते हुए कहा कि जहां तक मेरी बात है, तो विवादित प्रावधान-- धारा 375 का अपवाद दो- संविधान के अनुच्छेद 14 (कानून के समक्ष समानता), 15 (धर्म, नस्ल, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव का निषेध), 19 (1) (ए) (वाक और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार) और 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) का उल्लंघन हैं और इसलिए इन्हें समाप्त किया जाता है। न्यायमूर्ति शकधर ने कहा कि उनकी घोषणा निर्णय सुनाए जाने की तारीख से प्रभावी होगी। बहरहाल, न्यायमूर्ति शंकर ने कहा, मैं अपने विद्वान भाई से सहमत नहीं हो पा रहा हूं। उन्होंने कहा कि ए प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 14, 19 (1) (ए) और 21 का उल्लंघन नहीं करते। उन्होंने कहा कि अदालतें लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित विधायिका के दृष्टिकोण के स्थान पर अपने व्यक्तिपरक निर्णय को प्रतिस्थापित नहीं कर सकतीं और यह अपवाद आसानी से समझ में आने वाले संबंधित अंतर पर आधारित है।

उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ताओं द्वारा इन प्रावधानों को दी गई चुनौती को बरकरार नहीं रखा जा सकता। अदालत का फैसला गैर सरकारी संगठनों आरआईटी फाउंडेशन, ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक वीमेन्स एसोसिएशन, एक पुरुष और एक महिला द्वारा दायर जनहित याचिकाओं पर आया, जिसमें बलात्कार कानून के तहत पतियों को अपवाद माने जाने को खत्म करने का अनुरोध किया गया। केंद्र ने 2017 के अपने हलफनामे में दलीलों का विरोध करते हुए कहा ( शेष पेज 8 )


# मोदी ने सरकार व संगठन को किया मजबूत: शाह

- केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा- प्रधानमंत्री हर क्षेत्र और वर्ग के लोकप्रिय नेता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के हर क्षेत्र और हर वर्ग के लोकप्रिय नेता हैं, उन्होंने सरकार के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संगठन को भी मजबूती प्रदान की। शाह ने कहा कि देश की जनता को प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व पर पूरा भरोसा है और वे दिल से उन्हें प्यार भी करते हैं। शाह ने यह बात 'मोदी-20 : ड्रीम्स मीट डिलीवरी' पुस्तक के विमोचन के अवसर पर अपने संबोधन में कही।

उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने इस पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर विदेश मंत्री एस जयशंकर, कई केंद्रीय मंत्री, सांसद व वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) देश के हर गली व नुक्कड़ तक पहुंच गई और उसने उन सभी मिथकों को तोड़ दिया कि भाजपा सिर्फ हिंदी भाषी लोगों की पार्टी है, उसका प्रभाव सिर्फ शहरी क्षेत्रों में है और वह किसानों की पार्टी नहीं है। उन्होंने कहा ( शेष पेज 8 )




'मोदी-20 : ड्रीम्स मीट डिलीवरी' पुस्तक का विमोचन करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

## पुस्तक में मोदी के बीस साल का राजनीतिक जीवन

**यह** पुस्तक पीएम मोदी के पिछले 20 वर्षों के राजनीतिक जीवन को दर्शाती है, जिसमें गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल से लेकर भारत के प्रधानमंत्री बनने तक का ब्यौरा शामिल हैं और इसे उद्योग और राजनीति के ( शेष पेज 8 )

## देश की विभूतियों ने किया योगदान

**पुस्तक** में योगदान देने वालों में सुधा मूर्ति, सद्गुरु, नंदन नीलेकणी, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, दिवंगत महान गायिका लता मंगेशकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, उद्योगपति उदय कोटक, अभिनेता अनुपम खेर, ( शेष पेज 8 )

# झारखंड की खनन सचिव पूजा सिंघल गिरफ्तार

**भाषा।** रांची

**झारखंड** की खनन सचिव पूजा सिंघल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने खूंटी में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) निधि के कथित गबन और अन्य संदिग्ध वित्तीय लेन देन के मामले में बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की 2000-बैच की अधिकारी को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की प्रासंगिक धाराओं के तहत ईडी ने लगातार दो दिन की पूछताछ के बाद हिरासत में लिया।

सूत्रों ने दावा किया कि सिंघल जवाब देने में टालमटोल कर रही थीं जिसके चलते उन्हें गिरफ्तार किया गया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) सिंघल को चिकित्सा जांच के लिए ले गया और उम्मीद है कि उन्हें यहां की एक अदालत में पेश कर रिमांड की मांग की जाएगी। अधिकारी दूसरे दिन पूछताछ के लिए पूर्वाह्न करीब 10 बजकर 40 मिनट पर रांची के हिनू



इलाके में एजेंसी के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचीं थीं और शाम करीब पांच बजे उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

इससे पहले मंगलवार को भी सिंघल करीब नौ घंटे तक ईडी दफ्तर में थीं जहां उनका बयान दर्ज किया गया था। सूत्रों ने कहा कि कम से कम तीन मौकों पर उनके कारोबारी पति अभिषेक झा का बयान भी मामले में दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार इस विषय में जो भी कानूनी कार्वाई करनी होगी, वह शुरू ( शेष पेज 8 )

# बेहतर प्रदर्शन न करने पर रेलवे ने शीर्ष 20 अफसरों को हटाया

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली

**एक** अभूतपूर्व कदम उठाते हुए भारतीय रेलवे ने बुधवार को आठ संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारियों और शीर्ष इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल इंजीनियरों सहित शीर्ष 20 अधिकारियों को सेवा से हटा दिया है। इसके साथ ही पिछले 10 महीनों में लगभग 100 शीर्ष स्तर के अधिकारियों को या तो बर्खास्त किया गया है या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति सेवाओं (वीआरएस) का विकल्प चुनने के लिए मजबूर किया गया है। इनमें सचिव स्तर के तीन अधिकारी भी शामिल हैं। जहां एक महाप्रबंधक रैंक के अधिकारी को मंगलवार को सेवा से सम्मानजनक तरीके से बाहर निकलने के लिए वीआरएस का विकल्प चुनने की सलाह दी गई, वहीं देश के सबसे बड़े नियोक्ता ने उन शीर्ष 20 अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया, जिनके खिलाफ प्रतिकूल सतर्कता रिपोर्ट थी। रेलवे ने कार्मिक और प्रशिक्षण सेवा नियमों के विभाग के नियम 56 (जे) के तहत यह कार्रवाई की ( शेष पेज 8 )

# भारत अपने सैनिकों को नहीं भेजेगा श्रीलंका

- कोलंबो स्थित भारतीय मिशन ने इन अटकलों को सिरे से किया खारिज
- कहा-द्वीपीय देश के लोकतंत्र, स्थिरता व आर्थिक सुधार का भारत करता है समर्थन

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/कोलंबो

**भारतीय** उच्चायोग ने बुधवार को इन अटकलों को सिरे से खारिज कर दिया कि भारत अपने सैनिकों को श्रीलंका भेजेगा। साथ ही उच्चायोग ने कहा कि द्वीपीय देश के लोकतंत्र, स्थिरता तथा आर्थिक सुधार का भारत पूरी तरह से समर्थन करता है।

श्रीलंका 1948 में ब्रिटेन से आजाद होने के बाद से सबसे खराब आर्थिक संकट से जूझ रहा है। देश में विदेशी मुद्रा की भारी कमी हो गई है, जिससे वह खाद्य पदार्थों और ईंधन के आयात के लिए भुगतान नहीं कर पा रहा है। इस ( शेष पेज 8 )

## महिंदा राजपक्षे नौसेना अड्डे पर सुरक्षा घेरे में

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे को त्रिंकोमाली स्थित नौसेना अड्डे पर ले जाया गया है जहां वह सुरक्षा घेरे में हैं। रक्षा मंत्रालय के सचिव कमल गुणरत्ने ने बुधवार को यह जानकारी दी। देश में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा बल बख्तरबंद वाहनों में गश्त लगा रहे हैं। श्रीलंका के रक्षा मंत्रालय ने सेना, वायुसेना और नौसेना कर्मियों को सार्वजनिक संपत्तियों को लूटने या दूसरों को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति को गोली मारने का मंगलवार को आदेश दिया था। श्रीलंका अब तक के सबसे खराब आर्थिक संकट से गुजर रहा है। इससे निपटने में सरकार की विफलता को लेकर देशव्यापी विरोध प्रदर्शन ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 54,088 | ↓ 276 |
| निफ्टी | 16,167 | ↓ 72 |
| सोना | 50,646 | ↓ 231 /10g |
| चांदी | 60,929 | ↓ 287 /kg |

## क्विक न्यूज

### ज्ञानवापी परिसर सर्वेक्षण प्रकरण में निर्णय आज

**वाराणसी।** वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद के अंदर वीडियोग्राफी-सर्वे कराए जाने और इसके लिए नियुक्त एडवोकेट कमिश्नर को बदलने के आग्रह सम्बन्धी मामलों में स्थानीय अदालत बृहस्पतिवार अपराह्न 12 बजे के बाद फैसला सुनाएगी। हिंदू पक्ष के वकील शिवम गौर ने मामले की सुनवाई के बाद बताया कि सिविल जज (सीनियर डिवीजन) रवि कुमार दिवाकर की अदालत में ज्ञानवापी परिसर में बैरिकेडिंग के अंदर स्थित दो तहखाने खुलवाकर उनकी वीडियोग्राफी कराने और एडवोकेट कमिश्नर को बदलने को लेकर दोनों पक्षों ने अपने-अपने तर्क रखे। एडवोकेट कमिश्नर अजय मिश्रा ने भी अपना पक्ष रखा है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला बृहस्पतिवार 12 बजे तक के लिए सुरक्षित रख लिया है।

# उप्र के डीजीपी गोयल हटाए गए

- नए डीजीपी की घोषणा होने तक एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार संभालेंगे पदभार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार ने प्रदेश के डीजीपी मुकुल गोयल को पद से हटा दिया है। उन्हें शासकीय कार्यों की अवहेलना करने, विभागीय कार्यों में रुचि नहीं लेने और अकर्मण्यता के चलते डीजीपी के पद से कार्यमुक्त कर डीजी नागरिक सुरक्षा पद की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। गृह विभाग के सूत्रों का कहना है कि मुकुल गोयल की कार्यप्रणाली से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पिछले काफी दिनों से नाखुश चल रहे थे।

यही वजह है कि शासन की अहम समीक्षा व प्रेस कांफ्रेंस में पिछले कई दिनों से अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी



के साथ डीजीपी मुकुल गोयल की बजाए एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार दिखाई पड़ रहे थे। प्रदेश में नए डीजीपी की तैनाती तक सरकार ने यूपी पुलिस का प्रभार एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार को ही सौंप दिया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव घोषित होने से छह महीने पहले 30 जून 2021 को वर्ष 1987 बैच के आईपीएस अधिकारी मुकुल गोयल को प्रतिनियुक्ति से वापस लाकर यूपी का नया डीजीपी बनाया गया था।

वह उस समय बीएसएफ में एडीजी आपरेशंस के पद पर तैनात थे। मुकुल गोयल ने 2 जुलाई 2021 को डीजीपी पद पर कार्यभार संभाला था। मुकुल ( शेष पेज 8 )

# आंबेडकर विवि के बनेंगे दो नए कैंपस, बढ़ेंगी 26,000 सीटें

- रोहिणी और धीरपुर में बनने वाले कैंपस के लिए उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने दी मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आंबेडकर** विश्वविद्यालय के दो नए कैंपस रोहिणी और धीरपुर में बनेंगे। दोनों परिसर में विभिन्न कोर्सों में 26 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं को दाखिला मिलेगा। दोनों परिसर बन जाने के बाद इस विश्वविद्यालय में कुल 30 हजार से अधिक छात्र पढ़ाई कर सकेंगे। अभी छात्र-छात्राओं की संख्या यहां चार हजार है।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दोनों परियोजनाओं के लिए 2306.58 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की है। दिल्ली सरकार बाबा साहब डॉ. आंबेडकर के सपने को पूरा करते हुए अत्याधुनिक शिक्षा ढांचा तैयार कर



धीरपुर कैंपस



रोहिणी कैंपस

रही है, ताकि हर छात्र को अच्छी शिक्षा मुहैया कराने पर ध्यान दिया जा सके। इस दिशा में उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने आंबेडकर विश्वविद्यालय के रोहिणी और धीरपुर परिसर के लिए विश्व स्तरीय आधारभूत ढांचा तैयार करने के 2306.58 करोड़ रुपये लागत के परियोजना को एक्सपेंडिचर फाइनेंस कमिटी की बैठक में मंजूरी दी।

इस मौके पर सिसोदिया ने कहा कि उनकी सरकार ऐसे इनोवेटिव एजुकेशनल स्पेस तैयार करने पर फोकस कर रही है, जो छात्रों को बेहतर ढंग से सीखने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकें। दोनों परिसर में सभी शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएगी। मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली में हर साल करीब 2.5 लाख बच्चे 12वीं कक्षा पास करते हैं, लेकिन प्रतिभा और क्षमता होने के बावजूद इनमें ( शेष पेज 8 )

## कितनी आएगी लागत

**रोहिणी** कैंपस को 1107.56 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा। यह कैंपस 40 एकड़ में फैला होगा और यहां 10 हजार से अधिक सीट्स होंगी। वहीं, धीरपुर कैंपस 1199.02 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जाएगा। इस कैंपस का क्षेत्रफल 49 एकड़ होगा और यहां 16 हजार से अधिक छात्र विभिन्न कोर्सेज में दाखिला ले पाएंगे।

## कैंपस में मौजूद सुविधाएं

**दो** परिसरों में ऑडिटोरियम, कन्वेंशन सेंटर, रिसर्च सेंटर, सेमिनार व सम्मेलन कक्ष, लाइब्रेरी, कैंटीन, स्टूडेंट्स सेंटर, इंडोर व आउटडोर स्पोर्ट्स फैसिलिटीज, गेस्टहाउस, हेल्थ-सेंटर, डिस्प्ले व परफोर्मेंस एरिया, यूटिलिटी फैसिलिटीज, क्रेच की सुविधा होगी। इसके अलावा ये दोनों परिसर स्टेट-ऑफ-आर्ट एनर्जी एफिशिएंट सुविधा से लैस होंगे। जीआरआईएचए-5 स्टार रेटिंग मान्यता के साथ सेल्फ-सस्टेनेबल नेट जीरो एनर्जी कैंपस होंगे।

# भूमाफिया पर सख्ती, डीएम को भेजी सूची

● सूची में 6 कम्पनियों के मालिक भी शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के नए मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने कार्यभार संभालते ही मातहत अफसरों को आदेश दिया था कि भूमाफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

उन्होंने यह भी कहा था कि अगर कोई अधिकारी या कर्मचारी भूमाफिया से मिलीभगत करता पकड़ा गया तो उसे भी भूमाफिया घोषित कर दिया जाएगा। सुरेंद्र सिंह ने कड़े आदेश जारी किए थे। उन्होंने भूमाफियाओं को चिन्हित करके लिस्ट मांगी थी। कहा था, अगर कोई भूमाफिया छूटा तो उसकी जिम्मेदारी सूची बनाने वाले अफसरों की होगी।

सीईओ का कड़ा रुख देखकर प्राधिकरण अधिकारियों ने ऐसे तमाम भूमाफियाओं की सूची तैयार की है, जिन्होंने ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण की अधिग्रहित जमीन पर कब्जा करके अवैध निर्माण किया है। अधिसूचित क्षेत्रों में कृषि भूमि पर अवैध निर्माण किया है। अवैध फ्लैट और विला बनाकर बेचे हैं। इतना ही नहीं इन भूमाफियाओं ने बड़े पैमाने पर फ्लोटिंग और कोलोनाइजेशन भी किया है। विकास प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी दीपचंद्र की ओर से जिला प्रशासन को ऐसे 60 लोगों की एक लिस्ट भेजी गई है। इन सभी लोगों को भूमाफिया घोषित करने की मांग अथॉरिटी ने की है।

जिला प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक अगले एक या दो दिनों में इन सारे लोगों को भूमाफिया घोषित कर दिया जाएगा। खास बात यह है कि इस सूची में छह कंपनियों के डायरेक्टर भी शामिल हैं। ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी की ओर से गौतमबुद्ध नगर के अपर जिलाधिकारी प्रशासन को भेजी गई रिपोर्ट और सिफारिश में बताया गया है कि इन लोगों ने ईकोटेक-3, बिसरख, बादलपुर और सूरजपुर थानाक्षेत्रों में अवैध निर्माण किए हैं। इन लोगों और कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर किए गए अवैध निर्माण की वजह से शहर का नियोजित विकास बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इतना ही नहीं इन तमाम लोगों ने जनता के साथ धोखाधड़ी की है। अवैध फ्लैट, प्लॉट और विला बनाकर बेचे हैं। जिससे हजारों लोगों की जीवन भर की गाढ़ी कमाई बर्बाद हो गई है।

## संपत्तियां होगी सीजः जिलाधिकारी



प्राधिकरण की ओर से जिला प्रशासन को बताया गया है कि यह सारे कॉलोनाइजर भोले-भाले लोगों को ठग रहे हैं। आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होकर संपत्ति अर्जित कर रहे हैं। इन सभी के खिलाफ भूमाफिया अधिनियम के तहत कार्यवाही करने की मांग की गई है। इस पूरे मामले पर गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी सुहास एलवाई का कहना है, पिछले सप्ताह एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स की बैठक हुई थी। जिसमें ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण से ऐसे सारे लोगों की सूची मांगी गई थी, जो अवैध गतिविधियों में संलिप्त हैं। सरकारी और गैर सरकारी जमीनों पर कब्जा करके अवैध निर्माण कर रहे हैं। अगले एक या दो दिन में एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स की बैठक दोबारा होगी। उसमें इन सभी को भूमाफिया घोषित कर दिया जाएगा। इन लोगों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। इनकी संपत्तियां सीज की जाएंगी। अवैध निर्माण पर एक्शन होगा।

## अवैध फ्लैट बेचकर गाढ़ी कमाई लूट रहे आठ कॉलोनाइजर पर केस दर्ज

**नोएडा।** भूमाफिओं के खिलाफ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती का असर गौतमबुद्ध नगर में नजर आ रहा है।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में अवैध फ्लैट बनाकर बेच रहे 8 कॉलोनाइजर पर गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने एफ आईआर दर्ज की है। इन लोगों पर आरोप है कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट के नॉलेज पार्क-4 क्षेत्र में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित भूमि पर बड़े पैमाने का अवैध निर्माण किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में नॉलेज पार्क-4 वैदपुरा गांव स्थित जमीन पर बड़े स्तर का अवैध निर्माण किया गया है। इसके चलते अब इस मामले में मैसर्स बीआरडी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक जितेंद्र कुमार समेत आठ लोगों पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आम आदमी से धोखाधड़ी करने और अवैध निर्माण करने की धाराओं में केस दर्ज किया है।

## संक्षिप्त समाचार




गंगा शॉपिंग परिसर में मीडिया से जानकारी साझा करते अधिकारी।

### ई-स्टोर इंडिया ने किया रियल एस्टेट में प्रवेश

**नोएडा।** ई स्टोर इंडिया अब विस्तारीकरण योजना के तहत ग्रेटर नोएडा में जय भारत माल शुभारंभ करने जा रहा है। यह जानकारी स्टोर इंडिया कंपनी के निदेशक मुकेश त्यागी ने दी है। सेक्टर 29 स्थित गंगा शॉपिंग परिसर के नोएडा मीडिया क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया की जय भारत मॉल का निर्माण तकरीबन पूरा हो चुका है तथा शीघ्र इसे चालू किया जाएगा। उन्होंने बताया की ग्रेटर नोएडा स्थित जय भारत उनका पहला मॉल है तथा शीघ्र ही पूरे देश में इस तरह के 50 से अधिक मॉल बनाई जाएंगे। इन सभी को सेंट्रलाइज्ड मार्केट प्लेस की तरह तैयार किया गया। ई. स्टोर इंडिया के पूरे देश में करीब 700 रिटेल शॉप है जहां पर रोशनी के सभी तरह के आइटम उचित मूल्य पर बिक्री होते हैं। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मुकेश त्यागी ने बताया की कंपनी की स्थापना 2014 में हुई थी। नोएडा के सेक्टर 116 में भी कंपनी ने 5 वर्ष पूर्व स्टोर खोला था। इन स्टोर में हर आइटम की खरीद पर चार फीस दी छूट दी जाती है तथा कुछ आइटम में इससे भी अधिक का डिस्काउंट दिया जाता है। कंपनी रियल एस्टेट के व्यापार में प्रवेश कर रही है इसके तहत ग्रेटर नोएडा में पहला जय भारत मॉल शुरू किया जा रहा है।

### सहकर्मी पर दर्ज कराया दुष्कर्म का मुकदमा

**नोएडा।** एक युवती ने अपने सहकर्मी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। बुधवार को युवती फेस-1 थाने पहुंची। युवती का आरोप है कि पहले उसके साथ शादी का वादा किया। फिर उसके साथ काफी समय तक शारीरिक सम्बन्ध बनाए और अब शादी करने से इंकार कर रहा है। युवती ने पुलिस को बताया कि शारीरिक सम्बन्ध बनाते समय आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली थी, जिसके माध्यम आरोपी उसको ब्लैकमेल कर रहा है। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। गौतमबुद्ध नगर की महिला सुरक्षा डीसीपी बृंदा शुक्ला ने बताया कि युवती की अरुण यादव नामक युवक से वर्ष 2017 में उसकी दोस्ती हुई। इस मामले में पुलिस ने फेस.1 थाने में अरुण यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि अभी आरोपी फरार है। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

### छात्रों में चाकूबाजी, तीन लहूलुहान, गिरफ्तार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क में छात्रों के बीच चाकूबाजी हो गई। मामला गर्लफ्रेंड से बातचीत को लेकर बिगड़ा। नालेज पार्क कोतवाली क्षेत्र में स्थित एनआईईटी कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र सुधांशु शेखर ने अपने कॉलेज के तीन अन्य छात्रों को चाकू से लहूलुहान कर दिया। तीनों छात्रों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। एक छात्र की गर्दन पर 7 बार बार किया गया। सुधांशु नाम के छात्र ने शाम एक्सपोमार्ट के पीछे स्थित पार्क में चाकू मारकर घायल कर दिया। सुधांशु इस बात से नाराज था कि कॉलेज के छात्र उसकी महिला मित्र से बात क्यों करते हैं।

### नेपाली गिरोह के पांच बदमाश पकड़े

**गाजियाबाद।** रामप्रस्थ कालोनी में दो युवकों को नशे की गोलियां खिलाकर चोरी करने वाले गिरोह के पांच बदमाश को लिक रोड पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए चोर कपड़ा कारोबारी के दो बेटों को बेहोश कर घर से गहने नकदी व मोबाइल लेकर फरार हो गए थे। आरोपितों में पकड़े गए घरेलू सहायक समेत तीन लोग नेपाल के हैं। एसपी सिटी द्वितीय ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि कपड़ा कारोबार करने वाले अजय शर्मा परिवार के साथ रामप्रस्थ कालोनी में रहते हैं। सोमवार को वह पत्नी के साथ आगरा चले गए थे। घर पर नेपाल का रहने वाला घरेलू सहायक कृष्ण उर्फ किशन और उनके दोनों बेटे 21 वर्षीय सौरभ और 18 वर्षीय रिषी घर पर थे। उन्होंने नशे की 11 गोलियां सौरभ और रिषी को खिला दी, जिससे वे बेहोश हो गए। इसके बाद नगदी लेकर फरार हो गए।

# राशन की दुकानों पर सिर्फ 5 रुपए में असीमित वाईफाई

**पायनियर समचार सेवा।** नोएडा

प्रधानमंत्री वाईफाई एक्सेस इंटरफेस पीएम वाणी योजना के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में सस्ती दर पर सुविधा मिलेगी। इस संबंध में जिला आपूर्ति विभाग ने कलेक्ट्रेट के सभागार में ब्राडबैंड सेवा दाता के साथ बैठक की है।

साथ ही राशन डीलरों को भी इस संबंध में प्रशिक्षण दिया। योजना के तहत सिर्फ 5 रुपए में 24 घंटे अनलिमिटेड वाईफाई का इस्तेमाल किया जा सकता है। जिला पूर्ति अधिकारी चमन शर्मा ने बताया कि जिले में राशन वितरण की 367 दुकानें हैं। सभी दुकानों पर योजना के तहत वाईफाई की सुविधा देने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में ब्राडबैंड सेवा दाताओं के साथ बैठक की गई। कंपनियों से इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराने पर वार्ता चल रही है। वाईफाई वितरण की जिम्मेदारी राशन डीलरों को देने में प्राथमिकता बरती जाएगी।

दुकान की परिधि में 200 मीटर तक वाईफाई चलेगा। अगर इससे बाहर लोगों को भी वाईफाई की जरूरत होगी तो राशन डीलर और मशीन लगा सकता है। पांच रुपये में 24 घंटे तक वाईफाई की अनुमति दी जाएगी।

**PUBLIC NOTICE**

My client, Harish Sethi, who is a registered owner of First Floor of property bearing no. 14/23, situated at abadi of JheelKuranja, Geeta Colony, Delhi-31, INDIA vide Registered Relinquishment Deed dated 13.02.2017. Relinquishment Deed executed by (1) Sh. Ramesh Kumar, (2) Sh. Rajender Kumar Sethi both S/o Late Sh. Krishan Lal Sethi, (3) Smt. Neelam Kumari W/o Sh. Prem Kumar, (4) Smt. Sunita W/o Sh. Gobind Parkash Girotra and (5) Smt. Ram Pyari W/o late Sh. Krishan Lal Sethi in favour of Sh. Harish Sethi S/o late Sh. Krishan Lal Sethi via document number 745 on 22/02/2017. The said property is under sale which is going to be mortgaged with IIFL Home Finance Limited by the purchaser. Any person/bank/financial institution having any claim/right, lien any objection whatsoever in regard to above property, should notified to the undersigned/Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered A/D within 15 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.

**Vishal Mehan (Advocate)**
**E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092**
**Mobile No. 9811215181**

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री संजय अरोड़ा पुत्र स्वर्गीय श्री श्याम लाल ने मालवीय नगर, नई दिल्ली-110017 में स्थित एक फ्रीहोल्ड संपूर्ण निर्मित संपत्ति संख्या जी-6/13, 126 वर्ग गज की भूमि के भूखंड पर बनाया गया, पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 31.08.2019 के माध्यम से मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता हैं कि श्री राज कुमार भाटी उपरोक्त संपत्ति को श्री संजय अरोड़ा पुत्र स्वर्गीय श्री श्याम लाल से एक पंजीकृत बिक्री विलेख के माध्यम से खरीद रहे हैं। आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

**श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता,**
**एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)**
**यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78,**
**सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301**
**ईमेल: sgassociatespl@gmail.com**
**फोन : 7011172764, 8130200837**

**PUBLIC NOTICE FOR LOST OF DOCUMENTS**

To be known to all that I, Monika Singh d/o late Sh. Sarvan Kumar Sethi, R/o. A-10/310, Sahara Grace Apartment, M. G. Road, Gurgaon-122002 joint owner of commercial Plot No.1, Pkt.- 7, Sector-B (NH Plot), LSC, Vasant Kunj, New Delhi has applied for conversion of the aforesaid Plot from leasehold to freehold online through IDLI portal in DDA. That the original perpetual Lease Deed of the above property have been lost, An FIR Vide LR No: 236973/2022 against this effect has been lodged in P.S. Crime Branch Delhi.

Any persons claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents may write contact with above named person at above address/phone No. 9810904704 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property, can personally inform or write to Dy. Director (CL) or Director (CL), A-Block, 1st floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi-110023.

**AXIS BANK LTD.**

**स्वर्ण आभूषणों के रूप में बंधक आस्तियों की ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना**

कर्जदारों को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि एक्सिस बैंक द्वारा नीचे वर्णित खातों में बंधक स्वर्ण आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी नीचे वर्णित शाखाओं में की जानी प्रस्तावित है। नीचे वर्णित कर्जदारो ने बैंक के पक्ष में स्वर्ण आभूषण बतौर प्रतिभूति बंधक रखकर एक्सिस बैंक से क्रेडिट सुविधा ("स्वर्ण ऋण सुविधा") प्राप्त की है। कर्जदारों/गारंटरों को मांग सूचनाएं जारी की गई थीं, जिनमें कर्जदारों/गारंटरों से उनके द्वारा प्राप्त की गई स्वर्ण ऋण सुविधा के संबंध में बकाया राशि चुकाने की मांग की गई थी। जबकि कर्जदार/गारंटर बकाया ऋण राशि चुकाने में असफल रहे हैं, बैंक बंधक का आह्वान करने हेतु बाध्य है तथा बंधक स्वर्ण आभूषणों, जिनका अधिक विशिष्ट वर्णन यहां नीचे सम्पत्ति की अनुसूची में किया गया है, की ई-नीलामी दिनांक 23-05-2022 को अप. 12.30 बजे से अप. 3.30 बजे तक "जैसा है जहां है", जो है जैसा है", जो है वहां है" और "कोई उपाय नहीं आधार" पर संचालित की जानी प्रस्तावित है।

कर्जदारो और बकाया राशि का विस्तृत विवरण

| शाखा का नाम | ग्राहक का नाम | ऋण खाता संख्या | बकाया राशि | प्रत्याह्वान की तिथि | सकल भार |
|---|---|---|---|---|---|
| शाखा का नाम : फरीदाबाद (एचआर) | | | | | |
| फरीदाबाद (एचआर) | अमर जीत | XXXXXXXXXXX5657 | 112112 | 22-06-21 | 28.50 |
| फरीदाबाद (एचआर) | प्रेम वती | XXXXXXXXXXX2088 | 32345 | 24-06-21 | 11.10 |
| शाखा का नाम : गाजियाबाद (यूपी) | | | | | |
| गाजियाबाद (यूपी) | मोहम्मद शाहिद | XXXXXXXXXXX9929 | 186042 | 07-01-22 | 67.30 |
| शाखा का नाम : ज्योति नगर डीईएल डीएल | | | | | |
| ज्योति नगर डीईएल डीएल | अमित कुमार शर्मा | XXXXXXXXXXX8487 | 57528 | 24-03-22 | 5.00 |
| ज्योति नगर डीईएल डीएल | रोमा | XXXXXXXXXXX3938 | 387947 | 07-01-22 | 156.50 |
| शाखा का नाम : काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| काल्काजी, नई दिल्ली (डीएल) | मुकेश कुमार | XXXXXXXXXXX5675 | 379265 | 24-03-22 | 35.80 |
| शाखा का नाम : लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | मंगल रतन कश्यप | XXXXXXXXXXX1834 | 84515 | 30-03-22 | 14.00 |
| लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | ओम प्रकाश रॉय | XXXXXXXXXXX6948 | 61374 | 15-02-21 | 20.20 |
| लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | विजय चौधरी | XXXXXXXXXXX9433 | 52143 | 07-01-22 | 20.10 |
| लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | योगेन्द्र कुमार | XXXXXXXXXXX1341 | 47748 | 23-11-21 | 26.20 |
| लाजपत नगर, नई दिल्ली (डीएल) | अंकुश शर्मा | XXXXXXXXXXX7898 | 28579 | 30-03-22 | 7.50 |
| शाखा का नाम : मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| मयूर विहार, नई दिल्ली (डीएल) | प्रियंका यादव | XXXXXXXXXXX5554 | 159680 | 30-03-22 | 19.40 |
| शाखा का नाम : मीरा बाग, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| मीरा बाग, नई दिल्ली (डीएल) | अर्चना | XXXXXXXXXXX6925 | 150675 | 05-02-22 | 99.90 |
| शाखा का नाम : न्यू फ्रेंड्स कालोनी, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| न्यू फ्रेंड्स कालोनी, नई दिल्ली (डीएल) | मुरली कुमार झा | XXXXXXXXXXX8746 | 146222 | 05-02-22 | 52.70 |
| शाखा का नाम : नोएडा (यूपी) | | | | | |
| नोएडा (यूपी) | अभय राज मिश्रा | XXXXXXXXXXX6156 | 158239 | 07-01-22 | 61.70 |
| नोएडा (यूपी) | राम कुमार चौधरी | XXXXXXXXXXX6929 | 74299 | 24-01-22 | 25.00 |
| नोएडा (यूपी) | रजनीकान्त कुमार | XXXXXXXXXXX0656 | 43263 | 24-03-22 | 15.20 |
| शाखा का नाम : पालम विहार, गुरूग्राम (एचआर) | | | | | |
| पालम विहार, गुरूग्राम (एचआर) | पूनम सिंह | XXXXXXXXXXX5377 | 89363 | 05-02-22 | 25.60 |
| शाखा का नाम : पालम, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| पालम, दिल्ली (डीएल) | ज्ञान सिंह रावत | XXXXXXXXXXX7350 | 53335 | 24-03-22 | 6.10 |
| शाखा का नाम : रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| रोहिणी, दिल्ली (डीएल) | रागेन्द्र कुमार अग्रवाल | XXXXXXXXXXX0178 | 452152 | 23-11-21 | 193.30 |
| शाखा का नाम : सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | | | | | |
| सेक्टर 14 गुरूग्राम (एचआर) | पिंकी | XXXXXXXXXXX3994 | 319705 | 07-01-22 | 22.30 |
| सेक्टर 14, गुरूग्राम (एचआर) | विनोद कुमार (16013565) | XXXXXXXXXXX4547 | 311498 | 05-02-22 | 103.80 |
| शाखा का नाम : सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | | | | | |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | प्रसेनजीत डे | XXXXXXXXXXX6879 | 343015 | 29-01-22 | 9.80 |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर)) | प्रमोद गुप्ता | XXXXXXXXXXX5808 | 65312 | 24-03-22 | 25.70 |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | नितिन जिंदल | XXXXXXXXXXX1618 | 206131 | 18-01-22 | 61.10 |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | ओंकार प्रसाद शर्मा | XXXXXXXXXXX7473 | 164336 | 30-03-22 | 55.20 |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर)) | नितिन जिंदल | XXXXXXXXXXX8953 | 72051 | 12-08-21 | 30.30 |
| सेक्टर 16, फरीदाबाद (एचआर) | ओंकार प्रसाद शर्मा | XXXXXXXXXXX6848 | 50912 | 30-03-22 | 7.30 |
| शाखा का नाम : शालीमार बाग, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| शालीमार बाग, दिल्ली (डीएल) | मन्नू कुमार | XXXXXXXXXXX2064 | 63924 | 07-01-22 | 23.90 |
| शाखा का नाम : स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| स्वास्थ्य विहार, नई दिल्ली (डीएल) | होशियार सिंह | XXXXXXXXXXX8697 | 822507 | 07-01-22 | 101.30 |
| शाखा का नाम : तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | मनीष मल्होत्रा | XXXXXXXXXXX7572 | 373109 | 24-03-22 | 24.10 |
| तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | विजय सिंह | XXXXXXXXXXX6418 | 616371 | 24-03-22 | 29.00 |
| तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | प्रभुदेव पांडे | XXXXXXXXXXX4102 | 68887 | 22-06-21 | 24.10 |
| तिलक नगर, दिल्ली (डीएल) | विजय बाबू | XXXXXXXXXXX3734 | 50694 | 03-12-21 | 21.50 |
| शाखा का नाम : वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | | | | | |
| वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | सारिका सिंह | XXXXXXXXXXX1463 | 489800 | 30-03-22 | 4.30 |
| वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | सारिका सिंह | XXXXXXXXXXX4707 | 394800 | 30-03-22 | 41.20 |
| वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | दीपक त्यागी | XXXXXXXXXXX6531 | 338248 | 07-01-22 | 120.40 |
| वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | प्रमेन्द्र सिंह | XXXXXXXXXXX0622 | 412255 | 22-06-21 | 108.20 |
| वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | सारिका सिंह | XXXXXXXXXXX7595 | 310913 | 07-05-21 | 102.40 |
| वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | जितेन्द्र कुमार | XXXXXXXXXXX6301 | 217496 | 05-02-22 | 75.60 |
| वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | विशाल सागर | XXXXXXXXXXX9862 | 64009 | 30-03-22 | 5.00 |
| वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | आदित्य गंजू | XXXXXXXXXXX7864 | 44723 | 22-06-21 | 14.00 |
| वैशाली गाजियाबाद (यूपी) | मानसी पांचाल | XXXXXXXXXXX8455 | 40483 | 24-01-22 | 16.40 |
| शाखा का नाम : विकासपुरी, नई दिल्ली (डीएल) | | | | | |
| विकासपुरी, नई दिल्ली (डीएल) | विनीत यादव | XXXXXXXXXXX5046 | 80992 | 18-02-22 | 4.70 |

एक्सिस बैंक लिमिटेड को बिना कोई पूर्व सूचना दिए खाता हटाने/नीलामी की तिथि परिवर्तित करने का अधिकार है। नीलामी **https://gold.samil.in** पर अप. 12.30 बजे से अप. 03.30 बजे के बीच ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।

विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट **https://gold.samil.in** पर लॉगइन करें।

स्थान : दिल्ली
तिथि : 12-05-2022

हस्ता./-, प्राधिकृत अधिकारी
एक्सिस बैंक लिमिटेड

# नोएडा एयरपोर्ट के पास बनेगा केंद्रीय विद्यालय विधायक ने यमुना अथॉरिटी से मांगी जमीन

● धीरेंद्र ने प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर से की मुलाकात

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जेवर, गौतमबुद्ध नगर का कभी सबसे पिछड़ा क्षेत्र माना जाता था, लेकिन आज नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट विकास कार्य के दौरान ही जेवर में ऊंचाइयों को छुआ है। अब एयरपोर्ट के पास केंद्रीय विद्यालय बनाया जाएगा।

इसको लेकर जेवर के विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह ने यमुना प्राधिकरण के सीईओ को प्रस्ताव देकर केंद्रीय विद्यालय के लिए जमीन उपलब्ध करवाने की मांग की है। इस पर यमुना प्राधिकरण के सीईओ ने भी सहमति जताई है। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास काफी पिछड़े गांव है। हालांकि, एयरपोर्ट का विकास कार्य होने के दौरान इन गांव का भी विकास हो रहा है। अब इस गांव के बच्चों के लिए यह खास तोहफा होगा। एयरपोर्ट के पास केंद्रीय विद्यालय बनेगा। केंद्रीय विद्यालय से ना केवल ग्रामीण लोगों, बल्कि शहर में बसने वाले लोगों को भी बड़ा फायदा होगा। शहरी छात्र केंद्रीय विद्यालय में शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। बुधवार को धीरेंद्र सिंह ने यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ अरुणवीर सिंह से मुलाकात की और केंद्रीय विद्यालय के लिए जल्द जमीन उपलब्ध करवाने की मांग की है। धीरेंद्र सिंह की इस मांग पर डॉ अरुणवीर सिंह ने भी सहमति जता दी है। उन्होंने कहा कि जल्द यह मुद्दा यूपी सरकार के सामने पेश किया जाएगा। जिसके बाद केंद्रीय विद्यालय के लिए जमीन उपलब्ध करवाई जाएगी। आपको बता दें कि नोएडा एयरपोर्ट के लिए किसानों ने बहुत बड़ा योगदान किया है। किसानों ने अपनी पूर्वजों और अपने घरों के योगी आदित्यनाथ के इस ड्रीम प्रोजेक्ट के लिए छोड़ दिया।

## बलात्कार के आरोप में एक व्यक्ति हिरासत में

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर के नोएडा में थाना सेक्टर 49 क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति को बलात्कार के आरोप में हिरासत में लिया गया है।

थानाध्यक्ष यशपाल धामा ने बताया कि बिहार के नवादा जिले की रहने वाली एक युवती ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसके जीजा प्रितेश कुमार ने उसके साथ बलात्कार किया। पीड़िता के अनुसार, उसकी बहन एक कारखाने में काम करती है और उसने अपने पति का ऑपरेशन होने पर मदद के लिए उसे बुलाया था। पीड़िता का आरोप है कि एक दिन बहन के काम पर जाने के बाद उसके जीजा ने उससे बलात्कार किया।

# स्कूल की गाड़ी हादसे का शिकार सात छात्र घायल, कई गंभीर

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा में एक बड़ा हादसा हुआ है। सूरजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एस्टर पब्लिक स्कूल के सामने एक स्कूली छात्रों से भरी गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। जिसमें 14 से 15 उम्र के 7 स्कूली छात्र घायल हो गए हैं।

सभी छात्र अपने कोच के साथ मैच खेलने जा रहे थे। उसी दौरान एस्टर पब्लिक स्कूल के पास गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में गाड़ी में सवार 7 छात्र घायल हो गए हैं। जिनको इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट करवाया गया है। थाना सूरजपुर क्षेत्रांतर्गत सीएनजी पम्प के सामने डेल्टा-2 में एक आई.10 कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें 07 बच्चे सवार थे, जो फुटबॉल खेलने डीपीएस वर्ल्ड ग्रेटर नोएडा जा रहे थे। सभी बच्चे एस्टर पब्लिक स्कूल, डीबीएस ग्रेटर नोएडा, वनस्थलि स्कूल और समरविला स्कूल में पढतें है। जिनकी उम्र 14-15 वर्ष है। सूचना पर मौके पर पंहुची पुलिस द्वारा सभी बच्चों को अस्पताल भर्ती करा दिया गया है।

# लोन दिलाने के बहाने ठगी, फिर अश्लील फोटो कर दी वायरल

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

लोन दिलाने के नाम पर शातिरों ने युवती से ढाई हजार रुपये ठग लिए। आरोपित चार हजार रुपये की मांग और कर रहे थे। न देने पर उन्होंने युवती का अश्लील फोटो बनाकर रिश्तेदारों और करीबियों को वायरल कर दिया। इसका पता चलने पर पीड़िता ने मोदीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

युवती के पास 25 अप्रैल को अज्ञात नंबर से फोन आया। बात करने वाले ने खुद को एक कंपनी का एजेंट बताया। कहा कि उनको डेढ़ लाख रुपये लोन मिल सकता है। इसके बदले उनको ढाई हजार रुपये फाइल खर्च कर देने होंगे। युवती ने उनको ढाई हजार रुपये खाते में ट्रांसफर कर दिए। आरोपितों ने युवती की फोटो, आधार आदि प्रपत्र भी मंगवा लिए। इसके बाद जब लोन नहीं हुआ। इसके बाद आरोपित चार हजार रुपये की मांग और करने लगे। जब पीड़िता ने चार हजार रुपये देने से मना कर दिया और पहले दिए गए ढाई हजार रुपए की मांग की तो उन्होंने युवती को धमकाना शुरू कर दिया।

# पूर्वांचल रॉयल सोसाइटी में महिला का शव मिला

● परिजनों ने जताया हत्या का शक

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा के पूर्वांचल रॉयल सोसाइटी में रहने वाली एक महिला का शव बुधवार सुबह सोसाइटी में मिला। महिला नौ मई से घर से लापता थी। पुलिस ने यह जानकारी दी।

सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) प्रीतम पाल सिंह ने बताया कि सेक्टर 142 क्षेत्र के सेक्टर 137 में पूर्वांचल रॉयल सोसायटी में रहने वाले विजेंद्र प्रसाद की पत्नी ममता सिंह नौ मई से घर से लापता थी। उन्होंने बताया कि इस बाबत प्रसाद ने पुलिस में उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अधिकारी ने बताया कि बुधवार सुबह ममता सिंह (47) का शव उनकी सोसाइटी के टावर नंबर 4 के पास पेड़ों के बीच मिला। उन्होंने बताया कि शव दो दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। एसीपी ने कहा कि पुलिस को शक है कि महिला ने उंचाई से कूदकर आत्महत्या की है। उन्होंने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हालांकि, मृतका के परिजन इसे हत्या का मामला बता रहे हैं। एसीपी ने बताया कि पुलिस आत्महत्या एवं हत्या दोनों पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चलेगा।

## बदमाशों ने तीन लोगों से मोबाइल लूटे, विरोध करने पर मारपीट

**नोएडा।** थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के होशियारपुर गांव के पास बीती रात को एक दुकानदार के साथ मारपीट कर बदमाशों ने नकदी और मोबाइल लूट लिए है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं मैक्स अस्पताल के पास से अज्ञात बदमाशों ने एक युवक से उसका मोबाइल फोन लिया।

पुलिस ने बताया कि संतोष कुमार गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सेक्टर-58 स्थित अपनी दुकान से होशियारपुर गांव स्थित अपने घर जा रहे थे। वह जब होशियारपुर गांव के पास पहुंचे। तभी बाइक पर सवार होकर आए तीन बदमाशों ने उनके साथ मारपीट करके उनके पास रखे 5 हजार रुपए नगद, मोबाइल फोन और उनके जरूरी दस्तावेज लूट लिया।

# ग्रेटर नोएडा के पांच सेक्टरों में बनेंगे वेंडिंग जोन

● प्राधिकरण ने इसके लिए 19 करोड़ रुपए का बजट तय किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण शहर को रेहड़ी और पटरी से मुक्त बनाने की कवायद में लग गया है। प्राधिकरण ने शहर में 5 जगहों पर वेंडिंग जोन बनाने का निर्णय किया है। जिसके लिए कार्य भी शुरू कर दिया गया है।

वेंडिंग जोनों में प्राधिकरण द्वारा क्योंस्क के साथ-साथ पार्किंग और वाईफाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसी के साथ और भी कई अन्य सुविधाएं वेंडिंग जोन पर उपलब्ध कराई जाएंगी। प्राधिकरण ने इसके लिए 19 करोड़ रुपए का बजट तय कर लिया है। आपको बता दें कि यह वेंडर जोन बनाने की प्रक्रिया पूर्व सीईओ नरेंद्र भूषण ने शुरू की थी। जिसके अंतर्गत उन्होंने 5 सेक्टरों में वंडर जोर बनाने का काम शुरू किया। प्राधिकरण ने सेक्टर.बीटा वन, 36, डेल्टा टू, अल्फा टू और बीटा टू में वेंडिंग जोन बनाएगा। वेंडिंग जोन के बन जाने से शहर के किनारे लगने वाले रेड पटरी से निजात मिल जाएगी। साथ ही शहर की खूबसूरती में चार चांद लग जाएंगे। इसी के साथ.साथ यहां पर लोगों को कई सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यहां पर पार्किंग व्यवस्था के साथ.साथ वाईफाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा लोगों को यहां पर संगीतमय माहौल मिलेगा और बैठने के लिए बेंच की व्यवस्था की जाएगी। इन पांच जगहों पर प्राधिकरण 200 से अधिक क्योंस्क बनाएगा। सबसे ज्यादा क्योंस्क बीटा.2 वेंडिंग जोन पर बनाई जाएंगी। दिल्ली की आर्किटेक्ट फार्म वास्तु मंडल से इसका डिजाइन तैयार करा लिया गया है। फिलहाल इन दोनों में छोटे.छोटे क्योंस्क को बनाया जाएगा, लेकिन सीईओ सुरेंद्र सिंह ने इनमें बदलाव करने के लिए कहा है। जिसके ऊपर परियोजना विभाग द्वारा कार्य भी शुरू कर दिया गया है। सीईओ सुरेंद्र सिंह ने कहा कि की ग्रेटर नोएडा में बनाए जाने वाले वेंडिंग जोन आदर्श बने।

यहां पर आने वाले सभी लोगों को एक बार बेहतर माहौल मिलना चाहिए। साथ ही यह ग्रेटर नोएडा की पहचान बने। वेंडिंग जोन को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# सीवेज ओवरफ्लो की समस्या से मिलेगी निजात

## 116 सीवेज पंपिंग स्टेशनों पर लगाए आईओटी मॉनिटरिंग डिवाइस, समय रहते मिलेगा अलर्ट

- सीवेज पंपिंग स्टेशनों में सीवर के पानी की मात्रा को आसानी से ट्रैक करेगी डिवाइस, प्रत्येक स्टेशन पर प्रशिक्षित कर्मचारी किए तैनात



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


सीवेज ओवरफ्लो की समस्या से दिल्ली वालों को निजात मिलेगी। दिल्ली जल बोर्ड की ओर से विभिन्न इलाकों में सीवर के पानी को पंप कर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचाने के लिए कुल 116 सीवेज पंपिंग स्टेशन है। इन सीवेज पंपिंग स्टेशनों की निगरानी अब आईओटी मॉनिटरिंग डिवाइस के जरिये की जाएगी।

इस इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस में लगा सेंसर यह सुनिश्चित करेगा कि सीवेज पपिंग स्टेशन में सीवर का गंदा पानी एक तय लेवल तक भरते ही वरिष्ठ अधिकारियों को अलर्ट चला जाए, जिससे की सीवेज पंपिंग स्टेशन पर मौजूद ऑपरेटर की जिम्मेदारी एवं जवाबदेही दोनों तय की जा सके। इस सिस्टम के लग जाने से अब यह आसानी से पता चल जाएगा कि कब, कहाँ और किस सीवेज पपिंग स्टेशन (एसपीएस) को चालू करने का वक्त आ गया है, ताकि सीवर के पानी को वक्त रहते सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की ओर पंप किया जा सके और सीवर लाइन में सीवेज का दबाव न बढ़े। जल मंत्री सत्येंद्र जैन ने बुधवार को बताया कि एसपीएस के समय पर चालू नहीं होने की वजह से पहले जगह-जगह सीवर ओवेरफ्लो की समस्या उत्पन्न हो रही थी, जिसके कारण सीवर का पानी सड़कों, कॉलोनियों, गलियों व आसपास के इलाकों में बहना शुरू हो जाता था। ऐसे में दिल्ली वालों को इस समस्या से छुटकारा दिलवाने के लिए डीजेबी ने सभी 116 एसपीएस पर ऑटोमैटिक एसपीएस मॉनिटरिंग डिवाइस लगाए गए हैं, ताकि सीवेज के फ्लो को समान्य दबाव और उचित नियंत्रण के साथ सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचाया जा सके। इससे लोगों को सीवर ओवर फ्लो की समस्या से राहत मिलेगी।

### इस तरह काम करता है सीवेज पंपिंग स्टेशन

सीवर लाइनें इस तरह से बिछाई जाती हैं ताकि सीवेज गुरुत्वाकर्षण के सहारे एक जगह से दूसरी जगह तक जा सके। हालांकि, यह तरीका हर जगह कारगर साबित नहीं होता है। ऐसी जगहों पर जहां सीवेज को एक निचले स्थान से लिफ्ट करके ऊंचे स्थान पर ले जाना होता है, वहां सीवेज पंपिंग सिस्टम का इस्तेमाल सीवेज को ऊपर की ओर सीवर लाइन में धकेलने के लिए किया जाता है। सीवेज पंपिंग स्टेशन में एक कुआं होता है, जो लगातार आ रहे सीवेज को इकट्ठा करता है। इसके भरने से ठीक पहले एक बड़े मोटर के जरिये इसे आगे सीवेट ट्रीटमेंट प्लांट की ओर पंप कर कर दिया जाता है। अब तक इस सीवेज पंपिंग स्टेशन को मैनुअली ही ऑपरेट किया जाता था। ऐसे में कई बार वक्त पर पंप के चालू न होने के कारण शहर में सीवर ओवरफ्लो की समस्या आती थी। लेकिन अब नए सेंसर के लगाए जाने से किसी भी तरह के ह्यूमन एरर की गुंजाइश खत्म हो गई है।

### 2025 तक साफ होगी यमुना



सतेंद्र जैन ने बताया कि पानी व सीवर के इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करना सरकार का काम है। लोग टैक्स देते हैं, इस कारण इंफ्रास्ट्रक्चर पर उनका हक है। यमुना नदी को अगले तीन साल में पूरी तरह साफ करने का लक्ष्य रखा है। इसके तहत 100 फीसदी घरों को भी सीवर लाइन से जोड़ने की योजना है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने फरवरी 2025 तक यमुना को साफ करने की जिम्मेदारी जल बोर्ड को दी है, जिस तरह पिछले कार्यकाल में स्कूलों और अस्पतालों का कायाकल्प किया, वैसे ही इस बार यमुना को भी प्राथमिकता के आधार पर साफ करना ही मुख्य मकसद है।

### पानी की मात्रा होगी ट्रैक

*सीवेज पपिंग स्टेशनों पर लगाए गए आईओटी डिवाइस में लगा सेंसर यह सुनिश्चित करेगा कि एसपीएस के अंदर सीवर का गंदा पानी किस लेवल तक भर चुका है। जैसे ही सीवर का पानी नॉर्मल लेवल से अधिक भर जाएगा, मॉनिटरिंग डिवाइस के माध्यम से इसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को मिल जाएगी। इस मॉनिटरिंग डिवाइस के जरिये सीवर के पानी की मात्रा आसानी से ट्रैक की जा सकेगी। रोजाना एसपीएस का मैनुअल निरीक्षण, मैनुअल पंप कंट्रोल सेटिंग्स और डेटा इकट्ठा करने की आवश्यकता नहीं होगी। साथ ही लगातार ऑटोमैटिक डाटा कलेक्ट होने के कारण अब पंपिंग स्टेशनों पर सीवर के पानी भर जाने के बाद पंप चलाने का सही समय और पैटर्न भी पता चल जाएगा।*

### हर स्टेशन पर कर्मचारी तैनात

जल मंत्री ने बताया कि बढ़ती आबादी के साथ-साथ सीवेज में भी बढ़ोतरी हुई है, जिसका प्राथमिकता के आधार पर समाधान जरूरी है। सीवर संबंधित समस्याओं से निपटने और यमुना की सफाई के लिए सरकार युद्धस्तर पर काम कर रही है। अब एसपीएस योजनाबद्ध तरीके से डिवाइस की मदद से ऑपरेट किए जा रहे है। ये डिवाइस न केवल पंपिंग स्टेशनों का सफलता पूर्वक संचालन करने में योगदान दे रहे हैं, बल्कि स्वचालित रूप से नियंत्रित करने में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। हर स्टेशन पर प्रशिक्षित कर्मचारियों नियुक्त है ताकि सेंसर से अलार्म का मैसेज आते ही पंपिंग मोटर को चलाने कि जिम्मेदारी सुनिश्चित की जा सके। सीवरओवर फ्लो की समस्या से लोगों को काफी राहत मिलेगी।

# नजफगढ़, द्वारका, लोधी कॉलोनी समेत कई स्थानों पर हटाए अवैध निर्माण

- पुलिस सुरक्षा नहीं मिलने पर सीलमपुर में नहीं हो सकी कार्रवाई



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

हंगामे के बीच बुधवार को नगर निगम ने कई इलाकों में अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाया। कुछ क्षेत्रों में अतिक्रमण अभियान टीम आने की अफवाह से अफतफरी का माहौल बना रहा।

सीलमपुर में भी निगम की कार्रवाई होनी थी मगर पर्याप्त पुलिस व्यवस्था नहीं होने से कार्रवाई नहीं हो सकी। नगर निगम के अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि की नजफगढ़, द्वारका, लोधी कॉलोनी और दक्षिणी दिल्ली के कई अन्य इलाकों में अतिक्रमण रोधी अभियान चलाया। शहर में अवैध निर्माण हटाने के लिए बुलडोजर चलते रहे और काम पर तैनात कर्मचारियों और पुलिस कर्मियों को कुछ स्थानों पर स्थानीय लोगों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा।

पूर्वी दिल्ली के महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल ने बताया कि सीलमपुर में पुलिस बल की कमी के कारण पूर्वी दिल्ली नगर निगम द्वारा नियोजित अभियान बुधवार को शुरू नहीं हो सका। बुधवार को निगम के अधिकारियों ने दक्षिणी दिल्ली के नजफगढ़ और पश्चिमी क्षेत्रों में नियोजित अतिक्रमण रोधी अभियान चलाया, जिसमें द्वारका, चौखंडी और आसपास के क्षेत्रों सहित विभिन्न स्थानों पर अस्थाई ढांचों को हटा दिया गया। स्थानीय निवासियों के एक वर्ग द्वारा विरोध किया गया जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर भी आए।

एक वीडियो में देखा गया था कि एक व्यक्ति ने कड़ा विरोध जताते हुए कहा, हमें पहले नोटिस दिया जाना चाहिए था। उस व्यक्ति ने कहा, उन्हें हमारे शवों के ऊपर से गुजरना होगा। पुरुषों का एक समूह और कुछ पुलिसकर्मी उसके बगल में खड़े थे।

पश्चिमी क्षेत्र की अध्यक्ष स्वेता सैनी ने कहा कि तिलक नगर के पास जनकपुरी और चौखंडी में भी अतिक्रमण रोधी अभियान चलाया जा रहा है। सैनी ने कहा, विरोध के बावजूद अतिक्रमण रोधी अभियान चलाया गया। हमने केवल अस्थाई इमारतें और गुमटियां हटाई हैं। अतिक्रमण हटाना हमारा कर्तव्य है।

### अब दस पेड़ लगाएगा निगम निगम

इस बीच एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान एक पेड़ अनजाने में उखाड़ दिया गया था। इस संबंध में उप वन संरक्षक को 10 मई को एक पत्र के माध्यम से जानकारी दी गई, जिसमें एसडीएमसी ने वन विभाग को उखड़े हुए पेड़ के बदले 10 पेड़ लगाने या वन विभाग के निर्देशानुसार उपाय करने का आश्वासन दिया है।

### वाम संगठनों का एलजी आवास पर प्रदर्शन

दिल्ली में भाजपा शासित नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण रोधी अभियान के विरोध में विभिन्न वामदलों ने दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल के आवास तक के लिए जुलूस निकाला। जुलूस कश्मीरी गेट से शुरू हुआ और बैजल के आवास की ओर जा रहा था, लेकिन पुलिस ने इसे रोक दिया। प्रदर्शनकारियों ने मुस्लिमों पर सांप्रदायिक हमले रोको और जातिवाद और पूंजीवादी शोषण के विरुद्ध एक हो लिखी तख्तियां प्रदर्शित की और हल्ला बोल के नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों की संख्या लगभग 70 थी। नगर निगम के अधिकारियों ने बुधवार को नजफगढ़ और दक्षिणी दिल्ली के अन्य क्षेत्रों में अतिक्रमण रोधी अभियान चलाया था।

# गर्भपात कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ झोलाछाप डॉक्टर समेत चार गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

बाहरी जिला पुलिस ने गर्भपात कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए झोलाछाप डॉक्टर समेत चार लोग गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान धर्मेंद्र ऊर्फ राज, महिला डॉक्टर बबिता देवी, दिलीप कुमार सिंह और मनीष के रूप में हुई है। इन लोगों के खिलाफ नांगलोई थाने में 376/313/315/318/328/201/34 आईपीसी और 6/21 पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस उपायुक्त समीर शर्मा के अनुसार, 22 अप्रैल को 14 साल की नाबालिग लड़की ने नांगलोई थाना पुलिस को बताया था कि वह 10 वीं कक्षा में पढ़ती है। अक्टूबर 2021 को वह एक मोबाइल मरम्मत की दुकान पर गई थी जहां एक शख्स धर्मेंद्र राज ने चुपके से उसका मोबाइल नंबर उससे ले लिया। जिसके बाद उसका पीछा करना शुरू कर दिया। इसके बाद उसने पीड़िता से दोस्ती की और बार-बार उसके दोस्त मनीष के नांगलोई में किराए के कमरे में उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इस वजह से वह गर्भवती हो गई। आरोपी ने उससे कहा कि वह किसी के सामने इस बात का खुलासा न करें। बाद में उसने अपने माता-पिता और एक झोलाछाप डॉक्टर और कुछ लैब तकनीशियनों के साथ मिलकर साजिश रची।

1 अप्रैल को आरोपी के माता-पिता और भाई उसे नरेला के अदिति क्लिनिक ले गए जहां एक महिला डॉक्टर ने पीड़िता की माँ को फोन किया और उसे समझाया कि वह उसकी कक्षा की टीचर है और वह पीड़ित को स्कूल के दौरे के लिए ले जा रही है। फिर महिला डॉक्टर ने पीड़िता को गर्भपात की कुछ गोलियां दीं और अगले दिन उसने एक मृत शिशु को जन्म दिया। मृत शिशु को कथित व्यक्तियों द्वारा दफनाया गया था।

## राजस्व विभाग के रिकॉर्ड एक माह में होंगे डिजिटल

**नई दिल्ली।** विधानसभा की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति कल्याण समिति अध्यक्ष का कार्यभार संभालने के बाद विधायक विशेष रवि की अध्यक्षता में बैठक हुई है।

रवि ने कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारियों को एक महीने के भीतर सभी राजस्व विभाग के रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण करें। जब तब कोई आवेदन खारिज ना किया जाए। डिजिटलाइजेशन होने के बाद आवेदन प्राप्ति के 14 दिनों के भीतर एससी, एसटी जाति प्रमाण पत्र जारी किए जाएं। किसी भी जाति प्रमाण पत्र के आवेदन को एक कारण के रूप में कोई रिकॉर्ड नहीं मिला के साथ खारिज नहीं किया जाना चाहिए।

# करावल नगर में तीन नाबालिगों ने की युवक की हत्या

- पुरानी रंजिश का मामला, सभी आरोपी हिरासत में

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



करावल नगर इलाके में पुरानी रंजिश को लेकर तीन किशोरों ने 17 वर्षीय एक लड़के की कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सोमवार रात करीब आठ बजे करावल नगर थाने में झगड़े की सूचना मिली थी।

मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि घायल को गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान करावल नगर के शिव विहार निवासी संगम के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया आरोपियों द्वारा बार-बार चाकू घोंपने से उसकी हालत गंभीर थी और वह बयान देने की स्थिति में नहीं था। पुलिस ने कहा कि भारतीय दंड संहिता (आईपी) और शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच की जा रही है।

जांच के दौरान तीन किशोरों को पकड़ा गया है। उन्हें किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) के समक्ष पेश किया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि घायल और आरोपी व्यक्ति एक-दूसरे को जानते थे और उनकी कुछ व्यक्तिगत दुश्मनी थी।

## झगड़े में छात्र को चाकू घोंपा, एक महिला घायल

नई दिल्ली । उत्तरी दिल्ली में सराय रोहिल्ला इलाके की झुग्गी बस्ती में किसी बात पर झगड़ा होने पर एक युवक ने 12 वीं कक्षा के एक विद्यार्थी को कथित तौर पर चाकू मार दिया जिससे उसकी मौत हो गई। चाकू लगने से एक महिला घायल हो गई। पुलिस ने बुधवार को बताया कि इस वारदात के सिलसिले में आरोपी आरजू (22) को गिरफ्तार किया गया है। उसके अनुसार, मंगलवार को रात करीब नौ बजे आरजू की मां और प्रवीण नामक महिला के बीच झगड़ा शुरू हो गया। उनके बीच पुरानी रंजिश थी। दोनों के पति दिहाड़ी मजदूर हैं। पुलिस के मुताबिक, घटना के दिन अपने घरों के समीप जब महिलाएं झगड़ रही थीं तब आरजू वहां पहुंचा।

# ट्रूकॉलर से जुड़ी महिला आयोग की हेल्पलाइन, कॉल की संख्या बढ़ी

- आयोग को प्रतिदिन चार हजार से अधिक कॉल प्राप्त हो रही

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

ट्रूकॉलर द्वारा अपने होमपेज पर दिल्ली महिला आयोग का हेल्पलाइन नंबर प्रदर्शित करना शुरू करने के बाद से आयोग को प्राप्त होने वाली कॉल की संख्या दोगुनी हो गई है।

ट्रूकॉलर ऐप ने महिलाओं और लड़कियों के विरुद्ध होने वाले अपराध को रोकने के उद्देश्य से सात मार्च को महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर 181 प्रदर्शित करना शुरू किया था। ऐप के होमपेज पर 181 नंबर प्रदर्शित होने के साथ ही दिल्ली महिला आयोग में आने वाली कॉल की संख्या बढ़ गई। आयोग ने कहा कि महिला हेल्पलाइन नंबर 181 को ट्रूकॉलर से जोड़ने से पहले, आयोग के हेल्पलाइन नंबर 181 पर प्रतिदिन दो हजार कॉल प्राप्त होती थी। अब आयोग को प्रतिदिन चार हजार से अधिक कॉल प्राप्त हो रही हैं। आयोग ने कहा कि फरवरी में 35,296 कॉल प्राप्त हुई थी और ट्रूकॉलर से हेल्पलाइन नंबर को जोड़ने के बाद मार्च में 68,576 कॉल प्राप्त हुई।

## दिल्ली सरकार के खिलाफ पोल खोल अभियान 15 से

**नई दिल्ली।** केजरीवाल सरकार को घेरने की रणनीति को धार देने के लिए प्रदेश भाजपा ने पोल खोल अभियान तालकटोरा स्टेडियम से शुरु किया। प्रदेश भाजपा के प्रभारी बैजयंत जय पांडा, राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम की अगुवाई में यह पोल खोल अभियान 15 मई से शुरु होकर 30 मई तक चलेगा।

अभ्यिान में भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर दिल्ली सरकार की नीतियों के बारे में लोगों को जागरुक करेंगे। 25 लाख परिवारों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। दिल्ली में अगर कानून व्यवस्था बिगड़े तो केंद्र सरकार जिम्मेदार, रामनवमी पर दंगे ये सब कुछ केजरीवाल सरकार को दिखाई नहीं देता।

# दो साल बाद डीयू में प्रत्यक्ष परीक्षाएं शुरू

- स्नातक प्रथम व द्वितीय वर्ष के 29,500 छात्रों ने दी परीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



कोविड महमारी के चलते दो साल बाद दिल्ली विश्वविद्यालय में स्नातक वर्ग के दूसरे एवं तीसरे वर्ष के विद्यार्थियों के लिए बुधवार को प्रत्यक्ष परीक्षाएं शुरू हो गईं।

विश्विद्यालय के डीन (परीक्षा) डी एस रावत ने बताया कि 29,500 से अधिक विद्यार्थियों ने सुबह 40 से अधिक विषयों की परीक्षा में भाग लिया। दिल्ली विश्वविद्यालय के मुक्त शिक्षण विद्यालय ने बुधवार सुबह को तीन विषयों की परीक्षा आयोजित की।

रावत ने कहा कि ज्यादातर पाठ्यक्रमों के लिए परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। यह दो साल बाद है कि विश्वविद्यालय प्रत्यक्ष परीक्षाएं आयोजित कर रहा है। इस संबंध में उपयुक्त इंतजाम किए गए हैं। डीन ने कहा कि स्नातक के विद्यार्थियों की परीक्षाएं दिन में दो सत्र में हो रही हैं। उन्होंने कहा कि 66 विषयों की परीक्षा शाम में होंगी जिसमें करीब 23, 684 विद्यार्थियों के भाग लेने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि कोविड नियमों का पालन किया जा रहा है। रावत ने कहा कि स्नातक, परास्नातक एवं पेशेवर कार्यक्रमों की परीक्षाओं की अवधि तीन घंटा है और विशेष एकबारगी उपाय के तौर पर आधा घंटा अतिरिक्त दिया जा रहा है। दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए परीक्षा की अवधि चार घंटे 40 मिनट है। उसमें विशेष एकबारगी उपाय के तौर पर 40 मिनट अतिरिक्त शामिल है तथा हर घंटे पर 20 मिनट अतिरिक्त दिया गया है।

# राजनीति बदलने आए सीएम का बदला चेहरा व चरित्र : भाजपा



- इंद्रप्रस्थ से शुरू हुई लड़ाई को कुरुक्षेत्र में जीतने को शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद : आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय युवा मोर्चा के मंत्री तजिंदर पाल सिंह बग्गा का भाजपा ने स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी का कार्यकर्ता जेल जाने, धमकियों और न ही मुश्किल परिस्थितियों से डरता है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि इंद्रप्रस्थ से शुरु हुई लड़ाई को कुरुक्षेत्र में भाजपा ने जीत लिया।

इसके लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व सहित दिल्ली पुलिस और हरियाणा पुलिस को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि एक सिख के लिए सबसे बड़ा गौरव उसकी पगड़ी होती है और पंजाब पुलिस ने तजिंदर बग्गा को पगड़ी तक नहीं पहनने दी, जिससे सिख समाज में रोष है और इस अपमान का बदला समाज के लोग केजरीवाल से जरुर लेंगे। आदेश गुप्ता ने बग्गा की मौजूदगी में बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल राजनीति में उसका चेहरा और चरित्र बदलने आए थे लेकिन आज उन्होंने खुद अपना चेहरा और चरित्र बदल लिया है। पंजाब पुलिस का इस्तेमाल केजरीवाल ड्रग्स माफिया, अलगाववादी और वहां के खालिस्तानियों को पकड़ने की जगह भाजपा के नेताओं को पकड़ने के लिए कर रहे हैं। कुलजिंदर सिंह को डीएसपी के तौर पर पदोन्नति कर बग्गा को पकड़ने के लिए भेजा गया।

# राजधानी की झुग्गियों में भूमिगत हों बिजली के तार

## बार-बार आग लगने की घटनाओं से निपटने के लिए अग्नि शामन दल ने दिया सुझाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली अग्निशमन सेवा ने नगर के झुग्गी-झोपड़ी (जेजे) इलाकों में आग लगने की घटनाओं पर काबू पाने के लिए कई सुझाव दिए हैं जिनमें भूमिगत केबलों के जरिए बिजली की आपूर्ति, व्यावसायिक गतिविधियों पर रोक व समय-समय पर निरीक्षण शामिल हैं। वर्ष 2018 के बाद से ऐसे इलाकों में हर साल आग लगने की 100 से अधिक घटनाएं हो रही हैं।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के आंकड़ों के अनुसार एक जनवरी 2018 से 30 अप्रैल 2022 के बीच शहर के ऐसे इलाकों में आग लगने की 637 घटनाएं हुईं। 2018 में आग लगने की 152 घटनाएं हुईं जबकि 2019 में 157अ 2020 में 130 और इस साल अप्रैल तक 53 घटनाएं हुईं। दिल्ली में 860 झुग्गी-झोपड़ी इलाके हैं। अग्निशमन विभाग ने कहा कि ऐसे इलाकों में आग लगने की घटनाओं के विश्लेषण से पता चलता है कि झोंपड़ियों के निर्माण में अत्यधिक ज्वलनशील सामग्री का उपयोग किया जाता है और आग लगने पर उनसे जहरीली गैस निकलती है। इसके अलावा झुग्गियां साथ-साथ बनी होती हैं और उनके बीच कोई खाली स्थान नहीं होता तथा सर्विस लेन की चौड़ाई भी बमुश्किल एक मीटर होती है। ऐसे में इन इलाकों में अग्निशमन अभियान शुरू करने में देरी होती है। ऐसी स्थिति में हवा भी काफी नुकसान पहुंचाती है।

उन्होंने कहा कि ऐसा भी देखा गया है कि अग्निशमन इकाई मौके पर पहुंचती है तो उसे उग्र भीड़ का सामना करना पड़ता है और कभी कभी भीड़ पथराव भी करती है और कर्मियों के साथ दुर्व्यव्हार भी करती है तथा उपकरणों को क्षतिग्रस्त कर देती है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने कहा कि झोंपड़ियां बनाने के लिए पीवीसी या प्लास्टिक के बजाय गैर-ज्वलनशील सामग्री का उपयोग करना तथा नगर निगमों की संबंधित इकाई द्वारा समय-समय पर निरीक्षण किए जाने से आग की घटनाओं पर रोक लग सकती है।

## जेएनयू के शीतकालीन सत्र के लिए 13 तक पंजीकरण

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने शीतकालीन सत्र के लिए पंजीकरण की तिथि को बढ़ाकर 13 मई कर दिया है। यह दूसरी बार है, जब 27 अप्रैल से शुरू हुए पंजीकरण की तारीख बढ़ाई गई है।

सहायक पंजीयक मनोज कुमार मनुज ने मंगलवार को जारी एक नोटिस में कहा कि यह सभी के ध्यान में लाया जाता है कि (शैक्षणिक वर्ष 2021-2022 के मानसून सत्र 2021 में प्रवेश लेने वाले) विद्यार्थियों के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि को नौ मई, 2022 से 13 मई, 2022 तक बढ़ा दिया गया है। 2021 के मॉनसून सत्र में भर्ती होने वाले विद्यार्थियों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया 27 अप्रैल से शुरू हुई थी और इसे एक मई को समाप्त होना था। शुरुआत में इसे नौ मई तक बढ़ा दिया गया था।

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम – मिनी रत्न)
सीआईएन नं.: L74899DL1999GOI101707

खुली ई–निविदा संख्या CO/NIT/FP-FFU/2022/04 आमंत्रित करने की सूचना

आईआरसीटीसी ने फूड प्लाजा और फास्ट फूड इकाइयों की स्थापना, संचालन और प्रबंधन के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की है। "वाराणसी कैंट" में फूड प्लाजा के लिए निविदा जमा करने की **अंतिम तिथि 26.05.2022 को 15:00 बजे तक** और एफपी/एफएफयू की **शेष 33 साइटों के लिए** निविदा जमा करने की **अंतिम तिथि 02.06.2022 को 15:00** बजे तक है।

हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर फूड प्लाजा के टेंडर के लिए बोली पूर्व बैठक 20.05.2022 को 15.00 बजे आईआरसीटीसी कॉर्पोरेट कार्यालय में नीचे दिए गए पते पर आयोजित की जाएगी।

निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने और भागीदारी केवल वेबसाइट:– **www.tenderwizard.com/IRCTC** पर की जा सकती है।

उपरोक्त पर जारी कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट केवल वेबसाइट **www.irctc.com** और **www.tenderwizard.com/IRCTC** पर प्रकाशित किया जाएगा।

कार्यालय पता: जीजीएम/पी एंड टी, आईआरसीटीसी लिमिटेड, 11वां फ्लोर, स्टेट्समैन हाउस, बी–148, बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली –110001,
ई–मेल: fp.ffu@irctc.com, टेली: 011–23311263–64 फैक्स 011–23311259

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 12 मई, 2022



# पुलिस थाने में लगे शिविर में 45 जवानों ने किया रक्तदान

### नवकल्प फाउंडेशन और रोटरी ब्लड बैंक डीएलएफ फेज-1 के थाने में लगा शिविर

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम के डीएलएफ फेज-1 में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करते पुलिसकर्मी को सम्मानित करते एसीपी संजीव बल्हारा।

**डीएलएफ** फेज-1 स्थित पुलिस थाने में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। नवकल्प फाउंडेशन व रोटरी ब्लड बैंक की ओर से लगाए गए इस शिविर में 45 पुलिस के जवानों ने रक्तदान करके सकारात्मक संदेश दिया। नवकल्प फाउंडेशन का यह 17वां रक्तदान शिविर था।

शिविर कर शुभारंभ करते हुए गुरुग्राम ईस्ट के एसीपी संजीव बल्हारा ने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है। समाज का हर व्यक्ति इस नेक कार्य को अपने जीवन में अपनाए। अपना रक्त देकर दूसरों का जीवन बचाना बहुत बड़ा पुण्य है। हमें अपनी आने वाली पीढ़ियों को भी इस तरह के नेक कार्यों के प्रति हमें प्रेरणा देनी चाहिए। विशेष व्यक्तियों द्वारा किए जाने वाले हर कार्य से लोग प्रेरणा लेते हैं। यहां पुलिस के जवान भी रक्त देकर प्रेरणा के पात्र बने हैं। एसीपी संजीव बल्हारा ने कहा कि पुलिस जवानों ने अपने कर्तव्यों के साथ-साथ जिस तरह इस सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है, वह अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि भविष्य में और भी ज्यादा संख्या में जवान रक्तदान करेंगे, ऐसा उनका विश्वास है। संजीव बल्हारा ने टीम नवकल्प और रोटरी का भी आभार व्यक्त किया और कहा कि आज के दौर में जब मनुष्य केवल अपने स्वार्थों की पूर्ति में ही जुटा रहता है, ऐसे में जन सेवा के कार्यों में अपना समय और समर्पण देना अत्यंत सराहनीय है।

थानाध्यक्ष दिनेश कुमार की पहल पर इस शिविर में पुलिस के 45 जवानों ने रक्तदान करके पुण्य कमाया। थाने के एमएचसी गजेंद्र ने इस शिविर के आयोजन में विशेष भूमिका निभाई। उन्होंने सभी जवानों का उत्साहवर्धन किया व रक्तदान करने वालों को रोटरी व नवकल्प की ओर से मेडल और सर्टिफिकेट भी दिए। नवकल्प के फाउंडर अनिल आर्य व वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने एसीपी और सभी जवानों का आभार व्यक्त किया। रोटरी ब्लड बैंक की डॉक्टर महिमा किल्होड़ व उनकी टीम की देखरेख में इस शिविर का आयोजन किया गया।

## महिला सशक्तिकरण को ब्यूटी वेलनेस सेक्टर स्किल काउंसिल ने बढ़ाए कदम



गुरुग्राम में ब्यूटी वेलनेस सेक्टर स्किल काउंसिल ने फ्री सर्टिफिकेट कोर्स कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

**गुरुग्राम।** ब्यूटी वेलनेस सेक्टर स्किल काउंसिल अक्सर महिलाओं और युवाओं के हित के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करवाता है। इसी कड़ी में एंटरप्रेन्योरशिप बनने की इच्छुक महिलाओं के लिए ब्यूटी वेलनेस सेक्टर स्किल काउंसिल ने फ्री सर्टिफिकेट कोर्स इन एंटरप्रेन्योरशिप फॉर बडिंग वीमेन एंटरप्रेन्योरशिप का सफल समापन किया, जिसका फायदा भारतवर्ष से भावी महिला उद्यमियों को प्राप्त हुआ।

इस प्रोग्राम में भारतवर्ष के विभिन्न राज्यों से राजस्थान, पंजाब, दिल्ली, फरीदाबाद, नोएडा, उड़ीसा, भुवनेश्वर, मुंबई आदि से महिलाओं ने रजिस्ट्रेशन करवाते हुए इस कोर्स से खुद को एम्पॉवर करने की ओर सशक्त कदम बढ़ाए। बीएंडडब्ल्यूएसएससी की सीईओ मोनिका बहल ने बताया कि यह सर्टिफिकेशन कोर्स फ्री फॉर ऑल था, ताकि जो महिलाएं एंटरप्रेन्योरशिप के स्किल्स प्राप्त करना चाहती हैं। पर्याप्त फंड्स या महंगी फीस आदि के कारण नहीं कर पाती हैं, वो भी इस कोर्स का पूरा लाभ उठाएं। इसके साथ ही वे ब्यूटी और हेल्थ सेक्टर के सही मौकों को पहचानें और एक एंटरप्रेन्योरशिप के तौर पर सामने आ पाएं। सीएसआर इनिशिएटिव के तहत होने वाले इस कार्यक्रम में महिलाओं को प्रमाणपत्र भी दिए गए। देशभर से 4000 महिलाओं को ट्रेनिंग दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### ई-श्रम योजना में लाभार्थी को मिलेगा दो लाख का लाभ



उपायुक्त निशांत कुमार यादव।

**गुरुग्राम।** सरकार की ई-श्रम योजना के तहत पंजीकरण करवाकर दो लाख रुपये तक का बीमा मुफ्त प्राप्त किया जा सकता है। पंजीकृत व्यक्ति को दुर्घटना पर दो लाख रूपए तक और स्थाई अंग-भंग होने पर एक लाख रुपये तक की सहायता राशि मिल सकती है। सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिक, कामगार तथा छोटे व मध्यम किसान आदि की सहायता करने के लिए ई-श्रम योजना शुरू की हुई है, जिसके तहत स्वयं ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाया जा सकता है। इस योजना के तहत पंजीकृत व्यक्ति का दो लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा मुफ्त होगा और स्थाई अंग-भंग होने पर उसे एक लाख रुपये तक की सहायता राशि मिलेगी। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि इस योजना में 16 से 59 वर्ष की आयुवर्ग के इनकम टैक्स नहीं भरने वाले और जिन्हें ईपीएफओ एवं ईएसआईसी का लाभ नहीं मिल रहा है, ऐसे असंगठित क्षेत्र के श्रमिक, कामगार तथा छोटे व मध्यम किसान आदि ही अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। योजना का लाभ लेने के लिए व्यक्ति को अपने नजदीकी सीएससी सेंटर पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। व्यक्ति खुद भी पोर्टल ईएसएचआरएएम.जीओवी.इन पर जाकर अपना व अपने परिवार के सदस्यों का रजिस्ट्रेशन कर सकता है। रजिस्ट्रेशन के लिए कोई फीस नहीं ली जाती है। ई-श्रम योजना का लाभ लेने के लिए श्रमिकों की श्रेणी में छोटे और मध्यम किसान, खेतों में काम करने वाले मजदूर, मनरेगा योजना के श्रमिक, पशुपालन श्रमिक, सब्जी और फल रेहड़ी लगाने वाले, घरेलू कार्य करने वाले व्यक्ति, आशा वर्कर, रिक्शा या ऑटो रिक्शा ड्राइवर, लकड़ी का काम करने वाले, दूध विक्रेता, प्रवासी श्रमिक, ईंट या पत्थर का काम करने वाले व्यक्ति, भवन व अन्य निर्माण कार्य में लगे श्रमिक आदि आते हैं। रजिस्ट्रेशन करवाने वाले व्यक्तियों को ई-श्रम कार्ड मिलेगा, जिससे अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लेने मे भी उन्हें मदद मिलेगी। ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का एकीकरण किया जाएगा और यह पोर्टल श्रमिकों को उनके कौशल के अनुसार रोजगार प्राप्त करने में सहायक होगा।

### अनेक लोग कल आप में होंगे शामिल : उमेश अग्रवाल



आप नेता उमेश अग्रवाल।

**गुरुग्राम।** आम आदमी पार्टी का एक विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन शनिवार 14 मई को सेक्टर-17 के ब्लिस प्रीमियर बैंक्वेट में आयोजित किया जाएगा। पार्टी के प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि होंगे। इस कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान वे लोगों को आम आदमी पार्टी में शामिल कराएंगे। कार्यकर्ता सम्मेलन में आप के हरियाणा सह प्रभारी महेन्द्र चौधरी एवं पूर्व सांसद अशोक तंवर भी शामिल होंगे। आम आदमी पार्टी नेता एवं पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल का कहना है कि इस कार्यकर्ता सम्मेलन के माध्यम से आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद सुशील गुप्ता 29 मई को कुरुक्षेत्र में होने वाली अब बदलेगा हरियाणा महारैली के बारे में भी कार्यकर्ताओं को जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि पिछले कई दिनों से गुरुग्राम के अलावा आस-पास के क्षेत्रों के काफी लोग पार्टी से जुड़ने के लिए उनसे संपर्क कर रहे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुशील गुप्ता ऐसे लोगों को आम आदमी पार्टी में शामिल कराने की प्रक्रिया पूरा कराएंगे। पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल का कहना है कि हरियाणा के लोग आम आदमी पार्टी की ओर उम्मीद की निगाहों से देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने गुरुग्राम नगर निगम के चुनावों की तैयारी के मद्देनजर लोगों से संपर्क करना शुरु कर रखा है। इसी संपर्क अभियान के दौरान पता चलता है कि जन समान्य आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा दिल्ली में किये गये जन कल्याण के कार्यों और उपलब्ध कराई गई सुविधाओं से बेहद प्रभावित हैं।

### आईटीआई में अपरेंटिस व प्लेसमेंट के लिए रोजगार मेला आज

**गुरुग्राम।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) द्वारा 12 मई को अपरेंटिस व प्लेसमेंट के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में भाग ले रही विभिन्न क्षेत्रों की छह कंपनियां अपनी जरूरतों व नियमों के हिसाब से करीब 95 आईटीआई पास छात्रों का चयन करेगी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गुरुग्राम के प्राचार्य जयदीप सिंह कादियान ने बताया कि कौशल विकास एवं औधोगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के निदेशक द्वारा जारी निर्देशानुसार 12 मई को आईटीआई गुरुग्राम के प्रांगण में अप्रेंटिस व प्लेसमेंट के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में छह विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियां भाग ले रही हैं जो इस प्रकार है। गुरुग्राम स्थित बायोक्रश इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ब्राय एयर एशिया लिमिटेड, टेकुन कोरकेड अलॉट प्राइवेट लिमिडेट, निप्पा इंटरनेशनल प्राइवेट लिमटेड व आईएमटी मानेसर स्थित क्लीन एनर्जी सिस्टम व डायनेमिक ट्रांसमिशन लिमिटेड में फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन व अन्य ट्रेडों के तहत 95 छात्रों का अपरेंटिस व प्लेसमेंट के लिए चयन किया जाएगा। इस विषय से संबंधित कोई भी जानकारी चाहिए तो संस्थान में आकर अथवा 01242300190 पर सम्पर्क कर इस विषय में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकता है।

### अवैध शराब की तस्करी के आरोप में तीन भेजे जेल

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेन्द्र कादयान के द्वारा अपराधियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर इंचार्ज इंस्पेक्टर सेठी मलिक की टीम ने अवैध शराब तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी सुनील दिल्ली के ओखला फेस-2, का आरोपी राहुल फरीदाबाद के दीपावली एनक्लेव इस्माइलपुर का, आरोपी रंजीत दिल्ली के लीला गार्डन का रहने वाला है।

## गरीबों की जिंदगी को बचाने से बड़ा परोपकार नहीं: गोल्ड मेडलिस्ट नीतू

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना



बीएएमएस की परीक्षा में चौथी बार प्रथम स्थान पर आने वाली नीतू को मिठाई खिलाकर हौसला बढ़ाते माता-पिता।

**बेचलर** ऑफ आयुवेदिक दवाई एवं सर्जरी की (बीएएमएस) की परीक्षा में लगातार चौथी बार फाइनल ईयर में यूनिवर्सिटी में टॉप करके नीतू राघव ने इतिहास रचा। नीतू राघव ने प्रथम वर्ष में भी अपने बेंच में प्रथम आकर गोल्ड मेडल जीता था।

सोहना के वार्ड-5 की शिव कॉलोनी में रहने वाली दौला गांव की मूल निवासी नीतू राघव ने एसजीटी यूनिवर्सिटी में बीएएमएस की परीक्षा में चौथी बार भी 100 विद्यार्थियों की बैच में प्रथम स्थान प्राप्त करके इतिहास रच दिया है। नीतू राघव की बड़ी बहन रीतू राघव भी डॉक्टर की डिग्री प्राप्त कर चुकी है। नीतू राघव के पिता शहर के राजकीय संस्कृति मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में शिक्षक है। नीतू की मां घरेलू महिला है। पिता हुकमचंद राघव ने बताया कि नीतू राघव ने अपने शिक्षा प्राप्ती के जीवन में कक्षा पहली से लेकर आज तक प्रथम स्थान ही प्राप्त किया है। नीतू राघव ने बताया कि माता-पिता के मार्ग दर्शन तथा बड़ी बहन डॉक्टर रीतु राघव से प्रेरणा लेकर वह आज इस स्थान पर पहुंची है। उसकी इस सफलता के लिए एसजीटी यूनिवर्सिटी में उसे शिक्षित करने वाले प्राध्यापक और गैर शिक्षण कार्य करने वाले लोगों की कड़ी मेहनत और सहयोग करने के आभारी है। उन्होंने बताया कि डॉक्टर का कार्य जिन्दगी को बचाना होता है। उसकी नजर में इससे बड़ा परोपकार इस धरा पर उनकी नजर में कोई नहीं है। वह अपनी आजीविका कमाने के साथ-साथ मानव सेवा को प्राथमिकता देंगी।

## गुरुग्राम विश्वविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र से शुरू होंगे 15 नए कोर्स

### विद्यार्थी गुरुग्राम में ही उठा पाएंगे इन कोर्सेज का लाभ



गुरुग्राम विश्वविद्यालय।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय में नए सत्र 2022-2023 से कई नए पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। ये सभी पाठ्यक्रम नई शिक्षा नीति-2020 पर आधारित होंगे।

हरियाणा सरकार पूरे प्रदेश में वर्ष 2025 तक नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति पूर्ण रूप से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस नीति के तहत गुरुग्राम विश्वविद्यालय में वर्तमान समय की मांग के अनुसार नए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। नई शिक्षा नीति रोजगार परक शिक्षा प्रदान करने की दिशा में विशेष मददगार साबित होगी। नई शिक्षा नीति के तहत ही गुरुग्राम विवि. ने आगामी सत्र 2022-23 से नए रोजगारपरक कोर्सेस शुरू करने का निर्णय लिया है। गुरुग्राम विवि में आने वाले सत्र में 15 नए कोर्स शुरू किए जाएंगे, इन कोर्सों का लाभ विवि के सभी छात्रों को मिलेगा। इसके बाद विद्यार्थियों को दिल्ली और अन्य स्थानों पर इन कोसज़ के लिए पढ़ने जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आगे कुलपति ने नए कोर्सों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आगामी सत्र से इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी विभाग में बीटेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग (इंटरनेट ऑफ थिंग्स), बीटेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग (साइबर सिक्योरिटी), बीटेक इन इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग (वीएलएसआई डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी), डिप्लोमा इन आईसी मैन्युफैक्चरिंग एवं मीडिया अध्ययन विभाग में एमए (मास कम्युनिकेशन) स्पेशलाइजेशन इन कॉरपोरेट कम्युनिकेशन, एमए (मास कम्युनिकेशन) इंटीग्रेटेड (पांच वर्षीय), बीएससी एनीमेशन, पीजी डिप्लोमा इन जापानी लैंग्वेज, पीजी डिप्लोमा इन जर्मन लैंग्वेज, सर्टिफिकेट इन एंकरिंग, शुरू किए जाएंगे। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि बैचलर ऑफसाइंस (एविएशन) कोर्स भी शुरू करेंगे।

## लुईस वीटान ने डॉफीन बैग के लिए नए चमड़े के प्रोडक्ट का अभियान शुरू किया

### एम्बेसडर एम्मा स्टोन और झोउ डोंग्यु के साथ नए हाउस एंबेसडर, दीपिका पादुकोण ने भी अपना समर्थन दिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**लुईस** वीटान अपने नए चमड़े के डॉफीन बैग का अभियान के लिए बहुत खुश हैं, दीपिका पादुकोण और अन्य सेलेब्रिटी जैसे, एम्मा स्टोन और झोउ डोंग्यु जिसे एथन जेम्स ग्रीन ने चित्रित किया है। एक प्रसिद्ध भारतीय फिल्म अभिनेत्री, निर्माता, सामाजिक कार्यकर्ता और उद्यमी (एन्तेर्प्रेनेउर) दीपिका पादुकोण को लुईस वीटान ने नए हाउस एंबेसडर के रूप में हाल ही में, सम्मानित किया।

दीपिका पादुकोण ने 30 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया है, जिनमें पीकू, पद्मावत और हाल ही में गहराइयां शामिल हैं। अभिनेत्री को विशेष रूप से इस वर्ष के 75वें कैनंस फिल्म समारोह(फेस्टिवल) की जूरी का सदस्य बनाया गया है। 2018 में, अभिनेत्री को टाइम पत्रिका के एक सौ सबसे प्रभावशाली व्यक्तित्व समूह में शामिल किया गया था।

अभिनेत्री को हाल ही में फिल्म और मनोरंजन के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान के लिए टाइम हंड्रेड इम्पैक्ट पुरस्कार से सम्मानित किया है। 2015 में, उन्होंने लाइव लव लाफ फाउंडेशन की स्थापना की, जो मानसिक बीमारी के इलाज और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझाने की जागरुकता बढ़ाता है, और कई तरह के कार्यक्रम चलाता है। दीपिका पादुकोण आज भारतीय सिनेमा की सबसे लोकप्रिय और सफल अभिनेत्रियों में से एक हैं, और उन्होंने हाल ही में खुद को एक रोल मॉडल के रूप में स्थापित किया है। दीपिका पहली भारतीय हैं जिन्हें लुईस वीटान ग्रुप ने हाउस एम्बेसडर की शमता में साइन किया है। मैसन के साथ एक मजबूत सहयोगी संबंध के बाद, निकोलस गेस्क्विएर के नोवल से प्रेरित प्री-फॉल 2020 अभियान में एक उपस्थिति सहित, पुरस्कार विजेता अभिनेत्री ने लुईस वीटान के साथ अपनी यात्रा का एक रोमांचक नया अध्याय शुरू किया।

सुंदर सफेद और उभरते नीले रंग को, तीन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जानी-मानी अभिनेत्रियों द्वारा -डॉफीन की प्रशंसा की गई है, जिनमें से प्रत्येक अपने आप में ही फेम्मे-डॉफीन की विशेषता दर्शाता है। दीपिका पादुकोण ने अपने स्वतंत्र स्वाभाव को पकड़ लिया है, दिन को बिताने के लिए तैयार, हर दिन -डॉफीन अपने हाथों में ले रही हैं। एक ऑस्कर विजेता और लंबे समय तक हाउस एंबेसडर, एम्मा स्टोन ने अपने कालातीत क्लासिक, एक कुलीन और समकालीन सहयोगी, झो डोंग्यू, चीनी सिनेमा का एक स्तंभ, एक आधुनिक महिला और उसकी शक्ति, जो लुईस वीटान के ब्रह्मांडों के रूप में दुनिया को समान रूप से नेविगेट करने में माहिर है।

## तेंदुए के आबादी क्षेत्र में घुसने से ग्रामीणों में दहशत, घरों में कैद

### भीषण गर्मी में पानी की तलाश में गर्मियों में आ रहे जानवर

### तेंदुए प्यास बुझाने के साथ-साथ पालतु जानवरों का भी कर रहे शिकार

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

> **अरावली** पहाड़ी में वन्य प्राणियों को पीने के पानी का प्रबंध किया हुआ है। यह जंगली जानवर होने के कारण कई बार राह भटक जाता है, लेकिन तेंदुआ इंसान से डरता है तथा छेड़ने पर ही हमला कर सकता है।
>
> **राजेश चहल**
> **(खंड अधिकारी जीव-जन्तु विभाग)**

**सोहना** समेत दमदमा झील, अलीपुर, हरचंदपुर आदि गांवों से लगती अरावली पहाड़ी से लगते गांवों में बने तालाबों में आकर तेंदुए गर्मी के मौसम में अपनी प्यास बुझा रहे हैं। तेंदुए प्यास बुझाने के साथ-साथ पालतु जानवरों का शिकार भी कर रहे हैं। जिससे ग्रामीण आतंकित हो रहे हैं।

बीते करीब एक माह में सोहना समेत ग्रामीण क्षेत्र के गांव सांप की नंगली, लाला खेड़ली, बादशाहपुर टैठड़, खेड़ला, दौला, हरियाहेड़ा सहित अन्य गांवों में बने तालाबों के आस पास अरावली में रहने वाले तेंदुए गर्मी के मौसम में सूखे गले को तर करने के लिए आने लगे हैं। जिन्हें ग्रामीणों ने अपनी नंगी आंखों से देखा है। अरावली से आबादी क्षेत्र में तेंदुए आने से ग्रामीण भयभीत हो रहे हैं। उन्हें तेंदुए द्वारा जानलेवा हमला कर देने का डर सताने लगा है। गांव खेड़ला निवासी नरेश जांगड़ा ने बताया कि करीब दस दिन पहले गांव में लगातार 3-4 रात तेंदुए को यहां बने तालाब में पानी पीते हुए देखा है। उन्होंने बताया कि पानी पीने के साथ-साथ तेंदुए ने बछड़ा को भी अपना शिकार बनाया है। सांप की नंगली निवासी राजेश का कहना है कि तेंदुए अरावली पहाड़ी में चरने के लिए जाने वाली गाय व बकरियों को तेंदुए शिकार कर लेते हैं।

### तेंदुओं के आदमखोर बनने का है डर

**ग्रामीणों** को आबादी क्षेत्र में बने तालाबों में पानी पीने आ रहे तेंदुए कही आदमखोर न बन जाएं। ऐसा डर ग्रामीणों को सताने लगा है। बादशाहपुर टैडड़ निवासी पवन का कहना है कि ग्रामीण सुबह चार बजे से अपने खेत या सुबह की घूमने के लिए जोड़ व तालाबों के आसपास चले जाते हैं। गर्मी में रात के समय बिजली कट के दौरान भी ग्रामीण मंदिर, तालाबों की तरफ कुछ समय व्यतीत करने चले जाते हैं। ऐसे में तेंदुए कही उन पर जानलेवा हमला न कर देवें। इस बात का डर सताने लगा है।

## कौशल रोजगार : सफाई कर्मी उतरे विरोध में



बुधवार को नगर परिषद के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर कार्यालय के साथ धरना पर बैठें हुए।



शहर में बुधवार को सफाई न होने से जगह-जगह लगे कूड़े ढेर।

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**अपनी** मांगों को लेकर नगर परिषद के सफ ाई कर्मचारी बुधवार से कार्यालय के गेट पर दरियां बिछाकर बैठ गए। धरना पर बैठे कर्मचारी कौशल रोजगार को समाप्त करने तथा कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने और लंबित पड़ी मांगों को पूरा कराने की मांग कर रहे है। वहीं शहर में आम रास्तों से लेकर चौक-चौराहों पर कूड़े के ढेर लगने से गंदगी ही गंदगी दिखाई देने लगी है।

बुधवार को नगर परिषद के सफ ाई कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर यूनियन यूनिट प्रधान विक्रम सिंह की अध्यक्षता में धरना पर बैठ गए। धरना पर बैठे सफाई कर्मियों ने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा एक अप्रैल से लागू किये कौशल रोजगार पर सवालिया निशान खड़े करते हुए इस कानून को तुरन्त प्रभाव से समाप्त करने की मांग करने लगे हैं। इसके साथ कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, 2006 में बंद की गई कर्मचारियों की पेंशन योजना को लागू करने। कच्चे कर्मचारियों को पक्का तथा मृतक कर्मचारियों के परिजनों को रोजगार देने, समान कार्य तो समान वेतन नियम को लागू करना, कर्मचारियों का पीएफ हर माह जमा करना समेत आदि अन्य मांगों को पूरा कराने को लेकर धरना जारी है। धरने की अध्यक्षता कर रहे यूनिट प्रधान विक्रम सिंह ने बताया कि उनका यह धरना 18 मई तक अलग-अलग तरीके से हर दिन चलेगा। शुक्रवार को किसी प्रकार का धरना नहीं होगा। गुरुवार को शहर में झाडू रैली निकाली जाएगी।

### कार्यकारी अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अपनी** मांगों को लेकर पर बैठे सफाई कर्मियों ने मुख्यमत्री के नाम नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अतर सिंह को ज्ञापन सौंपा। कार्यकारी अधिकारी ने कर्मचारियों को उनके मांग पत्र का जल्द से जल्द उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है।

### नगर में जगह-जगह कचरे के लगे हैं ढेर

**बुधवार** को अपनी मांगों को लेकर धरना पर बैठें नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने झाडू नहीं उठाई और न ही कूड़े के लगे ढेरों को उठाया गया। जिसके कारण आज शहर के आम रास्तों से लेकर चौक-चौराहों पर कूड़े के ढेर लगे रहे। कचरे के ढेर पूरा दिन पड़े रहे।

## थैलेसीमिया से बचाव और उपचार के बारे कार्यक्रम आयोजित

**फरीदाबाद।** एनएच-तीन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में थैलेसीमिया रोग और इस से बचने के उपायों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि थैलेसीमिया बच्चों को होने वाला आनुवंशिक रक्त रोग है इस रोग की पहचान बच्चे में तीन मास बाद ही हो पाती है। इस कार्यक्रम को मनाने का सबसे बड़ा लक्ष्य है लोगों को रक्त संबंधित इस गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना है। थैलेसीमिया ऐसा रोग है जो बच्चों में जन्म से ही विद्यमान रहता है। तीन माह की आयु के बाद ही इसकी पहचान होती है। इस रोग के विशेषज्ञ बतलाते हैं कि इस रोग में बच्चे के शरीर में रक्त की भारी कमी होने लगती है। इससे बाहरी रक्त की आवश्यकता होती है।

## ट्रूकॉलर ऐप ने दिल्ली महिला आयोग हेल्पलाइन नंबर '181' के दायरे को बढ़ाने में मदद की

### दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्षा स्वाति मालीवाल ने अपने होम स्क्रीन डायलर पर 181 नंबर प्रदर्शित करने के लिए ट्रूकॉलर ऐप की सराहना की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**ट्रूकॉलर** ऐप में 181 महिला हेल्पलाइन क्विक डायल फीचर को शामिल किए जाने के बाद से दिल्ली महिला आयोग की हेल्पलाइन नंबर -'181' पर आने वाले फोन कॉल में 200 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

इस साल मार्च के महीने से, ट्रूकॉलर ने अपने डायलर पर महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर -181- को प्रदर्शित करना शुरू कर दिया है, जो कंपनी की ओर महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ होने वाले अपराधों के खिलाफ शुरू की गई मुहिम **#ItsNotOk** का एक हिस्सा है। ट्रूकॉलर के डायलर पर महिला हेल्पलाइन नंबर 181 को प्रदर्शित करने के बाद, दिल्ली महिला आयोग ने दिल्ली में हेल्पलाइन नंबर पर आने वाली फोन कॉल की संख्या में बड़े पैमाने पर वृद्धि दर्ज की। इस नंबर को ट्रूकॉलर के साथ जोड़ने से पहले, आयोग की हेल्पलाइन नंबर 181 पर हर दिन लगभग 2000 फोन कॉल आते थे, लेकिन अब यह संख्या बढ़कर 4,000 से अधिक कॉल प्रति दिन हो गई है। इस तरह हर दिन हेल्पलाइन नंबर पर प्राप्त होने वाली कुल फोन कॉल में लगभग 200 फीसदी की वृद्धि हुई है। मार्च के महीने में प्राप्त 65500 फोन कॉल में से ज्यादातर कॉल में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में महिला हेल्पलाइन नंबर 181 की भूमिका के बारे में पूछताछ की गई।

ट्रूकॉलर इंडिया की पब्लिक अफेयर्स डायरेक्टर, प्रज्ञा मिश्रा ने कहा, आज, भारत में 10 करोड़ से ज्यादा महिलाएँ फोन कॉल तथा स्स्स के जरिए उत्पीड़न के खिलाफ अपनी हिफाजत के लिए सबसे पहले ट्रूकॉलर की मदद लेती हैं। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्षा, श्रीमती स्वाति मालीवाल ने इस प्रयास का समर्थन करते हुए कहा, मैं ट्रूकॉलर द्वारा सक्रियतापूर्वक उठाए गए इस शानदार कदम की सराहना करती हूँ। बीते 6 सालों में दिल्ली महिला आयोग ने अपनी 181 महिला हेल्पलाइन नंबर के जरिए लाखों महिलाओं और लड़कियों की मदद की है। ट्रूकॉलर की इस पहल की वजह से आयोग की हेल्पलाइन नंबर पर आने वाले फोन कॉल की संख्या दोगुनी हो गई है, और इस तरह आयोग की पहुंच का दायरा भी काफी बढ़ गया है।

# बीके अस्पताल : गर्मी में बिजली कटों से मरीज बेहाल

कविता। फरीदाबाद

**बादशाह** खान सिविल अस्पताल में बुधवार को दिनभर बिजली की लुका छिपी चलती रही। 20 से 30 मिनट तक लगने वाले बिजली कटों ने मरीजों, तीमारदारों समेत अस्पताल में तैनात स्वास्थ्य कर्मियों और चिकित्सकों के पसीने निकाल दिए। वहीं दूसरी तरफ इलाज करवाने आए मरीजों को अपना उपचार मोबाइल की टोर्च की रोशनी में करवाना पड़ा।

वहीं दूसरी तरफ अस्पताल प्रबंधन की माने तो बिजली का अपग्रेडेशन जल्द ही शुरू होगा। जिसके लिए टीम अस्पताल का दौरा करेगी। जिसमें लोड के अनुसार कार्य शुरू किया जाएगा। अभी फिलहाल लोड अधिक पड़ने से लगातार बिजली कट की समस्या उत्पन्न हो रही है।



बीके अस्पताल में बिजली गुल के दौरान मोबाइल टॉर्च की रोशनी में ड्रेसिंग करवाते मरीज।



बीके अस्पताल की ओपीड़ी में अंधेरे में बैठे मरीज।

**मोबाईल टॉर्च की रोशनी में इलाज:** बीके अस्पताल में बुधवार को लगातार बिजली की लुका छिपी जारी रही। यहां अस्पताल में इलाज करवाने आए मरीजों को मोबाइल की टॉर्च की रोशनी में अपना उपचार करना पड़ा। ऐसा ही अपातकालीन कक्ष के निकट मौजूद कमरा नम्बर 39 में देखने को मिला। जहां मरीजों की ड्रेसिंग का कार्य टॉर्च की रोशनी में किया जा रहा था। वहीं एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, ओपीडी, ईसीजी, प्रयोगशाला जांच कक्षों के अलावा ओपीडी के सभी कक्षों में अंधेरा देखने को मिला। वहीं वार्डों में भी मरीज बिजली के अभाव में गर्मी से काफी परेशान नजर आए।

### बिजली कट से ओपीडी समेत हर जगह मरीजों और चिकित्सकों को हुई परेशानी

**हाथ के पंखे का सहारा:** मरीजों और तीमारदारों का कहना है कि यहां लगातार 15 से 30 मिनट के लिए लम्बा बिजली कट हो रहा है। दोपहर 12 बजे तक करीब चार बार बिजली कट हो चुका है। ऐसे में उन्हें यहां गर्मी के कारण परेशानी हो रही है। जिस कारण वह हाथ के पंखे का इस्तेमाल कर रहे हैं।

वहीं दूसरी तरफ ओपीडी में मरीज अपने पंजीकरण कार्ड से हवा करते और मोबाइल की रोशनी में इधर से उधर आते-जाते नजर आए। मरीजों का कहना था कि बिजली कट के कारण ओपीडी परिसर में अंधेरा छा जाता है।

# प्रेमजाल में फंसा व्यापारी के बेटे का अपहरण कर मांगी फिरौती

### गिरफ्तार अपहरणकर्ताओं ने दे युवतियों की मदद से किया था युवक का अपहरण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**कार स्पेयर** पार्ट व्यापारी के बेटे को किडनैप कर उसे छोड़ने की एवज में दो लाख की फिरौती मांगने का के मामले में क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी जोगिंदर सिंह की टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए व्यापारी के बेटे को अपहरणकर्ताओं के चंगुल से सकुशल छुड़ाकर दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सिमरनजीत उर्फ आरव उर्फ बाबे तथा अतुल उर्फ काले का नाम शामिल है। आरोपी सिमरनजीत संजय कॉलोनी तथा आरोपी अतुल पर्वतीय कॉलोनी का निवासी है। आरोपियों ने अपनी दो अन्य महिला साथियों मंजू तथा शिला के साथ मिलकर पहले तो पीड़ित कमल को अपने प्रेम जाल में फंसाया। उसके बाद दो दिन पहले उसको मिलने के लिए प्लान के मुताबिक बीपीटीपी स्थित



व्यापारी के बेटे का अपरहरण करने के आरोप में गिरफ्तार सिमरनजीत और अतुल।

फ्लैट पर बुलाया गया। जहां उसे आरोपियों ने बंधक बना लिया। न्यू जनता कॉलोनी निवासी कमल के पिता नरेश ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 9 मई को किसी लड़की ने फोन करके उसके 30 वर्षीय बेटे कमल को खेड़ीपुल बुलाया था। वहां कमल को किसी ने उस लड़की के साथ मिलकर किडनैप कर लिया और बंधक बनाकर रखा है। अपहरणकर्ताओं ने कमल को छोड़ने के लिए उसके पिता से फोन पर दो लाख रुपये की फिरौती मांगी है। फिरौती ना देने की सूरत में झूठे रेप केस में फंसाने की धमकी देने लगे। पीड़ित की पिता की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ फिरौती मांगने, षड्यंत्र रचने इत्यादि धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू की गई।

आरोपी इसके बाद कमल को गाड़ी में बिठा कर इधर-उधर घुमाने लगे। क्राइम ब्रांच की टीम ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए तकनीकी का गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कमल का पता लगा लिया। पुलिस उसे छुड़ाने के लिए गाड़ी के पास पहुंच गई। जहां पुलिस को देख कर आरोपी कमल को गाड़ी में छोड़कर भाग गए। पुलिस ने कमल को गाड़ी से सकुशल बरामद कर लिया। इसके पश्चात आगे की कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम ने दो आरोपियों को कल चंदेला चौक से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस द्वारा वारदात में शामिल अन्य लोगों के बारे में पूछताछ की जा रही है। जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

# निजी स्कूलों की मनमानी बर्दाश्त नहीं : भड़ाना



बड़खल जमाई कालोनी स्थित बीएन पब्लिक स्कूल के बाहर प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**प्राइवेट** स्कूलों की खुली लूट और टीसी व रिजल्ट न देने के नाम पर अभिभावकों को प्रताड़ित करने को लेकर बुधवार को आम आदमी पार्टी ने जमाई कॉलोनी, बडख़्ल स्थित बीएन पब्लिक स्कूल के सामने जमकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की।

अभिभावकों का कहना था कि बीएन पब्लिक स्कूल जोकि संस्था द्वारा संचालित स्कूल है। बच्चों का टीसी व रिजल्ट न देने के नाम पर स्कूल प्रशासन द्वारा लूट मचा रही है। कोरोना काल में बच्चे लगातार ऑनलाइन कक्षा लेते रहे, बावजूद अभिभावकों ने पूरे साल की फीस जमा कराई। मगर, स्कूल की प्रिंसीपल रेखा एवं एडमिनिस्ट्रेटर कर्नल सतपाल लगातार तानाशाही रवैया बनाए हुए हैं और अभिभावकों से जबरन एडमिशन एवं वार्षिक फीस वसूली जा रही है। इन सभी मुद्दों को लेकर आम आदमी पार्टी ने बीएन पब्लिक स्कूल, बडख़्ल जमाई कॉलोनी में एकत्रित होकर सांकेतिक प्रदर्शन किया और स्कूल प्रिंसीपल से बच्चों को टीसी व रिजल्ट देने की मांग की।

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना ने स्कूल प्रशासन को चेताया कि या तो बच्चों की वार्षिक फीस स्कूल माफ करे और उनको टीसी व परीक्षा परिणाम दें, अन्यथा आम आदमी पार्टी प्राईवेट स्कूलों की ईंट से ईंट बजाने का काम करेगी।

# 50 लाख रुपये की नगदी के साथ संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पुलिस** प्रवक्ता ने बताया कि रात करीब तीन बजे सेक्टर-16 में ईवीआर 203 मे तैनात इंचार्ज बलवान सिंह, स्टाफ विक्रांत और सुमित को एक व्यक्ति प्लास्टिक का कट्टा हाथ में लिए संदिग्ध हालत में घूमता मिला। पुलिस कर्मियों ने जब उस व्यक्ति से देर रात बाहर घूमने के बारे पूछताछ की तो वह कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया।

पुलिस टीम ने पूछा कि कटटे मे क्या है। तब भी सही जबाब नहीं दिया, चेक किया तो कटटे मे रखी दो पॉलिथीन रुपयों से भरी थी। सूचना पाकर तुरन्त मौके पर चौकी इंचार्ज सेक्टर-16 व थाना प्रबंधक सेक्टर 17 पहुंच गए। रुपयों के बारे में उच्च अधिकारियों को सूचित किया गया। जिनकी गिनती की गई तो 50 लाख रुपये पाए गए। इतने रुपयों के बारे में व्यक्ति से पूछताछ की गई तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। पुलिस के उच्च अधिकारियों के



निर्देश अनुसार आयकर विभाग को सूचित किया गया। पूछताछ करने के लिए इनकम टैक्स के अधिकारियों को मौके पर बुलाया गया और व्यक्ति को आयकर विभाग के अधिकारियों के सुपुर्द किया गया।

50 लाख रुपये माल खाना में जमा कराए गए। इनकम टैक्स अधिकारियों द्वारा व्यक्ति से पूछताछ की गई। जिसमें उसने पैसे देने वाले व्यक्ति के बारे में जानकारी दी। व्यक्ति की स्टेटमेंट रिकार्ड की गई है। व्यक्ति द्वारा दी गई स्टेटमेंट के अनुसार मामले में शामिल अन्य व्यक्तियों को नोटिस दिया गया है। आरोपी पाए जाने पर उनके खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास करने पर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा डीसीपी नरेंद्र कादयान द्वारा जघन्य मामलों में संलिप्त अपराधियों को जल्द से जल्द धरपकड़ करने के दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेंद्र कुमार की टीम ने पोक्सो एक्ट के मुकदमे में 15 वर्षीय नाबालिग लड़की से बलात्कार का प्रयास करने वाले एक महीने से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम शाहरुख खान है, जो फरीदाबाद की गोच्छी का रहने वाला है सेक्टर-58 में लड़की के पड़ोस में काम करता था। आरोपी पिछले तीन चार महीने से लड़की को जानता था। इसके पश्चात 2 अप्रैल 2022 को आरोपी ने बहला-फुसलाकर लड़की को अपने घर बुला लिया और वहां पर उसके साथ बलात्कार करने की कोशिश की। लड़की किसी प्रकार वहां से भाग निकली।

# हॉस्पिटैलिटी छात्रों की ट्रेनिंग के लिए समझौते पर किए हस्ताक्षर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एफएचआरएआई** इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट (एफएचआरएआई-आईएचएम) ने सात्विक लीड ऑडिटर प्रोग्राम में हॉस्पिटैलिटी छात्रों को एक नया कोर्स करवाने के लिए सात्विक काउंसिल ऑफ इंडिया (एससीआई) के साथ एक समझौते ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया हैं।

फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) के उपाध्यक्ष श्री गुरबख्श सिंह कोहली और एससीआई के संस्थापक अभिषेक विश्वास ने करार पत्र पर हस्ताक्षर किए। यह पाठ्यक्रम आज के समय में तेजी से बढ़ते शाकाहारी प्रमाणन कार्यक्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक छात्रों और पेशेवरों के लिए तीन सप्ताह का एक व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम है। यह पाठ्यक्रम उन छात्रों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होगा जो शाकाहारी



विशेषज्ञता में डिग्री हासिल करना चाहते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को विभिन्न उद्योगों में सात्विक प्रबंधन प्रणालियों के अनुसार आंतरिक और बाहरी ऑडिट की योजना बनाने और संचालन करने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करना है।

एफएचआरएआई के उपाध्यक्ष, गुरबख्श सिंह कोहली ने कहा, 'हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि एफएचआरएआई-आईएचएम अब भारतीय सात्त्विक परिषद के साथ नवीनतम सहयोग के माध्यम से छात्रों के शैक्षणिक उपलब्धि के लिए एक और मूल्य वर्धित कोर्स की शुरुआत करेगा। इस पाठ्यक्रम में सात्विक प्रबंधन प्रणालियों को कैसे संचालित किया जाये और सात्विक प्रबंधन के अंदर अन्य प्रमुख उद्योगों का लेखा परीक्षा सिखाया जाएगा।

हम एक अच्छे तरीके से डिजाइन किए गए कार्यक्रम को तैयार करने के लिए एससीआई की सराहना करते हैं और विशेष रूप से आतिथ्य क्षेत्र के छात्रों और पेशेवरों से आग्रह करते हैं, जो लोग शाकाहारी विशेषज्ञता में डिग्री कर रहे हैं, वे इस कोर्स को करनें के लिए विचार करें। सात्विक लीड ऑडिटर प्रोग्राम में चार घटक हैं। एसीआई के संस्थापक अभिषेक विश्वास ने कहा, एससीआई ने शुरू से ही प्रमाणन को शिक्षा और प्रशिक्षण में बदलने के बारें में सोचा था। यह दोनों संगठनों के इतिहास में एक बहुत बड़ा उल्लेखनीय दिन है। छात्र समुदाय इस व्यवस्था से लाभान्वित होगा क्योंकि वे अब सात्विक लीड ऑडिटर में प्रशिक्षण कार्यक्रम को आगे बढ़ाने में सक्षम होंगे।

# रेहड़ियों के जमावड़े से हाइवे पर लग रहा जाम, वाहन चालक दुखी

### फुटपाथ पर कब्जे और हाईवे पर जाम से पैदल यात्री परेशान

विवेक सिंह। फरीदाबाद

**दिल्ली**-मथुरा-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग का एक बडा हिस्सा रेहडी वालों से घिरा हुआ है। जिससे सड़क संकरी हो गई है। जो ट्रैफिक का बोझ उठाने के लिए काफी नहीं है। जिससे बल्लभगढ़ में अक्सर जाम लगता है। वहीं फुटपाथ पर कब्जे और सड़क पर जाम के कारण यहां पैदल यात्रियों को परेशानियां झेलनी पड़ रही है। प्रशासन को रेहड़ी वालों के लिए राजमार्ग से दूर अन्य जगह का प्रबंध करना चाहिए। जिससे परेशानी समाधान हो सकेगा।

नेशनल हाइवे दोनों तरफ़ रेहड़ियों से घिरा हुआ है। जिससे रोड छोटा हो गया है। यही वजह है कि हाइवे पर वाहन घंटों ज़ाम में फंसे रहते है। ट्रैफिक ज़ाम अपने साथ कई प्रकार की समस्याएं लेकर आता है। वाहनों के रूके रहने के कारण प्रदूषण में बढोतरी, प्रदूषण से होने वाली



नेशनल हाईवे पर लगा जाम, फुटपाथ पर कब्जे के कारण सड़क पर पैदल जाता व्यक्ति परेशान।

बीमारियां, ध्वनि प्रदूषण और इसके साथ ही ईधन की खपत जैसी समस्याएं होती हैं। इसके बावजूद प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। समस्या सालों से ज्यों की त्यों बनी हुई है। अगर समय रहते राजमार्ग को अतिक्रमण मुक्त नहीं किया गया तो ट्रैफिक की यह समस्या और बढने वाली है। यह दिखाता है कि प्रशासन के पास भविष्य के इस शहर के लिए कोई योजना नहीं है। जिसका खामियाजा करदाताओं को भुगतना पड रहा है।

दिल्ली-मथुरा रोड से प्रतिदिन लाखों वाहन गुजरते हैं। इसलिए प्रशासन को चाहिए कि वह राजमार्ग से गुजरने वाले लाखों लोगों के समय और धन की चिंता करते हुए राजमार्ग को अतिक्रमण मुक्त करें। और साथ ही रेहडी लगाने वाले लोगों के लिए एक उपयुक्त जगह का प्रबंध करें ताकि किसी को भी परेशानी हुए बगैर समस्या का निपटारा हो जाए। एक तरफ तो सरकार बेहतर कनेक्टिविटी पर जोर देती है और वहीं दूसरी तरफ लोगों को ज़ाम की समस्या तक से छुटकारा तक नहीं दिलवा पा रही। अगर यही हाल रहा तो आने वाले समय में स्मार्ट सिटी बनने का सपना कभी पूरा नहीं होगा।

इसलिए लोगों की राहत के लिए प्रशासन को इस पर तत्काल कदम उठाना चाहिए। इस पर ज़ाम में फंसे एक बाइक सवार युवक का कहना था कि महंगाई के इस दौर में ज़ाम में फंसें रहने के कारण ईधन की खपत जेब पर किसी मार के समान है। साथ ही उन्होंने ने कहा कि ज़ाम से निज़ात के लिए प्रशासन को जल्दी ही कुछ करना चाहिए।

# एमसीएफ मतदाता सूची का पुर्नरीक्षण जारी : डीसी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**उपायुक्त** कम जिला निर्वाचन अधिकारी जितेंद्र यादव ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार एमसीएफ चुनाव के लिए मतदाता सूची के पुर्नरीक्षण में लगे अधिकारी और कर्मचारी निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुसार कार्य को गंभीरता से कर रहे हैं। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि आगामी 12 मई को एमसीएफ की सूची का एक जनवरी 2022 को आधार मानकर प्रारंभिक प्रकाशन होगा। इस कार्य के लिए 21 अप्रैल से वार्ड बंदी का कार्य शुरू हो गया था। इस कार्य को अधिकारी धरातल पर जाकर पूरा करना सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि धरातल पर जाकर चुनाव कार्य में लगे बीएलओ, सुपरवाइजर व जेई धरातल पर जाकर कार्य कर रहे हैं।

एमसीएफ के सभी वार्डों के अलग-अलग वोटर लिस्ट, वोटर इनफॉरमेशन कलेक्शन सेंटर/वीआईसीसी बनाए गए है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि हरियाणा निर्वाचन आयोग की

### वोटर लिस्ट, वोटर इनफॉरमेशन कलेक्शन सेंटर/ वीआईसीसी स्थापित

हिदायतों के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर सभी अधिकारी व कर्मचारियों को चुनाव कार्य करना सुनिश्चित कर रहे है। उपायुक्त जितेंद्र ने कहा कि हरियाणा चुनाव आयोग द्वारा फरीदाबाद नगर निगम चुनाव की संभावित घोषणा के मद्देनजर वोटर लिस्ट तैयार की गई है। नई वार्ड बंदी की वोटर लिस्ट तैयार करने के लिए लगे अधिकारी आपस में बेहतर तालमेल करके निर्वाचन आयोग की हिदायतो के अनुसार टीम भावना से कार्य किया है ।

उन्होंने कहा कि एमसीए के 45 वार्डों के लिए अलग-अलग एचसीएस रैंक के अधिकारियों को पुनरीक्षण के तौर पर नियुक्त किया गया था। इस कार्य के लिए बीएलओ, सुपरवाइजर और जेई अपने संबंधित बूथों पर जाकर कार्य को धरातल पर जा कर मुर्त रूप दे दिया गया हैं।

# महिला की मौत के मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज

**फरीदाबाद।** पुलिस थाना डबुआ के गाजीपुर एरिया में मंगलवार की दोपहर करीब एक बजे एक 36 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस थाना डबुआ द्वारा महिला के मायके पक्ष की तरफ से दी गई शिकायत के आधार पर महिला के पति, उसके दो भाई तथा चाचा के खिलाफ हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मथुरा की रहने वाली महिला का विवाह करीब 18 वर्ष पहले गाजीपुर के रहने वाले धर्मबीर के साथ हुआ था। उनके तीन बच्चे दो लड़के और एक लड़की है। धर्मबीर गाजीपुर रोड पर स्थित एक कंपनी में काम करता है। जिस वक्त महिला ने आत्महत्या की उस वक्त घर पर सिर्फ बच्चे थे। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और एसीपी सुखबीर, थाना प्रभारी श्री भगवान तथा उनकी टीम ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया और एफएसएल की टीम द्वारा घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित करके डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल भेजा था।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वास्थ्य कर्मियों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**फरीदाबाद।** स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा जिला फरीदाबाद संबंधित भारतीय मजदूर संघ के आह्वान पर स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला फरीदाबाद कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार को डिप्टी सिविल सर्जन एनएचएम डॉक्टर रचना डिप्टी सिविल सर्जन डॉक्टर गजराज के माध्यम से हरियाणा सरकार को ज्ञापन दिया। जिलाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार को जो ज्ञापन सौंपा गया है। उसमें मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के बाद भी एनएमएच कर्मचारियों को 7वें पे कमीशन का लाभ नहीं दिया गया है। उन्होंने ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि कर्मचारियों के लिए 7वें पे कमीशन का पत्र जारी किया जाए, साथ ही कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों को दूर किया जाए। कर्मचारियों को कोरोना प्रोत्साहन राशि 5 हजार रुपये दी जानी थी, जो अभी बकाया है। कर्मचारियों के लिए उन्होंने कैशलेस मेडिकल सुविधा की मांग भी ज्ञापन सौंप कर की है। ज्ञापन में कुल 12 मांगे रखी गई हैं। इस दौरान भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र देशवाल, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला फरीदाबाद के पदाधिकारियों में जिलाध्यक्ष दीपक कुमार, उपाध्यक्ष बलराज सिंह, महासचिव संजय बत्रा, राजकुमार, रविंद्र गुप्ता, कुलभूषण सिंह, विजेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह, रविंद्र कुमार, किरण मौजूद रहे।

### बेहतर सेवाएं देने पर आशा वर्कर्स को दिया प्रशंसा पत्र



**फरीदाबाद।** डीसी जितेन्द्र यादव ने सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में तिगाव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सरकोमा कैंसर केयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक समारोह बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। जबकि समारोह की डिप्टी सीएमओ डॉ हरीश आर्य ने अध्यक्षता की। डीसी जितेन्द्र यादव ने गत सायं 106 स्वयंसेवक, आशा वर्कर्स, फार्मेसी विद्यार्थी, आरएसएस के वॉलिंटियर, आयुष्मान भारत के स्टाफ व गांव के मुखिया और समाज सेविओं और डॉक्टर्स को सम्मानित किया। गांव के सरपंच कृष्ण और समाज सेवी दयानंद नागर, चंदन मल नागर, बृजेश यादव व सभी डॉक्टर्स को भी सम्मानित किया गया है। प्रियंका बांगा, डायरेक्टर, एससीसीएफ, ने सबका धन्यवाद किया और ग्राम के निवासियों के लिए 147 मुफ्त चश्मे प्रदान किए। डॉ अजय गोयल, डाक्टर अनमोल गोयल, डाक्टर श्वेता भड़ाना उपस्थित रहे।

### विजय यादव अकादमी ने 7 विकेट से जीता मैच



**फरीदाबाद।** छठें रविंद्र फागना अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट का मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी मैदान पाली फरीदाबाद में खेला गया। यह मैच विजय यादव रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी और रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। इस मैच में विजय यादव रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी ने रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी को 7 विकेट से हराया। इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया की यह मैच 40-40 ओवर का था और रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने ओवर 23.4 में 10 विकेट पर 76 रन बनाए। टीम की और बल्लेबाजी करते हुए ऋषभ ने 24 रन, उम्र ने 8 रन बनाए। विजय यादव रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी की और से गेंदबाजी करते हुए मोहित भाटी ने 5 विकेट, निहारिका ने 3 विकेट, अमनदीप और चंदरभान ने 1-1 विकेट ली। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए विजय यादव रेजिडेंशियल क्रिकेट अकादमी ने 9.5 ओवर में 3 विकेट पर 79 रन बनाकर जीत हासिल की। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए आरुष यादव ने 58 रन, यश ने 12 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी टीम की ओर से गेंदबाज़ी करते हुए जतिन ने 2 विकेट, ऋषभ ने 1 विकेट ली। इस मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मोहित भाटी को दिया गया।

### भागवत कथा करती है भक्ति के लिए प्रेरित : लीखी



**फरीदाबाद।** गांव वजीरपुर में भारद्वाज परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा में जाकर कुंवर राजू तोमर लीखी प्रदेश उपाध्यक्ष हरियाणा भारतीय किसान यूनियन भानु ने आशीर्वाद लिया। भागवत कथा मे पहुंचने पर युवा बीजेपी नेता अमित भारद्वाज ने जो मान सम्मान दिया उसके लिए बहुत आभार व्यक्त किया। कुंवर राजू तोमर लीखी प्रदेश उपाध्यक्ष हरियाणा भारतीय किसान यूनियन भानु ने कहा कि जीवन को सही दिशा देने के लिए भागवत कथा जरूर सुननी चाहिए। कथावाचक पंडित सुखदेव वशिष्ठ ने बताया कि यह कथा मानव को महामानव बनाती है। इस कथा में पूरी मानव जाति के हर प्रश्नों के उत्तर हैं। इस कथा को सुनने से सभी के दुःख दूर हो जाते हैं और मनुष्य को भगवान की भक्ति करने के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर प्रमोद भारद्वाज एडवोकेट, श्रीचंद शर्मा, पंडित विजय शर्मा, बालकिशन शर्मा एडवोकेट, मानक चंद शर्मा एडवोकेट, पंडित सतीश शर्मा, सचिन एडवोकेट,अरुण भारद्वाज और साथ ही साथ सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

### निगम कर्मचारियों ने सौंपा आंदोलन का नोटिस



**फरीदाबाद।** नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर बुधवार को नगर निगम के हजारों कर्मचारियों ने निगम मुख्यालय के प्रांगण में रोष प्रदर्शन करते हुए अतिरिक्त निगम आयुक्त को आंदोलन का नोटिस दिया आज फिर उस प्रदर्शन की अध्यक्षता नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान बोहत ने की तथा मंच का संचालन संघ के जिला सचिव नानक चंद खेरालिया ने किया। राष्ट्रीय आंदोलन के तहत कल भी निगम कर्मचारी पेन झाड़ू प्रदर्शन करेंगे । नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, उप महासचिव सुनील चिंडालिया ने आंदोलन की घोषणा करते हुए बताया कहा कि कल 12 मई को सभी जिलों में झाड़ू प्रदर्शन किए जाएंगे और 14 मई को प्रदेश के सभी मंत्रियों के आवासों में आक्रोश प्रदर्शन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 17-18 मई को सभी पालिकाओं, परिषदों व नगर निगमों में क्रमिक भूख हड़ताल की जाएगी। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि इसके बावजूद भी सरकार ने कर्मचारियों की लंबित मांगों को गंभीरता से नहीं लिया तो 23-24 मई को दो दिवसीय टूल डाउन,पेन डाउन हड़ताल की जाएगी और उसी दिन आगामी आंदोलन की घोषणा कर दी जाएगी।

## श्रीलंका में संकट
### अस्थिरता की आशंका

श्रीलंका में हिंसक घटनाओं के चलते प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे को इस्तीफा देना पड़ा। इसके बाद होने वाले दंगों व आगजनी ने इस द्वीप देश में लगातार अस्थिरता की आशंका पैदा कर दी है। प्रधानमंत्री के इस्तीफा देने के बाद भी जिस प्रकार प्रदर्शनकारियों ने शक्तिशाली राजपक्षे परिवार के घरों को आग लगा दी, उससे स्थिति और खराब हो गई है। डर है कि यदि हिंसा थमी नहीं तो मार्शल ला लगाया जा सकता है। बताया जाता है कि महिंदा राजपक्षे व उनके परिवार ने देश के उत्तरपूर्वी भाग में एक नौसैनिक अड्डे में शरण ली है। अंतरिम सरकार के गठन, राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे के इस्तीफे तथा अंतरिम सरकार के अंतर्गत पुनः चुनावों की मांग देश में तेज हो रही है। ऐसा नहीं लगता कि इन मांगों को ज्यादा लंबे समय तक टाला जा सकता है। श्रीलंका लंबे समय से कुशासन और दुर्भाग्य का शिकार रहा है। गहराई तक जड़ें जमाए भ्रष्टाचार, अर्थव्यवस्था का कुप्रबंधन तथा कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण पर्यटन उद्योग के विनाश के कारण श्रीलंका दीवालिया होने के कगार पर पहुंच गया। यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद तेल मूल्यों तथा अनाजों के आयात पर भारी प्रभाव पड़ा और यह कफन में आखिरी कील की तरह साबित हुआ। समय आ गया है कि राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे विपक्षी दलों व प्रदर्शनकारियों से संवाद कर राजनेता जैसा व्यवहार करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया पुनः बहाल करें। यह




महत्वपूर्ण है क्योंकि श्रीलंका में मार्शल लगने पर उसे वैश्विक प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है जिसके विनाशकारी परिणाम होंगे। अब तक श्रीलंका यह अवश्य समझ गया होगा कि चीनी खैरात तक आसान पहुंच के नकारात्मक पक्ष भी हैं। ऐसे कर्ज किसी देश की अर्थव्यवस्था को टिकाऊ नहीं बना सकते हैं, बल्कि उनसे किसी देश को कर्ज के जाल में फंसने के लिए ललचाया ही जा सकता है।

भारत को श्रीलंका की घटनाओं पर गंभीरता से गौर करना चाहिए। नई दिल्ली ने अपनी ओर से उसे कर्ज का विस्तार किया है, लेकिन संकट इतना गहरा है कि उसे ऐसे उपायों से हल नहीं किया जा सकता है। इसके बावजूद भारत को इस द्वीप देश में शांति बहाल करने के लिए यथासंभव सब कुछ करना चाहिए। पड़ोसी देश में ऐसी उथलपुथल को अनदेखा नहीं किया जा सकता है। श्रीलंका की स्थिति भारत के लिए एक और सबक है कि लोकरंजकता की बहुत बड़ी कीमत होती है। श्रीलंका में 2018 में केन्द्रीय करों में कमी एक ऐसा कदम था जिसने सरकारी राजस्व में भारी कमी की जिसने रेटिंग एजेंसियों ने श्रीलंका का स्तर बहुत नीचे गिरा दिया। इससे विदेशी बाजारों तक देश की पहुंच समाप्त हो गई और कोलम्बो के पास सरकारी कर्ज के भुगतान के लिए सुरक्षित विदेशी मुद्रा भंडार खर्च करने के सिवा कोई और रास्ता नहीं बचा। थोड़े ही समय में विदेशी मुद्रा भंडार 2018 में 6.9 बिलियन डालर से गिर कर 1 बिलियन डालर से भी कम रह गया। खेती में उर्वरकों के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाने के श्रीलंका सरकार के गलत निर्णय से कृषि उत्पादों में तेजी से कमी आई जिससे संकट और गहरा गया। भारत और दुनिया को ऐसे सभी प्रयास करने चाहिए जिनसे द्वीप देश में शांति वापसी सुनिश्चित हो।

# दलबदल कानून व अध्यक्ष की शक्तियां

**दलबदल-विरोधी कानून को प्रभावी बनाने के लिए अयोग्यता निर्धारित करने की शक्ति किसी स्वतंत्र अधिकारी को मिलनी चाहिए।**

अरुण सिन्हा
(स्वतंत्र पत्रकार)





बंगालुरू में एक हालिया संबोधन में उप-राष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने दुःख प्रकट किया कि दलबदल-विरोधी कानून बड़ी संख्या में पालाबदल को रोकने में विफल रहा है। उन्होंने इसे प्रभावी बनाने के लिए कानून में संशोधन का सुझाव दिया। विडंबना है कि यह दुःख और सुझाव ऐसे व्यक्ति की ओर से आए हैं जो भाजपा के अध्यक्ष रहे हैं, जबकि हालिया वर्षों में अनेक बड़े पालाबदल की पार्टी द्वारा कराए गए हैं। लेकिन नायडू वहां भाजपा नेता के बजाय देश के उप-राष्ट्रपति के रूप में बोल रहे थे और उनकी टिप्पणियां किसी एक पार्टी पर लागू नहीं होती हैं। वास्तव में यह भी सच है कि इस मामले में अकेले भाजपा को ही दोष क्यों दिया जाए। समय-समय पर सभी पार्टियों ने दलबदल-विरोधी कानून को अपने पैरों के नीचे रौंदा है। दलबदल-विरोधी कानून में मुख्य गड़बड़ी यह है कि याचिका पर निर्णय करने की सारी शक्ति अध्यक्ष को दी गई है। सभी राजनीतिक पार्टियों ने कानून को विफल बनाने के लिए अध्यक्ष का हथियार की तरह प्रयोग किया है। सिद्धान्त रूप से माना जाता है कि अध्यक्ष या सदन के पीठासीन अधिकारी के रूप में चयनित होने के बाद कोई विधायक या सांसद पक्षपाती नहीं रह जाता है। लेकिन व्यवहार में वे पक्षपाती बने रहते हैं। वे अपनी पार्टी के सर्वोच्च नेता के इशारे पर ही काम करते हैं। किसी भी पार्टी का नेता आमतौर से चाहता है कि अध्यक्ष अयोग्यता याचिका पर उस समय तक निर्णय न करे, जब तक सदन का कार्यकाल न समाप्त हो जाए। इससे नेतृत्व को याचिका को निष्प्रभावी बनाने में सहायता मिलती है, जबकि वह ऐसा करते नहीं दिखता है। इस प्रकार यह मामला एक नए सदन को स्थानान्तरित हो जाता है। अध्यक्ष पार्टी नेतृत्व का समर्थन करने के लिए सुनवाई की लंबी तारीखें देता है तथा प्रक्रिया व प्रमाण के मुद्दों को लंबा खींचने का प्रयास करता है। कोई भी अध्यक्ष पर सवाल नहीं उठा सकता है। याचिकाकर्ता तथा पीड़ित विपक्षी राजनीतिक दल को उसकी खुली पक्षधरता के सामने घुटने टेकने पड़ते हैं। यहां तक कि न्यायपालिका भी अध्यक्ष पर सवाल नहीं उठा सकती है क्योंकि कानून अध्यक्ष द्वारा निर्णय लेने के पहले उसे मामले में हस्तक्षेप करने की अनुमति नहीं देता है। इस कारण पार्टी नेतृत्व पालाबदल करने वालों को तत्काल महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त कर उनकी सहायता करता है और वे सदन का कार्यकाल समाप्त होने तक इन पर बने रहते हैं।

दलबदल-विरोधी कानून को संविधान में जोड़ी गई दसवीं अनुसूची भी कहा जाता है, इसे बावनवें संशोधन कानून, 1985 के माध्यम से जोड़ा गया था। अपनी पार्टी नेताओं के साथ मिलीभगत के 35 साल से कानून का उद्देश्य विफल करने के लिए अध्यक्ष अयोग्यता कार्यवाहियों को लंबा खींचते रहे हैं क्योंकि उनको अपना निर्णय देने में न्यायपालिका से हस्तक्षेप का कोई भय नहीं रहा है। लेकिन 2020 में थूनाजोम श्यामकुमार सिंह के मामले से यह स्थिति बदल गई है। थूनाजोम श्यामकुमार सिंह को मणिपुर में कांग्रेस के टिकट पर 2017 में विधायक चुना गया। निर्वाचन के फौरन बाद वे भाजपा में चले गए, उनको पार्टी ने एक कैबिनेट सीट तथा अनेक मंत्रालयों से पुरस्कृत किया गया जिसमें नगर नियोजन, वन व पर्यावरण तथा बागवानी व मृदा संरक्षण शामिल थे। कांग्रेस पार्टी ने मणिपुर उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर अध्यक्ष वाई. खेमचंद को 'एक उचित समय में' अयोग्यता प्रार्थना पर निर्णय करने का निर्देश देने का अनुरोध किया। 8 सितंबर, 2017 को उच्च न्यायालय ने यह कह कर याचिका खारिज कर दी कि सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष एक याचिका लंबित है जिसमें उच्च न्यायालय द्वारा अयोग्यता प्रार्थना पर अध्यक्ष को निर्णय का निर्देश देने पर सवाल उठाए गए हैं। 29 जनवरी, 2018 को अपीलकर्ता ने पुनः उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय ने 23 जुलाई, 2019 को कहा कि अध्यक्ष एक अर्ध-न्यायिक अधिकारी हैं जिनसे उचित समय में निर्णय लेने की आशा की जाती है, जो सदन के निर्धारित कार्यकाल पांच साल से बहुत कम हो। लेकिन उसने इस मामले में आदेश देने से इनकार कर दिया। इसके बाद मामला सर्वोच्च न्यायालय पहुंच गया। जस्टिस नरीमन की अध्यक्षता में तीन न्यायाधीशों की पीठ ने अध्यक्ष वाई, खेमचंद से कहा कि वे चार सप्ताह की समय सीमा में अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला करें। इस प्रकार पहली बार अदालत ने अध्यक्ष के निर्णय की समय सीमा निर्धारित की। लेकिन खेमचंद ने चार सप्ताह में आदेश नहीं दिया तथा दस दिन का समय और मांगा। दस दिन बीत जाने के बाद उन्होंने 15 दिन का समय और मांगा जिसे पीठ ने स्वीकार नहीं किया। पीठ ने थूनाजोम श्यामकुमार सिंह को राज्य कैबिनेट से हटा दिया और उनको अगले आदेशों तक विधानसभा में प्रवेश करने से प्रतिबंधित कर दिया। संविधान के अनुच्छेद 212 ने न्यायपालिका को विधायिका की कार्यवाही में हस्तक्षेप से प्रतिबंधित किया है। इसी अनुच्छेद के अंतर्गत अध्यक्ष संरक्षण प्राप्त कर पार्टी नेताओं के इशारे पर खेल करने की स्वतंत्रता प्राप्त करते हैं। थूनाजोम श्यामकुमार सिंह के मामले में अदालत ने अयोग्यता याचिकाओं पर अध्यक्ष के मनमाने तरीके से फैसला न करने या निष्क्रियता पर अनुच्छेद 142 का प्रयोग किया। यह अनुच्छेद सर्वोच्च न्यायालय को किसी मामले में न्याय देने के लिए कोई आवश्यक आदेश देने का अधिकार देता है। इसके लगभग एक साल बाद सर्वोच्च न्यायालय ने गोवा मामले में अध्यक्ष के निर्णय की समय सीमा मामले में फिर हस्तक्षेप किया।

जुलाई, 2019 को दस कांग्रेस विधायकों तथा महाराष्ट्रवादी गोमंतक पार्टी के दो विधायकों ने पालाबदल की और भाजपा में शामिल हो गए। पार्टी ने उनको मंत्रालय तथा अन्य शक्तिशाली पद दिए। अध्यक्ष ने अयोग्यता प्रार्थनाओं पर डेढ़ साल तक निर्णय नहीं किया। इसके बाद कांग्रेस ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जिसने 20 अप्रैल, 2021 तक निर्णय का आदेश दिया। इसी साल कोलकाता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल विधानसभा अध्यक्ष को मुकुल राय के खिलाफ अयोग्यता याचिका पर निर्णय की समय सीमा तय की जो भाजपा के टिकट पर चुने जाने के बाद तृणमूल कांग्रेस में चले गए थे। इनसे स्पष्ट नतीजा निकलता है कि दलबदल-विरोधी कानून को प्रभावी बनाने के लिए एक संशोधन कर अयोग्यता मामले में निर्णय करने की शक्ति अध्यक्ष से वापस ले ली जाए। यह शक्ति एक स्वतंत्र अधिकारी को दी जानी चाहिए।

थूनाजोम शिवकुमार सिंह के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था, 'संसद को गंभीरता से संविधान संशोधन पर विचार करना चाहिए ताकि लोकसभा व विधानसभाओं के अध्यक्षों की अयोग्यता मामलों में शक्तियों को बदला जा सके जो दसवीं अनुसूची के अंतर्गत मिलती हैं। सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश अथवा किसी बाहरी स्वतंत्र व्यवस्था की अध्यक्षता में एक स्थाई न्यायाधिकरण का गठन किया जाए जो यह सुनिश्चित करे कि ऐसे विवादों का तेजी से व निष्पक्ष तरीके से समाधान हो। इस प्रकार दसवीं अनुसूची में प्राविधानों को असली शक्ति प्राप्त होगी जो हमारे लोकतंत्र के समुचित कामकाज के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं।' केवल उचित समयसीमा में फैसला करने वाला स्वतंत्र अधिकारी ही राजनीतिक पार्टियों तथा निर्वाचित प्रतिनिधियों को हतोत्साहित कर सकता है कि वे मतदाताओं का जनादेश उलटने या उसमें परिवर्तन के लिए अवसरवादी समझौते न करें। यह समय सीमा तीन महीने होनी चाहिए और केवल तार्किक आधार होने पर ही उसे तीन महीने और विस्तार देना संभव हो। कानून में संशोधन कर किसी दलबदलू को सदन के कार्यकाल में लाभ का पद मिलने से वंचित किया जाना चाहिए।

यदि पालाबदल करने वालों को दलबदल के बाद कोई लाभ न मिले तो वे दलबदल क्यों करेंगे? उप-राष्ट्रपति वेंकैया नायडू को अपनी सरकार को सलाह देनी चाहिए कि वह कानून में संशोधन कर ऐसे परिवर्तन करे जिससे उनके ही शब्दों में, राजनीति में 'चरित्र, व्यवहार व क्षमता' को प्राथमिकता मिल सके।

# सत्ता में स्टालिन का एक साल

कल्याणी शंकर
(वरिष्ठ पत्रकार)




तमिलनाडु मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने 7 मई को सत्ता संभाले एक साल पूरा कर लिया। वह अपने प्रसिद्ध पिता एवं स्वर्गीय पूर्व मुख्यमंत्री एम करूणानिधि की छाया से बाहर निकल कर आए हैं। अब स्टालिन को मतदाताओं की उम्मीदों पर खरे उतरना होगा, वो इस तथ्य के मद्देनजर, जब तमिलनाडु के करिश्माई नेताओं की कमी होने पर पद संभाला था।

दूसरे, तमिलनाडु सरकार के खजाने की स्थिति ठीक नहीं है। तीसरा, दस साल तक सत्ता से बाहर रहने के बाद, स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रमुक ने सत्ता में आने के लिए मतदाताओं से चांद का वादा किया था। स्टालिन ने शपथ लेने के बाद कहा: 'डीएमके सरकार काम करेगी ताकि पार्टी को मतदान करने वाले लोग इसके प्रदर्शन से खुश हों और जिन्होंने इसे वोट नहीं दिया, उन्हें वोट न देने का खेद महसूस हो।'' स्टालिन ने पहले तीन महीने कोरोना वायरस महामारी से निपटने में बिताए और किसी रूप में इसे काफी हद तक प्रबंधित किया। तमिलनाडु को अगले दो महीनों में मूसलाधार बारिश और बाढ़ के कहर का सामना करना पड़ा। इसीलिए, वह अपने शासनकाल के पहले वर्ष के शेष सात महीनों के लिए ही विकास पर ध्यान केंद्रित कर पाए।

उन्होंने अपने कुछ वायदे निभाए हैं, मसलन महिलाओं के लिए मुफ्त बस-सेवाएं, और बेघरों के लिए शिक्षा। 500 वायदों की सूची में अधिकांश वादे पूरे होने अभी बाकी हैं, जिनमें गृहिणियों को हर महीने 1000 रुपए देने का प्रावधान तथा हिरासत में होने वाली मौतें, जिन्होंने विधि क्रियान्वयन अधिकारियों पर ध्यान-केन्द्रित किया है, जैसे मसले शामिल हैं। स्टालिन को अब राष्ट्रीय पहचान हासिल करने का भरोसा है। चुनावी सफलता के अलावा द्रमुक ने तीन महीने पहले बड़े पैमाने पर शहरी चुनाव जीतकर अपनी स्थिति मजबूत की थी. द्रमुक ने राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश किया है और राष्ट्रीय मोर्चा, संयुक्त मोर्चा, एनडीए और यूपीए सरकारों में भाग लिया है। तो, स्टालिन की महत्वाकांक्षा होने में कुछ भी गलत नहीं है।

पिछले एक साल में, स्टालिन ने सबसे पहले



अपने ''द्रविड़ मॉडल को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के मॉडल (गुजरात मॉडल) के बरक्स खड़ा किया। अपनी महत्वाकांक्षा को स्पष्ट करते हुए, स्टालिन ने ट्वीट किया, ''द्रविड़ मॉडल का लक्ष्य एक बेहतर तमिलनाडु का निर्माण करना है।'' दूसरे, राज्य स्तर पर गठबंधन की राजनीति में एक अच्छे मध्यस्थ के रूप में उभरने के बाद, उनका लक्ष्य इस भूमिका को राष्ट्रीय स्तर पर ले जाना है। वह राज्य में, कम्युनिस्ट पार्टियों और कांग्रेस सहित, 12 पार्टियों को एक साथ ला सकते थे। वह 2024 के चुनावों में एक भूमिका निभाना चाहते हैं और गैर-भाजपा दलों के बीच एक प्रेरक शक्ति बनना चाहते हैं, जिनमें से कुछ कांग्रेस के साथ आंख मिलाकर नहीं देखते हैं।

तीसरा, स्टालिन संघवाद और सामाजिक न्याय के विचारों को बढ़ावा देने में आक्रामक भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने 'राष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक न्याय और संघवाद के सिद्धांतों को प्राप्त करने' के लिए अखिल भारतीय सामाजिक न्याय संघ का गठन किया है। चौथा, स्टालिन ने भाषा के भावनात्मक मुद्दे का इस्तेमाल किया और हिंदी विरोधी भावनाओं को प्रोत्साहित किया।

पांचवीं और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि स्टालिन ने श्रीलंका के समक्ष विदेश नीति के मोर्चे पर अपनी पहल दिखाई है, जो एक अभूतपूर्व राजनीतिक और आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। स्टालिन ने न केवल श्रीलंकाई तमिलों की मदद के लिए मोदी से मुलाकात की, बल्कि शरणार्थियों की आमद पर भी चिंता व्यक्त की। तमिलनाडु ने हमेशा से श्रीलंकाई नीति में अपनी बात रखना चाहा है और केंद्र अक्सर तमिलनाडु के राजनीतिक दलों की भावनाओं के साथ गया है।

स्टालिन ने हाल ही में विधानसभा में एक सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित किया और जनता से श्रीलंका के लिए स्वैच्छिक दान करने की अपील की। डीएमके प्रमुख के रूप में, उन्होंने एक करोड़ रुपये के दान की घोषणा की। उन्होंने घोषणा की कि तमिलनाडु सरकार जल्द ही पड़ोसी देश को पहले चरण में 40,000 टन चावल, 500 टन मिल्क पाउडर और जीवन रक्षक दवाएं भेजेगी।

छठा, स्टालिन ने हाल ही में अपनी राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा के तहत दिल्ली में द्रमुक कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा,''मेरे खयाल से, भाजपा का विरोध करने वाले सभी राज्य दलों को भाजपा के खिलाफ एक टीम बनाने के लिए कांग्रेस व वाम दलों के साथ हाथ मिलाना चाहिए।''

सातवां, अपने बढ़ते राष्ट्रीय कद को बढ़ाने के लिए, उन्होंने 28 फरवरी को अपनी पुस्तक के विमोचन के लिए गैर-भाजपा नेताओं की एक समूह को एकजुट किया। उनमें अन्य के साथ, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, फारूक अब्दुल्ला, तेजस्वी यादव, उद्धव ठाकरे थे।

स्टालिन ने कई मुद्दों पर केंद्र के खिलाफ संघर्ष की शुरुआत की। वे मुख्यमंत्रियों के साथ नेटवर्किंग कर रहे हैं ताकि केंद्र पर वस्तु एवं सेवा कर के अधिक महत्वपूर्ण हिस्से को साझा करने के लिए दबाव डाला जा सके। राज्य की सूची में शिक्षा को वापस लाने के लिए एनईईटी चयन उपायों के खिलाफ प्रस्ताव, और चिकित्सा शिक्षा में आरक्षण, ऐसे ही कुछ मुद्दे हैं। इस जमीनी नेता ने निश्चित रूप से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। हालांकि, क्या एक वर्ष किसी व्यक्ति की क्षमताओं का न्याय करने के लिए पर्याप्त है? निश्चित रूप से नहीं, लेकिन यह इंगित करता है कि उनकी सरकार किस दिशा में आगे बढ़ रही है।

## आप की बात

### सोशल मीडिया का यथार्थ

**हर** चीज के दो पहलू होते हैं एक अच्छा, दूसरा बुरा। संचार क्षेत्र में सोशल मीडिया के रूप में नयी क्रांति आई तो हमने इसके अच्छे पहलूओं पर ही ध्यान दिया। सोशल मीडिया कब हमारी हर दैनिक गतिविधियों पर हावी हो गया हमें पता ही नहीं चला। आज हम मोबाइल फोन के बिना अपना समय नहीं बिता सकते। सोशल मीडिया का उपयोग हम आपसी संवाद के लिए करते हैं। युवाओं को समझना चाहिए कि सोशल मीडिया और वास्तविक दुनिया में बहुत अंतर होता है। आवश्यकता है कि माता .पिता अपने बच्चों को इस तरह से परिपक्व बनाये कि वह जान सके कि किस जगह किस तरीके से वार्तालाप करना चाहिए साथ ही उनसे हिंदी या अंग्रेजी भाषा के कठिन शब्दों को लिखने की आदत डलवानी चाहिये। हिंदी भाषा में आज का युवा लिखना नही चाहता और अंग्रेजी भी अच्छे से नही आती ऐसे में हिंगलिश को माध्यम बनाया गया जिसका हमारी वास्तविकता से कोई वास्ता नही है। ऐसे में यह आवश्यक है कि स्कूल में बच्चों को इन सबके बीच अंतर समझाया जाये क्योंकि बचपन की सीख हमेशा के लिए मनो-मस्तिष्क पर अंकित हो जाती है।

– **मंगल सिंह**, लखनऊ

### कश्मीर में प्रगति

**धारा** 370 हटाने के बाद अब जम्मू-कश्मीर में भी विकास कार्यों की धारा बहने लगी है। केंद्र सरकार एक संकल्प के साथ वहां कार्य कर रही है। आज जम्मू कश्मीर का नए सिरे से परिसीमन कर वहां विधानसभा सीटों की संख्या भी बढ़ा दी गई है। विश्वास है कि अब केंद्र सरकार के साथ-साथ वहां आने वाली हर नई विधानसभा भी अपने क्षेत्र की भलाई एवं विकास का संकल्प लेगी। आज जरूरत इस बात की भी है कि केंद्र सरकार भारतीय कश्मीरी क्षेत्र के विकास के साथ-साथ पाक अधिकृत कश्मीर के विषय में भी विचार करें वहां की जनता भी पाकिस्तानी सेना एवं स्थित आतंकवादी संगठनों के जुल्मों सितम का शिकार हो रही है। पाकिस्तानी सेना का कहर वहां की जनता पर बरसता है, महिलाओं को बलात्कार का शिकार बनाया जाता है। भोले भाले कश्मीरी नवयुवकों को डरा धमका कर आतंकवादी बनने पर मजबूर किया जाता है। पाक अधिकृत कश्मीर की जनता भारत समेत बाकी दुनिया की ओर देख रही है कि उसे कब उत्पीड़न से मुक्ति मिलेगी और वह भारतीय कश्मीर की तरह प्रगति कर सकेगी।

– **रक्षित राजावत**, शाजापुर

### प्लास्टिक का खतरा

गत कई वर्षों से विश्व भर के वैज्ञानिक जी जान लगाकर मानव हित के लिए उपयोगी अविष्कार कर रहे मगर मानव ही एकमात्र ऐसा प्राणी है जो मानव हित में किए गए अविष्कार का भी दुरुपयोग कर लेता है! जैसे कि परमाणु ऊर्जा का आविष्कार जो आज समूचे विश्व को नष्ट कर देने का एक हथियार बन चुका हे! ऐसे ही प्लास्टिक है क्योंकि जलवायु संकट और प्लास्टिक के बीच एक गहरा रिश्ता है। वैश्विक उत्सर्जन का बड़ा हिस्सा सिर्फप्लास्टिक की बदौलत होता है, जो आज गंभीर समस्या बन चुका है। 1907 से लेकर आज तक के इस छोटे से सफर में प्लास्टिक की यात्रा एक चमत्कारी खोज से जहरीले सच में बदल गई है। सरकार की सख्त पाबंदियों के बावजूद प्लास्टिक के पहाड़ों का आकार बढ़ता जा रहा है। जो कि भविष्य के लिए एक खतरनाक संकेत है। अब वक्त आ गया है कि भारत सहित विश्व के सभी देश सभी प्रकार के प्लास्टिक उपयोग पर सख्त पाबंदी लगाएं। अन्यथा मानवता प्लास्टिक के पहाड़ों के नीचे ही दम तोड़ देगी !.

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



जब जोधपुर में लोग सड़कों पर थे, तब गहलौत साहब जयपुर में अपना जन्म दिन मना रहे थे।

– **जे.पी. नड्डा**
भाजपा अध्यक्ष



**यदि** मान सुशासन लाते हैं तो उनकी प्रशंसा, नहीं तो सिद्धू चौकीदार बना रहेगा।

– **नवजोत सिंह सिद्धू**
पूर्व पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष



**सिद्धू** जनता द्वारा पराजित व अस्वीकृत आम आदमी हैं। आप आम आदमी की पार्टी है। हमारे मुख्यमंत्री ने आम आदमी को समय दिया।

– **ललित सिंह भुल्लर**
पंजाब के कैबिनेट मंत्री

# प्रशासनिक व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी आईएएस अधिकारी: सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बुधवार को लोक भवन में भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2020 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आईएएस अधिकारी प्रशासनिक व्यवस्था की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। विकास कार्यों के क्रियान्वयन में इन अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी सदैव सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कार्य करें। उनके लिए यह सकारात्मक दृष्टिकोण न केवल सेवाकाल में बल्कि जीवन में भी उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी संवाद के माध्यम से जनता की समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ जनता तक पहुंचे, इसके लिए जरूरी है कि अधिकारी तमाम विषयों और मुद्दों से भली-भांति परिचित हों। उन्हें अपने दायित्वों का भली प्रकार निर्वहन करने के लिए परिश्रमी और तेजी से फैसले लेने में भी सक्षम होना चाहिए। साथ ही, मामलों का निस्तारण पारदर्शी तथा समयबद्ध ढंग से किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन के लक्ष्य की पूर्ति के लिए सुदृढ़ कानून व्यवस्था आवश्यक है। इसके दृष्टिगत प्रदेश सरकार ने विगत 5 वर्षों में कानून व्यवस्था को बेहतर करने के लिए उल्लेखनीय कार्य किये हैं। प्रदेश में कायम अमन चैन के माहौल ने विकास गतिविधियों को नई ऊंचाइयां प्रदान की हैं। प्रदेश में सभी पर्व एवं त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाये जा रहे हैं। कानून-व्यवस्था को बनाए रखने में प्रशासनिक अधिकारियों की प्रभावी भूमिका होती है। कभी-कभी एक छोटी सी घटना भी बड़े विवाद का रूप ले लेती है, जिसे प्रारम्भिक चरण में ही संवाद के माध्यम से निस्तारित कर लेना चाहिए। लोकतंत्र में जन आकांक्षा एवं जन आस्था का सम्मान आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्तर्विभागीय समन्वय कार्यों को क्रियान्वित करने का एक बेहतर माध्यम है। प्रदेश सरकार ने विगत 5 वर्षों में अन्तर्विभागीय समन्वय द्वारा पूर्वी उत्तर प्रदेश में इन्सेफेलाइटिस के प्रभावी नियन्त्रण में सफलता प्राप्त की है। प्रदेश के आकांक्षात्मक जनपदों में अन्तर्विभागीय समन्वय के माध्यम से विकास कार्यों को सम्पादित किया जा रहा है। परिणामस्वरूप आकांक्षात्मक जनपदों की डेल्टा रैंकिंग में प्रदेश के जनपद फतेहपुर ने उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। साथ ही, 7 अन्य आकांक्षात्मक जनपदों ने भी डेल्टा रैंकिंग में बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में प्रदेश सरकार कार्य कर रही है। अब हमें बेहतर प्रबन्धन से आत्मनिर्भर गांव की दिशा में आगे बढ़ना होगा। ग्राम पंचायतें अपने संसाधनों के बेहतर प्रबन्धन एवं जन सहभागिता से अपने राजस्व को बढ़ाकर विभिन्न विकास कार्य सम्पादित कर सकती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे विशाल और विविधतापूर्ण राज्य में अधिकारियों को अपनी क्षमता व दक्षता दिखाने का अवसर मिला है। बगैर किसी भेदभाव, दबाव व पक्षपात के जनसंवाद के आधार पर कार्य करके, वे एक कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी के रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल हो सकेंगे।

## 30 प्रतिशत बढ़ा यूपी का निर्यात

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2021-22 में उत्तर प्रदेश के निर्यात में 30 प्रतिशत की वृद्धि के लिए राज्य के उद्यमियों एवं निर्यातकों सहित प्रदेश की जनता को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि गत वित्तीय वर्ष में राज्य से होने वाले निर्यात में 35 हजार करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। इससे प्रदेश से होने वाला कुल निर्यात बढ़कर 1.56 लाख करोड़ रुपये हो गया है। वर्ष 2017 में प्रदेश का कुल निर्यात लगभग 88 हजार करोड़ रुपये का था। इस प्रकार विगत 5 वर्षों में राज्य से निर्यात में लगभग दोगुनी बढ़ोत्तरी हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य विकास और समृद्धि के पथ पर तेजी से अग्रसर है। डबल इंजन की सरकार में प्रदेश देश का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। राज्य में उद्यमियों, निवेशकों, निर्यातकों को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक कदम उठाए गये हैं। विभिन्न क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के लिए क्षेत्र-विशिष्ट नीतियां लागू की गयी हैं। उद्यमियों, निवेशकों, निर्यातकों की सुविधा के लिए सिंगल विण्डो पोर्टल 'निवेश मित्र' संचालित किया जा रहा है। प्रदेश दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। प्रदेश सरकार के प्रयासों से ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की रैंकिंग में राज्य का दूसरा स्थान है। अब टीम यूपी प्रथम स्थान के लिए प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने औद्योगिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए नियोजित प्रयास किये जा रहे हैं।

## मुख्य सचिव से मिले विदेश सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र से आज लोक भवन स्थित कार्यालय कक्ष के सभागार में 2020 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों ने भेंट की। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुये कहा कि अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में भारत की भूमिका का विस्तार हो रहा है। कोविड-19 महामारी जैसी चुनौती का न केवल भारत ने सामना किया, बल्कि देश आत्मनिर्भर भारत के रुप उभरा है।

उन्होंने कहा कि आज भारत देश मेट्रो का निर्माण ही नहीं कर रहा है, बल्कि अन्य देशों को निर्यात भी कर रहा है। चाहे स्वच्छ भारत मिशन, स्मार्ट मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सभी को आवास, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया हो या तेज गति के रेलवे नेटवर्क का निर्माण हो विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं।

## 21 मई से 21 जून तक मनाया जायेगा अमृत योग माह: मुख्य सचिव

- 7.5 करोड़ लोगों को योग से जोड़ने का लक्ष्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस को भव्य बनाया जाये। इसकी सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जायें। उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसको दृष्टिगत रखते हुए आगामी 21 मई से 21 जून तक अमृत योग माह मनाया जायेगा, जिसमें 7.5 करोड़ लोगों को योग से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जिलाधिकारी इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये माइक्रो प्लान तैयार कर आयुष विभाग को यथाशीघ्र उपलब्ध करा दें। योग दिवस पर अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर रिकार्ड स्थापित करने के लिये अभिनव प्रयास भी करें।

बुधवार को मुख्य सचिव ने यह निर्देश सभी मण्डलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिये। उन्होंने आठ जनपदों में टैबलेट तथा 23 जनपदों में स्मार्टफोन शत-प्रतिशत वितरण किये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये अन्य जनपदों को टैबलेट व स्मार्टफोन का शीघ्र शत-प्रतिशत वितरण करने के निर्देश दिये।

## दबिश के दौरान युवती की मौत मामले की जांच अब सीबीसीआईडी के हवाले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**चंदौली** के सैयदराजा थाना क्षेत्र में दस दिन पूर्व एक गैंगेस्टर के घर पुलिस दबिश के दौरान उसकी बेटी की हुई मौत के मामले की जांच शासन ने सीबीसीआईडी को सौंप दी है। इस मामले में परिवार वालों की तहरीर पर तत्कालीन थानाध्यक्ष सहित आधा दर्जन पुलिस कर्मियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। जांच सीबीसीआई से कराए जाने के संबंध में गृह विभाग की ओर से आदेश जारी कर दिए गए हैं। सैयदराजा थाना क्षेत्र के मनराजपुर गांव में एक मई को पुलिस की दबिश के दौरान जिला बदर के आरोपी कन्हैया यादव की बड़ी बेटी निशा यादव की मौत हो गई थी। परिवार वालों ने युवती के मौत के लिए तत्कालीन थानाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मियों को जिम्मेदार ठहराया था। मामले के तूल पकड़ने के बाद मृतका के पिता की तहरीर पर उदय प्रताप सिंह समेत छह पुलिसकर्मियों पर सैयदराजा थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। बाद में पुलिस ने अधीक्षक ने सभी आरोपी पुलिसकर्मियों को निलंबित कर पूरे प्रकरण की जांच एडिशनल एसपी को सौंपी थी। जिलाधिकारी ने मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दे चुके हैं। इस मामले को लेकर राजनीति भी काफी गरम हो गई है। विपक्षी दल लगातार प्रदेश सरकार व पुलिस की भूमिका को लेकर सवाल खड़े कर रहे है। मनराजपुर मामले में किरकिरी होने के बाद शासन स्तर से पूरे मामले की जांच सीबीसीआईडी को सौंप दी है। गृह विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि सीबीसीआईडी सीधे तौर पर शासन के निर्देशों पर कार्य करती है। वह किसी भी विवेचना में सभी पहलुओं को परखती है। इसके लिए वैज्ञानिक, कानूनी एंव सभी तर्कों की कसौटी पर कसा जाता है। आवश्यकता पड़ने पर सीबीसीआईडी घटना का रिक्रिएशन भी करती है। विवेचना में सामने आए सभी पहलुओं को एसपी की ओर से समझने के बाद उसे उच्चाधिकारियों को सौंपा जाता है। अंत में रिपोर्ट डीजी सीबीसीआईडी तक पहुंचती है। जहां डीजी व ज्वाइंट डायरेक्टर प्रास्क्यूशन पूरी रिपोर्ट वैज्ञानिक और कानूनी तथ्यों को बारीकी से परखते हैं। संतुष्ट होने पर उसे शासन को भेज दिया जाता है।

## स्वदेशी ऐप का उपयोग कर बनाएं लोकप्रिय: योगी

- 'कू' ऐप के संस्थापकों से मिले मुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**आत्मनिर्भर** भारत के लक्ष्य को मजबूत करने के लिए स्थानीय उत्पादों के संरक्षण और उनको प्रोत्साहित करने के महत्व पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर उत्तर प्रदेश के नागरिकों से स्वदेशी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने बुधवार को लखनऊ में 'कू' ऐप के फाउंडर्स अप्रमेय राधाकृष्ण और मयंक बिद्वतका से मुलाकात की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को स्वदेशी ऐप का उपयोग और समर्थन करना चाहिए। भारत का अपना भाषा-आधारित माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म होने के कारण राज्य के लोगों को सरकार की पहल से जुड़ने के लिए स्वदेशी ऐप का उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के लोगों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के अपने विजन के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि जनता और सरकार के बीच की दूरी को खत्म करने के लिए तकनीक का इस्तेमाल किया जाना चाहिए ताकि हर जरूरतमंद व्यक्ति लाभान्वित हो सके। इस मौके पर 'कू' ऐप के सीईओ और सहसंस्थापक अप्रमेय राधाकृष्ण ने भी मुख्यमंत्री योगी की तारीफ करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आज मुलाकात कर और उनका विजन जानकर काफी खुशी हुई।

## पूर्वांचल और बुंदेलखंड में राजकीय नलकूपों का होगा आधुनिकीकरण



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नहरों** से खेतों तक सिंचाई के लिए जल पहुंचे, खेत-खलिहान लहलहाए, किसानों के चेहरों पर खुशियां आएं और उनको लाभ मिले। यूपी में योगी सरकार के प्रयासों से यह सब संभव हो रहा है। सिंचाई और जल संसाधन विभाग किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास में जुटा है। बहुत जल्द पूर्वांचल और बुंदेलंखड के 7 जनपदों में 239 राजकीय नलकूपों का आधुनिकीकरण कराने जा रहा है। इन नलकूपों से पानी की कमी के समय नहरों में पानी की आपूर्ति की जाती है। प्रदेश सरकार ने किसानों के हित की योजनाओं को आगे बढ़ाते हुए सिंचाई के लिए उचित संसाधन मुहैया कराने पर भी जोर दिया है। दूसरे कार्यकाल में सीएम योगी के प्रयासों से किसानों के खेत तक सिंचाई सुविधाओं को पहुंचाने की चाक-चौबंद व्यवस्थाएं की जा रही है। सिंचाई और जल संसाधन विभाग को 100 दिनों की कार्ययोजना तैयार करने को दी गई है। योजना के तहत सबसे पहले गोरखपुर, बस्ती, अयोध्या, देवीपाटन मण्डलों में 135 राजकीय नलकूपों और कानपुर, झांसी, बांदा मण्डलों में 104 राजकीय नलकूपों का आधुनिकीकरण कराया जाएगा। जिससे 2395 हेक्टेयर क्षेत्रफल में सिंचाई के लिए भरपूर पानी मिलेगा और लगभग 2480 से अधिक किसान लाभान्वित होंगे। इस कार्ययोजना में गाजीपुर के अमौरा पम्प नहर एवं रायबरेली की खण्डीय कार्यशाला को भी आधुनिक संसाधनों से लैस किया जाएगा। विभाग अगले 06 महीनों में 61 जनपदों में 1101 राजकीय नलकूपों को रीबोर कराने की तैयारी भी कर रहा है। जिससे बड़ी संख्या में किसानों को अधिक से अधिक लाभ देकर उनकी खेती को बढ़ावा दिया जाए। गौरतलब है कि प्रदेश में सिंचाई हेतु उपयोग में आने वाले जल का 70 प्रतिषत भू-जल है। सिंचाई हेतु भू-जल पर कृषकों की निर्भरता अत्यधिक है एवं इसमें राजकीय नलकूपों का बड़ा योगदान है। आंकड़ों के मुताबिक राज्य में 34307 चलित नलकूप हैं और इनकी सिंचन क्षमता 29.07 लाख हेक्टेयर है।

## इस बार ई-विधान के जरिए होगी सदन की कार्यवाही

- 20 व 21 मई को लोकसभा अध्यक्ष नए सदस्यों को करेंगे संबोधित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**योगी** सरकार के दूसरे कार्यकाल में 23 मई से प्रस्तावित बजट सत्र कई मामलों मे ऐतिहासिक होगा। पहली बार ई-विधान व्यवस्था के तहत हर विधानसभा सदस्य के आसन पर लैपटाप लगा होगा, जिसके जरिए वह सवाल उठाएगा और उनके जवाब भी अपने कम्प्यूटर स्क्रीन पर प्राप्त कर सकेगा। लेकिन अनुपूरक सवाल के जवाब मंत्री को ही देने पड़ेंगे। अभी यह शुरूआत में सदन तक ई-विधान सिस्टम किय जा रहा है बाद में संसदीय अनुभाग व अन्य क्रिया कलाप भी आनलाइन ही होंगे।

विधानसभा मंडप में न सिर्फ सीटों की संख्या 379 से बढ़ कर 416 होगी बल्कि सदन के हर सदस्य के लिए सीट निर्धारित होगी। विधानसभा के नए सदस्यों के लिए 20 और 21 मई को प्रबोधन कार्यक्रम होगा, जिसका उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। 21 मई को दोपहर के बाद प्रबोधन कार्यक्रम विधान सभा मंडप में होगा जिसमें सदस्यों को ई विधान के तहत सदन की कार्यवाही के संचालन के बारे में जानकारी दी जाएगी। ई-विधान को लेकर विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बताया कि विधानसभा के हर सदस्य के सामने मेज पर टैबलेट लगा होगा। यह टेबलेट सदस्य के कोड या उसके फिगरप्रिंट से चालू होगा। सदन की कार्यवाही का एजेंडा टैबलेट पर उपलब्ध होगा। प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों की ओर से पूछे जाने वाले प्रश्न और सरकार की ओर से दिए जाने वाले उत्तर प्रश्न भी टैबलेट पर उपलब्ध होंगे। राज्यपाल का अभिभाषण और वर्तमान वित्तीय वर्ष का बजट भी टैबलेट पर उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि ई-विधान प्रोजेक्ट को उत्तर प्रदेश विधानसभा में बजट सत्र से लागू करने के दृष्टिगत बुधवार को विधान भवन में सर्वदलीय बैठक की। अध्यक्ष ने सभी दलीय नेताओं को ई-विधान परियोजना की विशेषताओं के बारे में बताया। सभी दलीय नेताओं ने इसकी सराहना की। विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि वह चाहते हैं कि ई विधान प्रोजेक्ट के लागू होने के कारण सदन में ज्यादा से ज्यादा सदस्यों को प्रश्न पूछने का मौका मिले। सर्वदलीय बैठक में सहमति बनी कि चूंकि सदस्यों की ओर से पूछे जाने वाले प्रश्न और उत्तर टैबलेट पर उपलब्ध होंगे इसलिए वे पढ़े माने जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए दो अनुपूरक प्रश्न पूछने की अनुमति दी जाएगी। इसके अलावा तीसरा अनुपूरक प्रश्न नेता प्रतिपक्ष पूछ सकते हैं। महाना ने बताया कि विधानसभा की कार्यवाही विधानसभा के पोर्टल, फेसबुक और यूट्यूब पर लाइव होगी। जनता जान सकेगी कि उसके निर्वाचित जनप्रतिनिधि की विधानसभा की कार्यवाही में कितनी भागीदारी है। ई विधान को राज्य सरकार के हर कार्यालय से जोड़ने का काम भी जारी है। उन्होंने बताया कि नेशनल ई विधान परियोजना से देश की सभी विधानसभाएं एक पोर्टल से जुड़ जाएंगी। उन्होंने कहा कि पहले सत्र में हम सदन के एजेंडे की हार्ड कॉपी भी उपलब्ध कराएंगे।

## प्राइमरी स्कूलों में स्मार्ट क्लास जल्द रिमोट लर्निंग सिस्टम से होगी पढ़ाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की बेसिक शिक्षा में आमूल चूल परिवर्तन की मुहिम रंग ला रही है। पिछले पांच सालों में सीएम के संकल्प से प्राइमरी स्कूलों की न सिर्फ दशा और दिशा बदली है, बल्कि स्कूलों में संसाधनों और सुविधाओं में भी इजाफा हुआ है। इसी कारण प्राइमरी स्कूलों में बच्चों का नामांकन डेढ़ करोड़ से साल दर साल बढ़ते हुए दो करोड़ के पास पहुंच गया है। और अब बच्चों को शुरूआत में ही तकनीक से जोड़ने के लिए स्कूलों में स्मार्ट क्लास होंगे और रिमोट लर्निंग सिस्टम से पढ़ाई होगी।

पिछली सरकारों में दम तोड़ रही प्राइमरी शिक्षा को सीएम योगी ने पिछले पांच सालों में जीवंत करने में भगीरथी प्रयास किए हैं। उन्होंने बेसिक शिक्षा के महत्व को देखते हुए वित्त वर्ष 2016-17 में 55,176 हजार करोड़ से बढ़ाकर वित्त वर्ष 2021-22 में 63,455 तक पहुंचाया है। इसके अलावा निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से 1,22,054 शिक्षकों की भर्ती की है। 2019 में मिशन प्रेरणा के रूप में लर्निंग आउटकम आधारित शिक्षण प्रक्रिया को अपनाया गया है और सभी स्कूलों में शिक्षण के लिए एनसीईआरटी गणित किट की उपलब्ध कराई गई है। योगी 2.0 में अब सीएम योगी का शिक्षा की गुणवत्ता पर जोर है। इसीलिए वह खुद प्राइमरी स्कूलों में जाकर शिक्षा की गुणवत्ता परख रहे हैं।

### पहले कार्यकाल में कायाकल्प से बदली प्राईमरी स्कूलों की तस्वीर

**प्राइमरी** स्कूलों में आपरेशन कायाकल्प के तहत अंतर विभागीय समन्वय से मूलभूत सुविधाओं और संसाधनों से प्राइमरी स्कूलों की तस्वरी बदल गई है। बेसिक शिक्षा में विभिन्न विभागों से समन्वय करते हुए करीब 16 सौ करोड़ रुपए के कार्य कराए गए हैं। पंचायती राज विभाग के 15वें वित्त आयोग और पंचम राज्य वित्त आयोग की धनराशि, नगर विकास और विनियोजित क्षेत्र के कार्पस फंड से संबंधित क्षेत्रों के विद्यालयों का सुदृढीकरण कराया गया है।

## प्रदेश में कोरोना के नए मामलों में कमी, एक्टिव केस में भी गिरावट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार की संवेदनशीलता का ही असर है कि 24 करोड़ आबादी वाले प्रदेश में एक्टिव केस की संख्या में इजाफा होने के बाद भी अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या न के बराबर है। संक्रमित मरीजों को उनके घर पर ही सारी सेवाएं सरकार की ओर से पहुंचाई जा रही हैं। संक्रमितों की 24 घटें की मॉनिटरिंग, दवाओं की उपलब्धता, टेस्ट, सैनिटाइजेशन के साथ ही उस इलाके में कोविड गाइडलाइन का पालन कड़ाई से कराया जा रहा है। जिसका परिणाम है कि प्रदेश के हालात बेहतर हैं। बीते 7 मई को प्रदेश में 2000 से अधिक एक्टिव केस थे लेकिन एक बार फिर से नए केस की संख्या में कमी देखी जा रही है। प्रदेश में मंगलवार को पॉजिटिविटी दर 0.03 प्रतिशत रही। प्रदेश में कोरोना संक्रमण की स्थिति पूरी तौर पर नियंत्रण में है। फोर टी रणनीति (ट्रैक, टेस्ट, ट्रीट और टीकाकरण) की नीति के सफल क्रियान्वयन से उत्तर प्रदेश में कोविड पर प्रभावी नियंत्रण बना हुआ है। वर्तमान में प्रदेश में कुल 1,432 एक्टिव केस हैं। इसमें 1374 लोग होम आइसोलेशन में हैं। बीते 24 घंटे में पूरे प्रदेश में 179 नए संक्रमण के मामलों की पुष्टि हुई। गौतमबुद्ध नगर में 56, गाजियाबाद में 37, लखनऊ में 21 नए संक्रमण के केस मिले। इस बीच 231 लोगों ने कोरोनो संक्रमण को मात दी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्चस्तरीय बैठक में आला अधिकारियों को टेस्टिंग की संख्या को तेजी से बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिन जिलों में दहाई अंक में नए केस की पुष्टि हो रही है वहां कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग और ट्रैवल हिस्ट्री का आंकलन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आला अधिकारियों से कहा कि जिन जिलों में केस अधिक मिल रहे हैं वहां सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क लगाया जाना अनिवार्य करें और इसका प्रभावी अनुपालन कराएं। उत्तर प्रदेश में अब तक कोविड टीके की 31 करोड़ 85 लाख डोज दी जा चुकी है। जबकि 11 करोड़ 23 लाख से अधिक कोविड टेस्ट भी किए जा चुके हैं। 18 से अधिक आयु की पूरी आबादी को टीके की कम से कम एक डोज दी जा चुकी है, जबकि 89.86 प्रतिशत वयस्क लोगों को दोनों खुराक मिल चुकी है। 15 से 17 आयु वर्ग में 95.85 प्रतिशत से अधिक किशोरों को पहली खुराक और 69.80 प्रतिशत से किशोरों को दोनों डोज दी जा चुकी है। 12 से 14 आयु वर्ग में 70 प्रतिशत से अधिक बच्चे टीकाकवर पा चुके हैं। जिनको दूसरी डोज लगाया जाना भी शुरू हो चुका है।

# सरकार के पहले बजट में दिखेगी संकल्प पत्र की झलक

## योगी सरकार का बजट 6.5 लाख करोड़ रुपए का होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**योगी** सरकार के दूसरे कार्यकाल का पहला बजट सत्र कई मामलों में ऐतिहासिक होगा। ऐसा पहला मौका होगा कि जब किसी बजट सत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने नेता प्रतिपक्ष के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव मौजूद होंगे हालांकि इससे पहले शपथ ग्रहण कार्यक्रम में दोनों ही नेता सदन में मौजूद रहे। योगी 2.0 सरकार के इस पहले बजट का आकार करीब 6.5 लाख करोड़ रुपये का होगा। बजट के माध्यम से सरकार किसानों को मुफ्त बिजली, मेधावी छात्राओं को स्कूटी के साथ ही घोषणा पत्र में शामिल अन्य घोषणाओं को पूरा करती नजर आ सकती है।

इस बजट सत्र में सरकार अपनी योजनाओं के लिए बजट की व्यवस्था करेगी तो वहीं जिन योजनाओं के बदौलत सरकार की दोबारा सत्ता में वापसी हुई है उन योजनाओं को गति देने के लिए धन का इंतजाम करेगी। सरकार का प्रयास होगा कि लोक कल्याण संकल्प पत्र की अधिकांश घोषणाओं को पूरा करने के लिए वित्तीय खुराक इस बजट के माध्यम से दी जाए। सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में 23 मई से विधानमंडल सत्र बुलाए जाने को स्वीकृति दे दी गई। सरकार व संगठन दोनों की मंशा है कि 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले अधिकांश संकल्पों को पूरा कर लिया जाए। ऐसे में प्रयास होगा कि सरकार के सौ दिन पूरे होते-होते अधिकांश योजनाओं के लिए बजट की व्यवस्था कर दी जाए। सरदार वल्लभ भाई पटेल एग्री इन्फ्रास्ट्रक्चर योजना, गन्ना मिल नवीनीकरण मिशन, नंद बाबा दुग्ध पुरस्कार, छह मेगा फूड पार्क योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना, अटल इंडस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर योजना, संभाग स्तर पर आइटी पार्क की स्थापना जैसी कई बड़ी योजनाएं हैं जिन्हें सरकार जल्द शुरू करना चाहती है। सरकार भाजपा के लोक कल्याण संकल्प पत्र को पहले बजट से ही अमली जामा पहनाने में जुटेगी। बजट में केंद्रीय योजनाओं पर भी फोकस बरकरार रहेगा। योगी सरकार वित्तीय वर्ष 2022-23 के पहले चार महीनों के खर्च के लिए लेखानुदान पारित करा चुकी है। योगी सरकार ने मुफ्त राशन की सुविधा को तीन माह के लिए बढ़ाया है। बजट में इसकी व्यवस्था की जाएगी। उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को मुफ्त रसोई गैस सिलिंडर के तोहफे के लिए भी सरकार पहले बजट में आवंटन कर सकती है। बजट का फोकस बुनियादी ढांचे के विकास, किसानों, रोजगार और स्टार्टअप पर होगा। अधूरे एक्सप्रेसवे, मेट्रो रेल तथा जेवर व अयोध्या एयरपोर्ट परियोजनाओं के लिए धनावंटन कर उन्हें रफ्तार देना सरकार की प्राथमिकता होगी। केंद्र के बजट में घोषित की जा चुकी पीएम गतिशक्ति योजना का भी उत्तर प्रदेश सरकार ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने की कोशिश करेगी। संकल्प पत्र में किये गए वादे के मुताबिक किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली की सुविधा मुहैया कराने के लिए बजट में संसाधनों का इंतजाम हो सकता है। गंगा नदी के किनारे पांच किलोमीटर के दायरे में जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए भी बजट आवंटन हो सकता है। हर घर नल परियोजना को तेजी से क्रियान्वित करने के लिए भी बजट में संसाधनों का इंतजाम होगा। बजट के माध्यम से किसानों को सिंचाई के लिए नि:शुल्क बिजली, उज्जवला योजना के तहत होली और दिवाली में दो मुफ्त घरेलू गैस सिलेंडर, रानी लक्ष्मीबाई योजना के तहत मेधावी छात्राओं को मुफ्त स्कूटी, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में एक लाख की मदद किए जाने के लिए बजट का प्रबंध होने की उम्मीद है। संकल्प पत्र की अन्य घोषणाओं को भी बजट के माध्यम से सरकार आगे बढ़ाएगी। योगी सरकार का यह बजट सुशासन, सुरक्षा और विकास पर केंद्रित होगा।

## बिजली सखियों ने खजाने में जमा कराए 110 करोड़

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्य** सरकार की ओर से प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूती देने की पहल मिसाल कायम कर रही है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन इसमें बड़ी भूमिका निभा रहा है। स्वयं सहायता समूह( एस एच जी) की महिलाओं को विद्युत सखी बनाकर सरकार ने दोहरा काम किया है।

बिजली सखी महिलाएं ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को बिजली बिल बांटने के साथ बिल की रकम की वसूली में सरकार की मदद भी कर रही हैं और स्वयं भी आर्थिक रूप से सक्षम हो रही हैं। यही नहीं, महिलाएं अब लोगों को उनके घर से बिल लेकर जमा करने की सुविधा दे रही हैं। इन महिलाओं ने अभी तक बिजली विभाग के खजाने में 110 करोड़ रुपये बिजली बिल की रकम जमा भी करा दी है। और इसके बदले में इनको कमीशन के रूप में 165 लाख रुपये प्राप्त हो चुके हैं। विद्युत सखी योजना के तहत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन पूरे प्रदेश में 15521 समूह की महिलाओं को विद्युत सखी बनाने के काम में जुटा है। वर्तमान में 8746 विद्युत सखियों ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में काम शुरू कर दिया है।

हरदोई में 249, आजमगढ़ में 237, सीतापुर में 236, गाजीपुर में 234, बहराइच में 200, बस्ती में 187, गोरखपुर में 156, आगरा में 110, अयोध्या में 133, सुल्तानपुर में 140, अमेठी में 142, उन्नाव में 161 महिलाएं विद्युत सखी के रूप में काम कर रही हैं। बता दें कि योगी आदित्यनाथ ने 2017 में प्रदेश की कमान संभालने के बाद से ही प्रदेश की महिलाओं के हित में कई बड़ी योजनाओं को लागू किया।

जिला अस्पताल के निरीक्षण में गंदगी मिलने पर जताई नाराजगी

# शिक्षा, स्वास्थ्य को आगे बढ़ाने का सरकार कर रही प्रयास

● शासन की योजनाओं और मंशा का राज्यमंत्री ने किया बखान

● अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

संवाददाता। सीतापुर

**अपने दो** दिवसीय दौरे पर सीतापुर पहुंचे राज्यमंत्री अल्प संख्यक कल्याण विभाग के दानिस आजाद अंसारी ने रात्रि प्रवास किया। उसके बाद मंगलवार निरीक्षण के दौरान सफाई के विषय में जानकारी ली तथा निर्देश दिये कि शासन की मंशा के अनुसार बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किये जायें। साथ ही चोक नालों की तत्काल सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने सफाई कर्मचारियों से वार्ता कर उन्हें मिल रहे वेतन के समय पर प्राप्त होने के विषय में जानकारी भी ली। इसके बाद मंत्री ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा। क्षेत्र की जनता को बेहतर चिकित्सा सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इमरजेंसी वार्ड, मेडिकल वार्ड, फिजियोथैरेपी वार्ड, कोविड वार्ड, ए0आर0सी0 वार्ड, आर्थोपैडिक वार्ड, पीडियाट्रिक वार्ड, आयुष वार्ड, सी0टी0 स्कैन कक्ष, डायलिसिस वार्ड, ब्लड कलेक्शन सेंटर, टेलीमेडिसन वार्ड आदि वार्डों एवं सेवाओं का निरीक्षण किया एवं डायलिसिस सेवाएं शीघ्र प्रारम्भ करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि चिकित्सालय में मरीजों से अच्छा व्यवहार किया जाये। बायोमेडिकल वेस्ट का नियमानुसार समय से निस्तारण करने निर्देश दिये। वहीं अस्पताल परिसर में गंदगी मिलने पर अधिकारियों को फटकार लगाई। समीक्षा बैठक में सरकारी योजनाओं के बारे में जाना कि कैसे सरकारी योजनाओं को ग्राउंड लेवल तक और बेहतर पहुंचाया जाए। हमारी सरकार ने बिना भ्रष्टाचार के, बिना भेदभाव के पहुंचाया है। सीतापुर में कोविड का कोई भी केस नहीं है। गौवंश के लिए भूसा भंडारण की अच्छी व्यवस्था कर रहे है। वृक्षारोपण भी ग्रामीण गौशालाओं में किया




जाएगा। बेसिक शिक्षा में एक लाख 24 हजार 604 का लक्ष्य था जिसमें करीब 90 हजार तक के एडमिशन किए है। हर गांव में जो पंचायत भवन है उनमें लाइब्रेरी बनवाई जाएगी, जिससे गांव का बच्चा पढ़कर अच्छी शिक्षा ग्रहण करेगा। दस्तक अभियान के तहत गांव में सफाई अभियान का कार्यक्रम लगातार चल रहा है। हर रविवार को सीएचसी व पीएचसी में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। हमारी सरकार महीने में 2 बार राषन भी उपलब्ध करा रही है। आयुष्मान भारत के तहत 5 लाख 19 हजार 940 लाभार्थी जनपद सीतापुर में है जिनमें से 13 हजार 599 लोगों ने आयुष्मान कार्ड का लाभ लिया है जोकि अगर रुपयों में देखे करीब 8 करोड़ 37 लाख रुपए है। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण में 36 हजार 327 लोगों को और षहरी योजना में 20–21 में 23 हजार 777 लोग आवेदन स्वीकृत हुए है। जल जीवन मिशन में स्वच्छ व सुचारू रूप से पेयजल की व्यवस्था लागू कर रहे है। टैबलेट व स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम के तहत छात्र सफल हो सकेंगे। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत 15 हजार 351 लाभार्थी जनपद सीतापुर में है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के तहत 21–22 में 931 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ है। सामुदायिक षौचालयों की समीक्षा की। जाम की समस्या से जल्द ही षहर को निजात दिलाने की भी बात कही। गौआश्रय में वृक्षारोपण के लिए निर्देष दिए है कि जिससे गौवंशों को छाया मिल सके और उनके चारे के भी उचित व्यवस्था की जाए। सीतापुर की तीन तहसीलों में हर वर्ष भीषण बाढ़ आती है जिससे चलते मंत्री दानिष आजाद ने बताया कि जिलाधिकारी को तीन सदस्यीय टीम बनाने के लिए कहा गया है जो सिर्फ बाढ़ के दुष्टिगत ही कार्य करेंगे और बाढ़ की दिक्कतें है उनको कल से ही जाकर ऐसी जगहों को चिन्हित करेंगे जिससे की बाढ़ की समस्या से निजात दिलाई जाए। सीतापुर में सपा की सरकार में बना ट्रामा सेंटर जोकि अभी तक बंद है उसपर मंत्री दानिश आजाद ने बताया कि जल्द ही उसका ताला खुलेगा। मदरसों पर चर्चा करते हुए बताया कि मदरसों को आधुनिककरण किया है मदरसा का बच्चा सिर्फदीनी तालिम अब दीनी तालिम के साथ–साथ मार्डन एजुकेशन से भी जुड़ रहा है वह साइंस, मैथ, कंप्यूटर, इंग्लिश सभी विषयों के बारे में जानकार हो रहा है।

## टैबलेट और स्मार्टफोन तकनीकी ज्ञान को और बढ़ाएंगे: दानिश



संवाददाता। सीतापुर

**आज की** महती आवश्यकता है कि युवा समुदाय तकनीकी ज्ञान से पूर्ण रूप से परिचित हो तथा विश्व में अपनी दक्षता को प्रमाणित करते हुए भारत के भविष्य को आगे बढ़ाए। यह बात आरएमपी महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आयोजित टैबलेट एवं स्मार्टफोन वितरण समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कही। मंत्री ने छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उनका उज्जवल भविष्य उनकी राह देख रहा है आवश्यकता है कि वह कदम से कदम मिलाकर अपने तकनीकी ज्ञान को आगे बढ़ाएं। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए कहा की वैज्ञानिक युग में बिना तकनीकी जानकारी के कुछ संभव नहीं है कार्यक्रम में सीतापुर के जिलाधिकारी अनुज सिंह ने वितरण समारोह के पूर्व में प्रस्ताविक उद्बोधन में बताया कि इस योजना के अंतर्गत आर0एम0पी0पी0जी0 कॉलेज के एम0ए0 फाइनल, बी0ए0 फाइनल तथा बी0एस0सी0 फाइनल के तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय के बीएससी फाइनल बीकॉम फाइनल तथा एमकॉम फाइनल के सभी छात्र छात्राएं आज लाभान्वित होंगे। जिलाधिकारी महोदय ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत आज छात्र छात्राओं को 1697 टैबलेट एवं स्मार्टफोन दिया जाएगा। भारी करतल ध्वनि के मध्य मुख्य अतिथि राज्यमंत्री दानिश आजाद ने चयनित छात्र–छात्राओं को स्मार्टफोन टैबलेट वितरित किया। कार्यक्रम समापन के अवसर पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रजनीकांत श्रीवास्तव ने कहा कि हमारा महाविद्यालय निश्चित रूप से तकनीकी ज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ेगा उन्होंने सरकार की इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि महाविद्यालय के छात्र टैबलेट पाकर अपनी सकारात्मक ऊर्जा के साथ अनेक सफलताएं अर्जित करेंगे उन्होंने मुख्य अतिथि राज्यमंत्री दानिश आजाद, जिलाधिकारी महोदय अनुज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा जिला मुख्य विकास अधिकारी का विशेष आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ जयवीर सिंह ने किया। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रविंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी राम भरत तिवारी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ दोनों महाविद्यालयों के प्राध्यापकगण मौजूद रहे।

## टूटी पाइलाइन व टंकी के कनेक्शन को लेकर डीएम से की गई शिकायत

● कस्बे के रामलखन जायसवाल ने दिया शिकायती पत्र

● नगर पालिका परिषद की सुस्त कार्यशैली के चलते विशेष सफाई अभियान नहीं चलाया जा रहा

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर

**ऑल इंडिया** मजलिस ए इत्तहादुल मुस्लमीन के जिला संयुक्त सचिव यूथ सीतापुर राम लखन जयसवाल ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी हृदय नारायण उपाध्याय नगर को एक शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए नगर के एक दर्जन से अधिक मोहल्ला जिनमें लोखरियापुर, शाहकुलीपुर, इंदिरा नगर, मंगोलपुर, शेख टोला, बारादरी, छावनी में टूटी हुई पाइपलाइन के बारे में अवगत कराया। बताते चलें नगर के प्रमुख स्थानों की पाइप लाइन विगत 7 माह से अधिक समय से टूटी होने के चलते जगह–जगह जलभराव जैसी समस्या बनी रहती है साथ ही लोगों के घरों में गंदा पानी भी आता है इसके साथ ही कुछ प्रमुख स्थानों पर पानी की टंकी के कनेक्शन न होने से लोगों को पीने के पानी के लिए दर–दर भटकना पड़ता है। वही नगर के कई प्रमुख वार्डों में गंदगी व जलभराव के चलते भीषण गर्मी के मौसम में संक्रामक रोग फैलाने वाले कीटाणु व मच्छर पनप रहे हैं जिसके बारे में भी कई बार स्थानीय नगर पालिका परिषद को सूचित किया गया है कि गंदगी व जलभराव की समस्या नगर की आम समस्या है जिस से निजात पाने के लिए कई बार उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भी सौंपा गया फिर भी नगर पालिका परिषद की सुस्त कार्यशैली के चलते विशेष सफाई अभियान नहीं चलाया जा रहा है जिससे आम जनमानस को नालियों के जाम, कूड़े के ढेर, टूटी पाइप लाइन व क्षतिग्रस्त इंटरलॉकिंग सड़कों की समस्या से जूझना पड़ता है। प्रार्थना पत्र देने वालों में राम लखन जायसवाल के साथ नगर के राम सरन, आजाद, गुड्डू, हसीब, जमील, शकील, रामू, विजय कुमार, नरेश, जमील अहमद, ताजुद्दीन, मो0 जमीर, अतुल, मो0 फिरोज खान, मनोज, बैजनाथ, योगेंद्र कुमार सहित करीब 1 दर्जन से अधिक लोगों ने शिकायती पत्र पर हस्ताक्षर कर समस्या से अवगत कराया।

## ब्लाक परिसर में आयोजित हुई क्षेत्र ग्राम और जिला पंचायत की बैठक

● विधायक ने विकास के प्रति किया प्रेरित

संवाददाता। मोहम्मदी–खीरी

**विकास खण्ड** मोहम्मदी में क्षेत्र पंचायत, ग्राम पंचायत तथा जिला पंचायत सदस्यों की एक बैठक ब्लाक प्रमुख महेंद्र कुमार बाजपेई की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पिछली बैठक के आय–व्यय का ब्यौरा पेश किया गया। सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों से अपनी ग्राम सभा में कार्य योजना बनाकर देने की बात हुई। ब्लॉक प्रमुख और विकास खंड खंड अधिकारी ने बैठक में जनप्रतिनिधियों और अतिथियों को माला व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। बैठक को सम्बोधित करते हुऐ सांसद रेखा वर्मा ने कहा कि आप सभी अपने अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधि बैठे हैं। ऐसी कार्य योजना बनाइए आपका गांव सुंदर स्वच्छ और विकसित हो। विधायक लोकेंद्र प्रताप सिह ने कहा कि आप सभी के दम से ही अनूप गुप्ता निर्विरोध एमएलसी निर्वाचित हुए हैं। इससे पूर्व भी जनपद में चुनाव हुए परंतु कोई भी एमएलसी निर्विरोध निर्वाचित नहीं हुआ। इसमें मोहम्मदी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। एमएलसी अनूप गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि मैं बहुत ही निचले पायदान से उठकर ऊपर आया हूं। भाजपा नेतृत्व ने मुझ पर भरोसा जताया। प्रदेश महामंत्री के पद को दिया तथा एमएलसी का चुनाव का टिकट भी मौजूदा समय में मैं गोरखपुर का प्रभारी हूं। आप सभी को विश्वास दिलाना चाहता हूं। आपके क्षेत्र में जनहित के जो भी कार्य होंगे उसको करवाने का प्रयास करूंगा। बैठक में प्रमुख रूप से, विकास खंड अधिकारी धर्मेश पांडे ,अवर अभियंता सतीश मौर्या, खंड शिक्षा अधिकारी भगवान राव,एनआरपी अजय कुमार शुक्ला जिला पंचायत सदस्य दिलीप सिंह, आलोक वर्मा अश्वनी बाजपेई, सीडीपीओ स्वास्थ्य विभाग सहित सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य ग्राम पंचायत सदस्य भी मौजूद रहे।

## ब्लॉक आउटरीच कोऑर्डिनेटर की मासिक बैठक संपन्न

**लखीमपुर खीरी।** गर्भवती माताओं और 2 साल से छोटे बच्चों की सही देखभाल और टेक्निकल सपोर्ट के लिए सीएचसी पर तैनात ब्लॉक आउटरीच कोऑर्डिनेटर की एक मासिक बैठक एनएचएम ट्रेनिंग सेंटर सभागार में हुई। जिसकी अध्यक्षता एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने की। इस दौरान उन्होंने बताया कि मैटरनल एवं चाइल्ड हेल्थ को लेकर सभी सीएचसी पर ब्लॉक आउटरीच कोऑर्डिनेटर की अहम जिम्मेदारी है। सीएचसी पर आने वाली सभी गर्भवती माताओं और 2 साल से कम उम्र के बच्चों को जो स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही है उनकी सही जानकारी उच्चाधिकारियों तक पहुंचाना और सेवाओं को बेहतर करने में ब्लॉक आउटरीच कोऑर्डिनेटर की अहम भूमिका है। इसके लिए जरूरी है कि सभी योजनाबद्ध तरीके से दिए गए निर्देशों के क्रम में काम करें। नियमित टीकाकरण से गर्भवती माताओं और बच्चों को मिलने वाले लाभ भी जनमानस तक पहुंचाएं साथ ही जो वित्तीय लाभ मिलते हैं उनका भी व्यापक प्रचार प्रसार करें। इस दौरान कम्युनिटी आउटरीच जिला विशेषज्ञ आयुष्मान पांडे भी उपस्थित रहे।

### क्विक न्यूज

**स्काउट से छात्र छात्राओं में सेवा भावना का होता है विकास : आशीष**



**संडीला(हरदोई)।** स्थानीय आईआर इंटर कॉलेज के स्काउट गाइड्स के पांच दिवसीय शिविर का उद्घाटन खण्ड शिक्षाधिकारी सीमी निगार एवं तहसील आयुक्त आशीष सिंह द्वारा किया गया। संडीला रेलवे स्टेशन पर इस शिविर के उद्घाटन अवसर पर आयुक्त आशीष सिंह ने कहा कि स्काउटिंग के माध्यम से सेवा समूह भावना के साथ नेतृत्व भावना विकसित होती है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ओमप्रकाश सिंह, स्काउट शिक्षक यशवंत सिंह, गाइड कैप्टन रेनू के अलावा प्रादेशिक सदस्य कल्पना भदौरिया, शिक्षक रामदयाल, इंद्रपाल, वीरेन्द्र सिंह, राजकुमार वर्मा आदि मौजूद रहे। यह शिविर पांच दिनों तक चलेगा।

**राज्यकर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष बने प्रेमशंकर**



**सीतापुर।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष प्रेमशंकर बाजपेयी को मनोनीत किया गया है। पूर्व कार्यकारिणी का गठन हो गया है और संगठन को मजबूत बनाने पर जो दिया गया है। बताते चले कि वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश कुमार, मंत्री चन्द्रमोहन अवस्थी, उपाध्यक्ष संजय कुमार, प्रकाश अवस्थी, संगठन मंत्री इम्ब्राहिम सिद्दीकी, राजेश कुमार यादव, संयुक्त मंत्री संतोष कुमार शुक्ला, कोषाध्यक्ष हारून सिद्दीकी, ऑडीटर घनश्याम सिंह, प्रचार मंत्री पुष्पेष जायसवाल, महिला उपाध्यक्ष शबनम बानो आदि ने शपथ ली व एक दूसरे को माला पहनाकर स्वागत किया।

## लायंस क्लब ने बांटे 94 दिव्यांगों को उपकरण

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**सलेमपुर** कोन स्थित लायन्स उपकार नेत्र चिकित्सालय प्रांगण में लायन एचएस पाहवा की अध्यक्षता, आर्येन्द्र पाल सिंह के संयोजन–संचालन में आयोजित किये गए दिव्यांगजन सहयोगी नि:शुल्क सहयोगी उपकरण वितरण शिविर के अंतर्गत मुख्य अतिथि सदर विधायक योगेश वर्मा, लखनऊ से पधारे विशिष्ट अतिथि लायन मंडलाध्यक्ष बीएम श्रीवास्तव, आगामी मंडलाध्यक्ष लायन विश्वनाथ चौधरी, मण्डल समन्वयक दिव्यांगजन सशक्तिकरण लायन डा.अनीता गुप्ता, अर्चना अग्रवाल, सीआरसी लखनऊ के पुनर्वास अधिकारी मुकलेश कुमार ने विभिन्न लाभार्थियों के मध्य 75 ट्राईसाइकिल विद आटोमेटिक लॉक, 8 व्हीलचेयर, 15 स्मार्ट स्टिक, 2 हियरिंग एड एवं 15 बैसाखी सेटों का वितरण किया। ज्ञातव्य है कि लायन्स क्लब लखीमपुर उपकार द्वारा दिसम्बर माह में सीआरसी लखनऊ के सहयोग से दिव्यांगजनों हेतु स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन कर लाभार्थियों का चयन किया गया था। कुछ लाभार्थियों को ट्राइसाइकिल संग बैसाखियाँ भी प्रदान की गईं। जिन्हें पाकर लाभार्थियों व उनके परिजनों के चेहरे खिल गए। इस अवसर पर लायन परम वर्मा एवं मृदुल वर्मा द्वारा अपनी दिवंगत पुत्री शुभा वर्मा की पुण्यस्मृति में तहरी एवं शर्बत का वितरण भी कराया गया। इस अवसर पर लायन राम मोहन गुप्ता, विशाल सेठ, राजवीर सिंह, रितेश कपूर,सत्येंद्र द्विवेदी, ग्राम कोन के प्रधान राकेश वर्मा, शिखर चौहान, विशाल सैनी, सुरेन्द्र वर्मा, अनिल कुमार पाण्डेय सहित विभिन्न लाभार्थी एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

## एडीएम ने मेडिकल ट्रीटमेंट प्लांट लगाने को लेकर की बैठक



एडीएम ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

**ग्राम मलैंया में** मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना को लेकर अपर जिलाधिकारी वंदना त्रिवेदी ने ग्रामीणों के साथ बैठक की और ग्रामीणों की विभिन्न शंकाओं का समाधान भी किया। अपर जिलाधिकारी वंदना त्रिवेदी ने ग्राम मलैंया में लोक जन सुनवाई का आयोजन किया। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि सीबीडब्ल्यूपीएफकी स्थापना से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से ग्रामीणों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। इस परियोजना में वैज्ञानिक तरीके से जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंध्द द्वारा सकारात्मक पर्यावरण संबंधी प्रभाव होंगे जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे कम होंगे क्योंकि बड़ी मात्रा में अस्पतालों से मेडिकल वेस्ट निकल रहा है। इस वेस्ट का प्रबंधन इस ट्रीटमेंट प्लांट के द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम देवेन्द्र पाल सिंह तथा प्रदुषण नियंत्रण विभाग के महेश चन्द्र कश्यप तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### दलित परिवार को अभी तक नहीं मिली सहायता

**संडीला( हरदोई )।** ग्राम सुंदरपुर टिकरा के एक ही दलित परिवार के सड़क दुर्घटना में सात लोगों की मौत के बाद क्षेत्रीय सांसद, विधायक एवं अधिकारियों द्वारा सहायता देने की घोषणा की गयी थी लेकिन अभी तक किसी प्रकार की कोई सहायता ग्रामीणों को नहीं मिल सकी जिससे उनमें नाराजगी है। ग्राम निवासी दलित लल्लू के परिवार के सात लोगों की मृत्यु मथुरा के पास यमुना एक्सप्रेस वे पर हुई थी। इस हादसे में श्री गोपाल तथा कृष्ण गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिनका इलाज दिल्ली स्थित आराधना अस्पताल में चल रहा है। लल्लू के पुत्र राजू के अनुसार अस्पताल में भर्ती उसके भाई और भतीजे का इलाज पैसे के अभाव में नहीं हो पा रहा है। गौरतलब है कि इस हादसे के बाद राज्यमंत्री रजनी तिवारी, क्षेत्रीय सांसद अशोक रावत, विधायक अलका अर्कवंशी के अलावा एसडीएम डीपी सिंह, सीओ महावीर सिंह तथा तहसीलदार ने वहां पहुंचकर शीघ्र सरकारी सहायता का आश्वासन दिया था। यहां तक इस मामले में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने भी ट्वीट कर शोक संवेदना व्यक्त की थी। यहां गौरतलब है कि लल्लू के परिवार में दो शादियां थीं और इसी के बाद लल्लू, उनकी पत्नी छुटकी, पुत्र राजेश तथा संजय, बहुएं निशा और नंदिनी तथा पौत्र छ: वर्षीय धीरज की मौत हो गयी। पैसा ना होने के कारण सातों शवों को एक ही गड्ढे में खोदकर दफ्न किया गया था।

## पेज एक का शेष

### राजद्रोह कानून...

लिया जा सकता है, यदि अदालतों की राय है कि आरोपी के साथ पक्षपात नहीं होगा। पुलिस अधीक्षक (एसपी) रैंक के अधिकारी को राजद्रोह के आरोप में दर्ज प्राथमिकी की निगरानी करने की जिम्मेदारी देने के केंद्र के सुझाव पर पीठ सहमत नहीं हुई। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने यह भी कहा कि राजद्रोह के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करना बंद नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह प्रावधान एक संज्ञेय अपराध से संबंधित है और 1962 में एक संविधान पीठ ने इसे बरकरार रखा था। केंद्र ने राजद्रोह के लंबित मामलों के संबंध में न्यायालय को सुझाव दिया कि इस प्रकार के मामलों में जमानत याचिकाओं पर शीघ्रता से सुनवाई की जा सकती है, क्योंकि सरकार हर मामले की गंभीरता से अवगत नहीं है और ए आतंकवाद, धन शोधन जैसे पहलुओं से जुड़े हो सकते हैं। विधि अधिकारी ने कहा था, अंततः लंबित मामले न्यायिक मंच के समक्ष हैं और हमें अदालतों पर भरोसा करने की जरूरत है। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को केंद्र से कहा था कि राजद्रोह के संबंध में औपनिवेशिक युग के कानून पर किसी उपयुक्त मंच द्वारा पुनर्विचार किए जाने तक नागरिकों के हितों की सुरक्षा के मुद्दे पर 24 घंटे के भीतर वह अपने विचार स्पष्ट करे।

### कई बड़े...

था। वर्ष 2016 में जेएनयू संसद हमले के दोषी अफजल गुरू को फांसी के तीन साल पूरे होने पर कविता पाठ का आयोजन किया था। इस मामले में कन्हैया कुमार, उमर खालिद और अनिर्बान भट्टाचार्य समेत अन्य छात्रों पर राजद्रोह का मुकदमा हुआ था। जम्मू कश्मीर के छात्र आरबीएस इंजीनियरिंग कॉलेज, आगरा में टी20 क्रिकेट मैच में भारत के खिलाफ पाकिस्तान की जीत के बाद उनकी प्रशंसा वाले वॉट्सऐप स्टेटस कथित व पोस्ट करने पर राजद्रोह लगा था। दिवंगत पत्रकार विनोद दुआ ने 30 मार्च, 2020 को यूट्यूब पर कोविड महामारी से सरकार के निपटने के तौर तरीकों के खिलाफ टिप्पणी करने पर राजद्रोह का मुकदमा हुआ था। केरल के पत्रकार सिद्दीक कप्पन को उत्तर प्रदेश पुलिस ने पांच अक्टूबर, 2020 को हाथरस में एक दलित महिला से दुष्कर्म के मामले की रिपोर्टिंग करने जाते समय गिरफ्तार कर राजद्रोह का मुकदमा किया था। बुकर पुरस्कार विजेता लेखिका अरुंधति रॉय पर 2010 में एक सेमिनार में उनके कथित भारत विरोधी भाषण के लिए हुर्रियत नेता दिवंगत सैयद अली शाह गिलानी एवं अन्य के साथ राजद्रोह का मामला दर्ज किया गया था।

### वैवाहिक बलात्कार...

था कि वैवाहिक बलात्कार को आपराधिक श्रेणी में नहीं रखा जा सकता है क्योंकि यह एक ऐसी घटना बन सकती है जो विवाह की संस्था को अस्थिर कर सकती है और पतियों को परेशान करने का एक आसान साधन बन सकती है। हालांकि, केंद्र ने जनवरी में अदालत से कहा कि वह याचिकाओं पर अपने पहले के रुख पर फिर से विचार कर रहा है क्योंकि उसे कई साल पहले दायर हलफनामे में रिकॉर्ड में लाया गया था। केंद्र ने इस मामले में अपना रुख स्पष्ट करने के लिए अदालत से फरवरी में और समय देने का आग्रह किया था, जिसे पीठ ने इस आधार पर खारिज कर दिया था कि मौजूदा मामले को अंतहीन रूप से स्थगित करना संभव नहीं है।

### मोदी ने...

कि मोदी सरकार लोगों को अच्छा लगे ऐसे फैसले नहीं लेती है बल्कि मोदी सरकार ऐसे फैसले लेती है, जो लोगों के लिए अच्छे हों। उन्होंने कहा कि इतना बड़ा जनादेश मिलना (वर्ष 2014 में) और वह भी बगैर किसी आश्चर्य के, बगैर किसी पारिवारिक पृष्ठभूमि के, बिना किसी राजनीतिक पालन पोषण के फिर प्रधानमंत्री के रूप में उन्हें एक और जनादेश मिलना (2019) मायने रखता है। यह दर्शाता है कि देश की जनता ने मोदी को अपने नेता के रूप में स्वीकार किया और वह दिल से उन्हें प्यार भी करती है। उन्होंने लोगों का भरोसा जीता है। शाह ने कहा कि मोदी एकमात्र ऐसे नेता हैं जिन्होंने एक समान प्रतिबद्धता से संगठन के साथ ही साथ सरकार में भी काम किया है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी और एक ऐसी पार्टी बनीं जो सर्वाधिक राज्यों में काम करती है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कई मिथकों को भी तोड़ा है जैसे भाजपा हिंदी भाषी क्षेत्रों की पार्टी है। आज हम गुजरात से लेकर पूर्वोत्तर और असम से लेकर मणिपुर तक शासन में हैं।

### पुस्तक में...

प्रख्यात बुद्धिजीवियों और व्यक्तियों द्वारा संकलित किया गया है। पुस्तक ब्लूक्राफ्ट डिजिटल फाउंडेशन द्वारा संपादित और संकलित है। यह प्रख्यात बुद्धिजीवियों और विशेषज्ञों द्वारा लिखित अध्यायों का संकलन है।

### देश की...

बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु और प्रधानमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव नृपेंद्र मिश्रा शामिल हैं।

### झारखंड की...

करेगी। उन्होंने कहा कि कथित अनियमितताएं भाजपा के कार्यकाल के दौरान हुईं और इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में ही 2017 में उन्हें क्लीन चिट दी गई थी। उन्हें क्लीन चिट देने वालों की जांच होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा, आप (भाजपा) उनसे गलत काम करवाते हैं और आप ही उन्हें क्लीन चिट देते हैं। कथित तौर पर दंपति से जुड़े चार्टर्ड अकाउंटेंट व वित्तीय सलाहकार सुमन कुमार के बाद यह इस मामले में हुई दूसरी गिरफ्तारी है। कुमार को ईडी ने सात मई को गिरफ्तार किया था। इससे एक दिन पहले उनके परिसरों और विभिन्न राज्यों में अन्य जगहों पर केंद्रीय एजेंसी ने छापेमारी की थी। सिंघल और अन्य के खिलाफ ईडी की जांच धन शोधन के उस मामले से संबंधित है जिसमें झारखंड सरकार में पूर्व कनिष्ठ अभियंता राम विनोद प्रसाद सिन्हा को एजेंसी ने 17 जून, 2020 को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया था।

### बेहतर प्रदर्शन...

है, जिसमें कहा गया है कि एक सरकारी कर्मचारी को कम से कम तीन महीने का नोटिस या समान अवधि के वेतन के बाद सेवानिवृत्त होने या बर्खास्त करने के लिए मजबूर किया जा सकता है। यह कदम ऐसे अफसरों को सेवा से बाहर करने के लिए उठाया गया है, जिनका कामकाज अपेक्षानुरूप नहीं रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जुलाई 2021 में पदभार ग्रहण करने के बाद बार–बार जी वर्ग के अधिकारियों को चेताया है कि यदि वे अपेक्षा के अनुसार प्रदर्शन करने में सफल नहीं होते हैं तो वीआरएस लेकर घर बैठें।

### भारत अपने...

कारण देश में व्यापक स्तर पर सरकार विरोधी प्रदर्शन किए जा रहे हैं। भारतीय मिशन ने ट्वीट किया, उच्चायोग, मीडिया और सोशल मीडिया मंचों पर में भारत द्वारा श्रीलंका में अपने सैनिकों को भेजे जाने के बारे में आ रही खबरों का खंडन करता है। ये खबरें और इस तरह के विचार भारत सरकार के रुख से मेल नहीं खाते। मिशन ने एक अन्य ट्वीट में कहा, भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कल स्पष्ट रूप से कहा था कि भारत, श्रीलंका के लोकतंत्र, स्थिरता तथा आर्थिक सुधार का पूरी तरह से समर्थन करता है।

### महिंदा राजपक्षे...

के बीच 76 वर्षीय महिंदा को सुरक्षा मुहैया कराई जा रही है। इस बीच विपक्षी दल उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। श्रीलंका पीपुल्स पार्टी (एसएलपीपी) नेता महिंदा 2005 से 2015 तक देश के राष्ट्रपति थे और उस दौरान उन्होंने लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) के खिलाफ क्रूर सैन्य अभियान चलाया था।

### उम्र के...

गोयल का रिटायरमेंट फरवरी 2024 में है। प्रदेश के नए डीजीपी पद के लिए जो आईपीएस अधिकारी दौड़ में हैं उनमें आरपी सिंह, डीएस चौहान, आरके विश्वकर्मा और आनंद कुमार के नाम तेजी से चल रहे हैं। यूपी के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों पर नजर दौड़ाई जाए तो 1986 बैच के नासिर कमाल और 1987 बैच के विश्वजीत महापात्रा जुलाई 2022 में सेवानिवृत हो जाएंगे। इसी बैच के जीएल मीणा जनवरी 2023 में, आरपी सिंह फरवरी 2023 में, 1988 बैच के डीएस चौहान मार्च 2023 में, अनिल अग्रवाल अप्रैल 2023 में, आरके विश्वकर्मा मई 2023 में रिटायर हो जाएंगे।

### आंबेडकर विवि...

से केवल एक लाख बच्चों को ही किसी विश्वविद्यालय में दाखिला मिल पाता है। दिल्ली सरकार ने इसका संज्ञान लेकर अपने विश्वविद्यालयों की क्षमता को बढ़ाना शुरू किया। इस दिशा में सरकार आंबेडकर विश्वविद्यालय के दो नए कैंपस तैयार करवा रही है। उन्होंने बताया कि आंबेडकर विश्वविद्यालय के छात्रों की मौजूदा संख्या चार हजार से अधिक है। वहीं, धीरपुर और रोहिणी में दो नए कैंपस के बनने के बाद यहां 26 हजार और छात्र एडमिशन ले पाएंगे। रोहिणी कैंपस को 1107.56 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा। यह कैंपस 40 एकड़ में फैला होगा और यहां 10 हजार से अधिक सीट्स होंगी। वहीं, धीरपुर कैंपस 1199.02 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जाएगा। इस कैंपस का क्षेत्रफल 49 एकड़ होगा और यहां 16 हजार से अधिक छात्र विभिन्न कोर्सेज में दाखिला ले पाएंगे। दोनों कैंपस में मल्टी-स्टोरी अकेडमिक ब्लॉक्स, कन्वेंशन ब्लॉक, हेल्थ-सेंटर, ऑडिटोरियम, एमएलसीपी, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, लाइब्रेरी ब्लॉक, एम्फीथिएटर, गेस्ट हाउस, लड़कियों और लड़कों के लिए अलग–अलग हॉस्टल सहित दोनों कैंपस में विभिन्न प्रकार के रेजिडेंशियल यूनिट्स का भी निर्माण किया जाएगा।

# धार की भोजशाला पर हिंदुओं ने ठोका दावा

## ● अदालत ने सरकार व एएसआई से मांगा जवाब

**भाषा।** इंदौर

**मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय** ने ऐतिहासिक धार शहर की भोजशाला पर हिंदू पक्ष के दावे को लेकर बुधवार को केंद्र और राज्य की सरकारों के साथ ही भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया। इसके साथ ही भोजशाला का पुराना विवाद एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति विवेक रुसिया और न्यायमूर्ति अमरनाथ केशरवानी ने हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस नामक संगठन और हिन्दू पक्ष के अन्य लोगों की ओर से दायर दो जनहित याचिकाओं को सुनवाई के लिए मंजूर करते हुए नोटिस जारी किए। अदालत ने धार के भोजशाला परिसर की मस्जिद से जुड़ी मौलाना कमालुद्दीन वेलफेयर सोसायटी को भी नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। भोजशाला, केंद्र सरकार के अधीन एएसआई का संरक्षित स्मारक है। हिंदुओं का मानना है कि भोजशाला वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर है, जबकि मुस्लिम समुदाय इस जगह को कमाल मौला की मस्जिद बताता है। एएसआई की बरसों से जारी व्यवस्था के मुताबिक, हिंदुओं को प्रत्एक मंगलवार को भोजशाला में पूजा करने की अनुमति है, जबकि मुस्लिमों को हर शुक्रवार इस जगह नमाज अदा करने की इजाजत दी गई है।



मध्यप्रदेश में स्थित भोजशाला इमारत की फाइल फोटो।

याचिकाकर्ता के वकील हरिशंकर जैन ने संवाददाताओं को बताया कि भोजशाला के ऐतिहासिक तथ्य तथा तस्वीरें उच्च न्यायालय के सामने पेश करके एएसआई की इस व्यवस्था को संविधान के अलग-अलग प्रावधानों के तहत चुनौती दी गई है। उन्होंने बताया कि याचिकाओं में गुहार लगाई गई है कि हिंदुओं को समूचे भोजशाला परिसर में साल भर पूजा-पाठ का धार्मिक अधिकार दिया जाए और इसमें हर शुक्रवार नमाज अदा करने की मुस्लिमों को दी गई अनुमति वापस ली जाए। जैन ने बताया कि याचिकाओं में यह गुहार भी की गई है कि लंदन के एक संग्रहालय में रखी वाग्देवी की प्रतिमा को भारत लाकर इसे हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं के मुताबिक भोजशाला में फिर से स्थापित किया जाए। याचिकाओं में कहा गया है कि धार के राजा भोज ने इस पवित्र प्रतिमा को भोजशाला परिसर में 1034 ईस्वी में स्थापित किया था और भारत पर अपने शासन के दौरान अंग्रेज इसे 1875 में लंदन ले गए थे। दोनों याचिकाओं पर 27 जून को अगली सुनवाई हो सकती है। बहरहाल, भोजशाला का विवाद नया नहीं है और धार के पुलिस-प्रशासन को इस शहर में तब-तब सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने पड़ते हैं, जब-जब सरस्वती पूजा (वसंत पंचमी) का पर्व शुक्रवार को पड़ता है।

## मुंबई में मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में उप्र का पुलिसकर्मी गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने उत्तर प्रदेश के एक पुलिसकर्मी और एक अन्य व्यक्ति को शहर में मादक पदार्थों की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। ये दोनों, तस्करों की मदद से मुंबई में कथित तौर पर एक करोड़ रुपए के मादक पदार्थों की आपूर्ति करने का काम कर रहे थे। मालवानी पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक पुलिस ने इस मामले में कांस्टेबल अमित कुमार सिंह व उसके दोस्त हरमेश कुमार उर्फ महेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य आरोपी संजू उर्फ टिल्लू की तलाश जारी है। आरोपी पुलिस कांस्टेबल अमित कुमार सिंह उत्तर प्रदेश के हापुड़ नगर पुलिस थाने में तैनात है। मध्यप्रदेश के मादक पदार्थ तस्कर प्रमोद कालीचरण शर्मा (38) और पश्चिम बंगाल के इस्माइल खान (32) को पिछले महीने मालवानी में गिरफ्तार कर उनके पास से 1.67 करोड़ रुपए की हेरोइन जब्त की गई थी। पुलिस के अनुसार अमित पर इनका सहयोगी होने का आरोप है।



तिरुवनंतपुरम में चक्रवाती तूफान असानी के असर के चलते समुद्र किनारे उठती ऊंची लहरें

# जयपुर राजघराने की थी ताजमहल वाली जमीनः दीया कुमारी

**जयपुर।** जयपुर के पूर्व शाही परिवार की सदस्य और भारतीय जनता पार्टी की सांसद दीया कुमारी ने बुधवार को दावा किया कि आगरा में जिस जमीन पर ताजमहल बना है, वह मूल रूप से जयपुर के तत्कालीन शासकों की थी जिसे मुगल बादशाह द्वारा अधिग्रहित किया गया था। इसके साथ ही दीया कुमारी ने ताजमहल के एक हिस्से में बंद कमरों को खोलने की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि इस बात की जांच की जानी चाहिए कि मौजूदा स्मारक बनने से पहले वहां क्या था और लोगों को यह जानने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि इस बारे में जयपुर परिवार के पास रिकॉर्ड उपलब्ध हैं जो जरूरत पड़ने पर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, हमारे पास जो दस्तावेज हैं, उसमें यह महल था और शाहजहां ने इस पर कब्जा किया और उस समय तो सरकार उन्हीं की थी तो उस अधिग्रहण के बदले कुछ मुआवजा दिया गया। लेकिन उस समय अपील करने या उसका विरोध करने के लिए कोई कानून नहीं था। निश्चित रूप से यह जयपुर के पूर्व राजपरिवार की जमीन है। ताजमहल के बंद कमरों को खोलने के संबंध में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में दायर याचिका का जिक्र करते हुए दीया कुमारी ने कहा, अच्छा है कि किसी ने आवाज उठाते हुए याचिका दायर की है। उसके लिए किसी भी दस्तावेज की आवश्यकता पड़ेगी तो हमारे यहां ट्रस्ट में पोथीखाना भी है और जो भी दस्तावेज हैं, उन्हें हम लोग उपलब्ध करवाएंगे... अगर अदालत आदेश देगी। भाजपा सांसद ने कहा, लोगों को पता होना चाहिए कि वहां कमरे क्यों बंद हैं। ताजमहल से पहले कुछ भी हो सकता था, हो सकता है मंदिर रहा हो। लोगों को यह जानने का अधिकार है कि मूल रूप से मकबरे से पहले वहां क्या था। उन्होंने कहा, ताजमहल के कुछ कमरे, कुछ हिस्सा जो बंद हैं, सील हैं, उसकी निश्चित रूप से जांच होनी चाहिए, उसे खोलना चाहिए।

# केंद्र सरकार के आठ साल पूरे होने पर हिमाचल में समारोह की कवायद

## ● सीएम जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री को हिमाचल आने का दिया न्योता

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/शिमला**

**केंद्र में** राजग सरकार के आठ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 31 मई को हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर पर एक समारोह आयोजित करने के लिए बुधवार को मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया। ठाकुर ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के समारोह का आयोजन करना हिमाचल प्रदेश के लिए सम्मान की बात होगी।

मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री को हिमाचल प्रदेश आने का न्योता दिया और राज्य तथा यहां की जनता के प्रति विशेष स्नेह के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने राज्य के तेजी से विकास के वास्ते राज्य सरकार को हर तरह से समर्थन देने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ठाकुर ने प्रधानमंत्री के साथ राज्य में जारी विभिन्न परियोजनाओं के बारे में भी चर्चा की। प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने उन्हें हिमाचल प्रदेश को हरित राज्य बनाने की दिशा में राज्य सरकार के प्रयासों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना की और उन्होंने राज्य को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। इससे पहले, ठाकुर ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडिविया से से भी बात की और उनसे भी हिमाचल प्रदेश की यात्रा करने का अनुरोध किया।



# ओडिशा व बंगाल में भारी बारिश की संभावना चक्रवाती तूफान असानी कमजोर पड़ा

**भुवनेश्वर, कोलकाता।** चक्रवात असानी के कारण ओडिशा और पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों में भारी बारिश होने की संभावना है। भीषण चक्रवात असानी बुधवार को एक चक्रवाती तूफान में तब्दील होते हुए उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश की ओर बढ़ गया और इस दौरान क्षेत्र में 85 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। विभाग के अनुसार, चक्रवात के बृहस्पतिवार तक और कमजोर पड़ने और एक निम्न दबाव वाले क्षेत्र में तब्दील होने की संभावना है। राष्ट्रीय बुलेटिन में बताया, इसके अगले कुछ घंटों में उत्तर की ओर बढ़ने की संभावना है। दोपहर से शाम के बीच इसके एक बार फिर जोर पकड़ने और नरसापुर, यानम, काकीनाड़ा, तुनी तथा विशाखापत्तनम तटों के साथ उत्तर-उत्तर पूर्व की ओर धीरे-धीरे बढ़ने और रात में उत्तरी आंध्र प्रदेश के तटों से पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में समा जाने की संभावना है।

ओडिशा सरकार ने पांच दक्षिणी जिलों मलकानगिरी, कोरापुट, रायगढ़ा, गंजाम और गजपति में हाई अलर्ट की घोषणा की है। इन इलाकों में चक्रवात का असर दिखने की आशंका है, जो ओडिशा से लगभग 200 किलोमीटर दूर काकीनाडा और विशाखापत्तनम के बीच पहुंच सकता है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, मलकानगिरी, कोरापुट, रायगढ़ा, कालाहांडी, गंजाम, गजपति, कंधमाल, नयागढ़, खुर्दा, पुरी, कटक और भुवनेश्वर में हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ छींटे पड़ने का पूर्वानुमान है।

विशेष राहत आयुक्त पी. के. जेना ने बताया कि राज्य में उत्पन्न होती स्थिति के मद्देनजर ओडिशा आपदा त्वरित कार्य बल (ओडीआरएएफ) की 60 इकाइयों और दमकल कर्मियों के 132 दलों को तैनात किया गया है। एनडीआरएफ ने प्रभावित क्षेत्रों में बचाव एवं राहत कार्यों को अंजाम देने के लिए कुल 50 दलों का गठन किया है। एनडीआरएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि 50 में से 22 दलों को पश्चिम बंगाल, ओडिशा तथा आंध्र प्रदेश में जमीनी स्तर पर तैनात किया गया है, जबकि अन्य 28 दलों को इन्हीं राज्यों में तैयार रहने को कहा गया है।

कोलकाता में मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि चक्रवात से पश्चिम बंगाल के गांगेय क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। पश्चिम बंगाल के गांगेय क्षेत्र पूर्व तथा पश्चिम मेदिनीपुर, उत्तर तथा दक्षिण 24 परगना और नादिया जिलों में बृहस्पतिवार सुबह तक एक या दो स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। कोलकाता में सुबह साढ़े आठ बजे तक पिछले 24 घंटे में 44.8 मिमी बारिश हुई। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, पश्चिम-मध्य और उससे सटी उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में समुद्र में बुधवार शाम तक काफी हलचल रहने और उसके बाद बृहस्पतिवार को उसी क्षेत्र में स्थिति बेहद खराब रहने का पूर्वानुमान है।

# बीएमसी चुनाव में शिवसेना के भ्रष्ट शासन को उखाड़ फेंकेंगे

**नई दिल्ली।** हनुमान चालीसा पाठ करने को लेकर विवाद के बाद राजद्रोह के आरोपों का सामना कर रहीं निर्दलीय सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा ने बुधवार को विवादास्पद कानून पर उच्चतम न्यायालय द्वारा रोक लगाए जाने का स्वागत किया। साथ ही राणा दम्पति ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर अनुसूचित जाति समुदाय के सदस्यों को लक्षित करने के लिए ब्रिटिश युग के कानून का उपयोग करने का भी आरोप लगाया। राणा दंपति ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए घोषणा की कि वे बीएमसी के आगामी चुनाव में शिवसेना के भ्रष्टाचार के शासन को उखाड़ने की दिशा में काम करेंगे, जो देश के सबसे अमीर निकायों में से एक है। बीएमसी का वार्षिक बजट 30,000 करोड़ रुपए से अधिक है। बीएमसी में शिवसेना 1996 से शासन में है। अमरावती से लोकसभा सदस्य नवनीत राणा ने कहा कि वह शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी के कनॉट प्लेस में हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा के पाठ का नेतृत्व करेंगी और शिवसेना के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के शासन से महाराष्ट्र को बचाने के लिए प्रार्थना करेंगी।



संवाददाता सम्मेलन में अपनी बात रखते राणा दंपति

ठाकरे का शनिवार को मुंबई में एक जनसभा को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है। नवनीत राणा के साथ महाराष्ट्र के बडनेरा से निर्दलीय विधायक एवं उनके पति रवि राणा भी थे। मुख्यमंत्री ठाकरे पर लीलावती अस्पताल को निशाना बनाने को लेकर हमला बोला जहां जमानत पर रिहा होने के तुरंत बाद उनकी चिकित्सीय जांच हुई थी। राणा दंपति को 23 अप्रैल को भारतीय दंड संहिता की धारा 153 (ए) और 124-ए के तहत गिरफ्तार किया गया था, जब उन्होंने घोषणा की थी कि वे उपनगरीय बांद्रा स्थित ठाकरे के निवास के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। उच्चतम न्यायालय ने देशभर में राजद्रोह के मामलों में सभी कार्यवाहियों पर बुधवार को रोक लगा दी और केंद्र एवं राज्यों को निर्देश दिया कि जब तक सरकार का एक उचित मंच औपनिवेशिक युग के कानून पर फिर से गौर नहीं कर लेता, तब तक राजद्रोह के आरोप में कोई नई प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाए।

# मप्र में भाजपा व कांग्रेस आगामी निकाय चुनावों में ओबीसी के 27 प्रतिशत उम्मीदवार उतारेगी

**भोपाल।** सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी कांग्रेस ने मध्य प्रदेश के आने वाले स्थानीय निकायों के चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के 27 प्रतिशत उम्मीदवारों को मैदान में उतारने की बुधवार को घोषणा की। उच्चतम न्यायालय द्वारा मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग को राज्य में दो सप्ताह के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव कार्यक्रम की अधिसूचना जारी करने के निर्देश के एक दिन बाद इन दोनों दलों ने यह ऐलान किया है। शीर्ष अदालत के इस निर्देश पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राज्य सरकार ने न्यायालय में पुनरीक्षण याचिका दायर करने का निर्णय लिया है, जबकि विपक्षी कांग्रेस ने सत्तारूढ़ भाजपा पर ओबीसी को आरक्षण से वंचित करने का आरोप लगाया है। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने एक बयान में कहा, हमें भाजपा सरकार से कोई उम्मीद नहीं है। भाजपा ने ओबीसी आरक्षण के लिए दो साल में कोई प्रयास नहीं किया, कोई कानून नहीं बनाया। कांग्रेस पार्टी ने तय किया है कि आने वाले निकाय चुनावों में हम 27 प्रतिशत टिकट ओबीसी वर्ग को देंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने मध्य प्रदेश में ओबीसी आरक्षण के साथ चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी, लेकिन कांग्रेस नेताओं ने अदालत का रुख किया और इसमें बाधा डाली।

राज्य की भाजपा सरकार उच्चतम न्यायालय के फैसले पर पुनर्विचार याचिका दायर करेगी। शर्मा ने कहा, भाजपा राज्य में आगामी स्थानीय निकायों के चुनावों में 27 प्रतिशत या उससे भी अधिक ओबीसी उम्मीदवारों को मैदान में उतारेगी। ओबीसी को आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री संविधान विशेषज्ञों और वकीलों से बात कर रहे हैं। इसी बीच, कांग्रेस विधायकों सज्जन वर्मा, पी सी शर्मा और कमलेश्वर पटेल ने बुधवार को यहां संयुक्त पत्रकार-वार्ता कर आरोप लगाया कि भाजपा सरकार मध्य प्रदेश में ओबीसी के आरक्षण को समाप्त करना चाहती है।

## शिवराज ने अपनी विदेश यात्रा की निरस्त

**भोपाल।** मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्थानीय निकायों में ओबीसी आरक्षण के संबंध में आए उच्चतम न्यायालय के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में अपनी विदेश यात्रा निरस्त कर दी है। चौहान प्रदेश में निवेश आकर्षित करने के लिए 14 मई से लंदन एवं न्यूयॉर्क के दौरे पर जाने वाले थे। चौहान ने बुधवार को ट्वीट के माध्यम से यह जानकारी दी। माननीय उच्चतम न्यायालय ने मप्र में स्थानीय निकायों में पिछड़ा वर्ग आरक्षण के बिना चुनाव कराने का निर्णय सुनाया है। राज्य सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## क्विक न्यूज

### चंपावत में योगी करेंगे धामी के लिए चुनाव प्रचार

**देहरादून।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत भाजपा के 40 स्टार प्रचारक 31 मई को होने वाले चंपावत उपचुनाव में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगे। योगी के अलावा, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, अनुराग ठाकुर, राज्य सभा सांसद अनिल बलूनी, नरेश बंसल, पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, प्रदेश पार्टी अध्यक्ष मदन कौशिक, पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, तीरथ सिंह रावत, धामी मंत्रिमंडल के सदस्य सतपाल महाराज, धनसिंह रावत और रेखा आर्य के नाम भी उपचुनाव के लिए भाजपा की स्टार प्रचारकों की सूची में है। गौरतलब है कि फरवरी में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा 70 में से 47 सीटें जीतकर प्रदेश में लगातार दूसरी बार सत्ता पर काबिज होने का इतिहास रची थी, लेकिन जीत की अगुवाई करने वाले धामी को खटीमा से हार का सामना करना पड़ा था। उत्तराखंड फिर मांगे, मोदीधामी की सरकार के नारे पर विधानसभा चुनाव लड़ने वाली भाजपा ने एक बार फिर धामी को ही मुख्यमंत्री बनाया। हालांकि, उन्हें मुख्यमंत्री बने रहने के लिए शपथ ग्रहण करने से छह माह के भीतर विधायक बनना जरूरी है, जिसके लिए वह चंपावत से उपचुनाव लड़ रहे हैं। धामी ने 23 मार्च को दूसरी बार उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की थी। इससे पहले, धामी के उपचुनाव लड़ने का रास्ता साफ करने के लिए गहतोड़ी ने 21 अप्रैल को अपनी विधानसभा सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया था। चंपावत उपचुनाव का परिणाम तीन जून को आएगा।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री सुखराम का निधन

**शिमला/नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुखराम का मंगलवार देर रात दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 94 वर्ष के थे। सुखराम को मनाली में मस्तिष्काघात हुआ था। इसके बाद उन्हें मंडी के एक क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से सात मई को दिल्ली स्थित एम्स लाया गया था। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि सुखराम का निधन देर रात एक बजकर 35 मिनट पर हुआ। सुखराम के पोते आश्रय शर्मा ने बताया कि उनका शव हिमाचल प्रदेश के मंडी में सेरी मंच पर बृहस्पतिवार को अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। इससे पहले, आश्रय शर्मा ने देर रात दो बजे सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर लिखा था, अलविदा दादा जी, अभी नही बजेगी फोन की घंटी। शर्मा ने एक अन्य पोस्ट में बताया कि सुखराम का शव बुधवार शाम करीब छह बजे उनके गृह नगर मंडी लाया जाएगा। कांग्रेस नेता के एक अन्य पोते आयुष शर्मा ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, बहुत भारी मन से मैं अपने प्यारे दादाजी पंडित सुखराम शर्मा को विदाई दे रहा हूं। भले ही आप चले गए हो, मुझे पता है कि आप हमेशा मेरे साथ रहेंगे, मेरा मार्गदर्शन करेंगे, आप मुझे देख रहे हैं और हमेशा की तरह मुझे आशीर्वाद देते हैं। भगवान आपकी आत्मा को शांति दे दादाजी। आप बहुत याद आएंगे। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने सुखराम के निधन पर शोक व्यक्त किया।

### लाउडस्पीकर नियम के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

**बेंगलुरू।** कर्नाटक सरकार द्वारा अज़ान और हनुमान चालीसा विवाद के बाद लाउडस्पीकर के उपयोग के संबंध में एक परिपत्र जारी करने के साथ, राज्य के गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने बुधवार को कहा कि इसके कार्यान्वयन की कड़ाई से निगरानी की जाएगी और किसी भी उल्लंघन के मामले में कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। ज्ञानेंद्र ने कहा, लाउडस्पीकर के मुद्दे के संबंध में, मंगलवार को दिशानिर्देश जारी किए गए है। आवेदन दाखिल करने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है, (नामित) अधिकारियों का भी इसमें (दिशानिर्देश) उल्लेख किया गया है। निर्देशों का सख्ती से पालन किया जा रहा है, लाउडस्पीकर का उपयोग रात 10 बजे से सुबह छह बजे के बीच नही किया जा सकता है। यहां पत्रकारो से बात करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी उल्लंघन के मामले मे कानून के अनुसार सख्त कार्वाई की जाएगी। उन्होंने कहा, अनुमति के बिना कोई भी लाउडस्पीकर का उपयोग नही कर सकता है, और सभी को जारी दिशा-निर्देशो का पालन करना चाहिए। सरकार द्वारा मंगलवार को जारी परिपत्र में लाउडस्पीकर के उपयोगकर्ताओं को 15 दिनों के भीतर नामित प्राधिकारी से लिखित अनुमति प्राप्त करने के लिए कहा गया है।

### डिजिटल मनोरंजन के क्षेत्र में कदम रखेंगी सोनाली बेंद्रे

**मुंबई।** अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे द ब्रोकन न्यूज सीरीज के साथ डिजिटल मनोरंजन के क्षेत्र में अपने सफर की शुरुआत करेंगी। यह सीरीज डिजिटल मनोरंजन प्लेटफॉर्म (ओटीटी) जी5 पर प्रसारित होगी। द ब्रोकन न्यूज 2018 की लोकप्रिय ब्रिटिश वेब सीरीज प्रेस का भारतीय रूपांतरण होगी। इसमें सोनाली के साथ जयदीप अहलावत और श्रिया पिलगांवकर भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। द ब्रोकन न्यूज का निर्देशन विनय वाइकुल करेंगे, जिन्होने हाल ही मे नेटफ्लिक्स पर प्रसारित हुई क्राइम-थ्रिलर सीरीज अरण्यक का निर्देशन भी किया था। सोनाली बेंद्रे को सरफरोश, दिलजले और मेजर साब जैसी फिल्मों में अभिनय के लिए जाना जाता है। सोनाली आखिरी बार 2013 में अपराध की दुनिया पर बनी फिल्म वंस अपॉन ए टाइम इन मुंबई मे नजर आईं थी।

# राकांपा पीठ में छुरा घोंपने वाली पार्टीः नाना पटोले

**मुंबई।** महाराष्ट्र में सत्तारूढ गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) में दरार बुधवार को तब सामने आ गई जब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने सहयोगी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) को पीठ में छुरा घोंपने वाला करार दिया। एक दिन पहले ही शरद पवार की अगुवाई वाली राकांपा ने गोंडिया जिला परिषद में कांग्रेस को सत्ता से दूर रखने के लिए चुनाव में प्रतिद्वंद्वी भाजपा से हाथ मिला लिया था। पटोले ने बुधवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि आगामी उदयपुर सम्मेलन में कांग्रेस आलाकमान को पिछले ढाई साल के दौरान राकांपा द्वारा अपनाए गए दांव-पेंच के बारे में बताया जाएगा। पटोले ने कहा कि मित्रता पूरी ईमानदारी से की जानी चाहिए और यदि दुश्मन सामने से खुलकर वार करे तो अच्छा है। उन्होंने कहा कि भाजपा को सत्ता से दूर रखने के लिए शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस का गठबंधन महा विकास अघाड़ी बनाया गया था। उन्होंने कहा, गठबंधन में होने के बावजूद राकांपा ने मालेगांव, भिवंडी और कई अन्य स्थानों पर कांग्रेस को दूर धकेला। कल राकांपा ने अध्यक्ष के चुनाव के लिए गोंडिया जिला परिषद में भाजपा के साथ हाथ मिला लिया। उसने पीछे से कांग्रेस की पीठ में छुरा घोंपा है। पटोले ने कहा कि भंडारा जिला परिषद में कांग्रेस ने उसे नुकसान पहुंचने की भाजपा की कोशिश नाकाम कर दी। उन्होंने कहा कि गठबंधन में होने के बाद भी राकांपा ने इससे पहले मालेगांव एवं भिवंडी में कांग्रेस को दूर धकेला जिससे साबित हो गया कि राकांपा कांग्रेस को अपना प्रतिद्वंद्वी मानती है। कांग्रेस नेता ने कहा, एमवीए के साझेदार जयंत पाटिल (राकांपा), सुभाष देसाई (शिवसेना) और मैंने तय किया था कि यह सुनिश्चित करने की कोशिश की जाएगी कि अधिकतम जिला परिषद एमवीए के पास रहें।

# स्कूली पोशाक के नियमों में छूट दें, समय में बदलाव करें

## ● गर्मी से निपटने के लिए शिक्षा मंत्रालय का निर्देश

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय ने भीषण गर्मी से निपटने को लेकर स्कूलों के लिए बुधवार को दिशानिर्देश जारी किया जिसमें पोशाक के नियमों में छूट देने एवं समय में बदलाव करने जैसी बातें शामिल हैं। देश के विभिन्न क्षेत्रों में भीषण गर्मी के कारण लोग काफी प्रभावित हुए हैं। अप्रैल के अंत में भीषण गर्मी के कारण दिल्ली के कई हिस्सों में तापमान 46-47 डिग्री सेल्सियस तक चला गया था। शिक्षा मंत्रालय के दिशानिर्देशों में स्कूलों से कक्षा के समय में बदलाव करने को कहा गया है और प्रत्एक दिन स्कूल के घंटों में कमी करने को कहा गया है। इसमें कहा गया है कि स्कूल पोशाक के नियमों में भी छूट दे सकते हैं और चमड़े के जूते के स्थान पर कैनवास के जूते उपयोग करने की अनुमति दी जा सकती है। मंत्रालय ने कहा कि स्कूलों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पंखे ठीक से चल रहे हो, साथ ही बिजली का वैकल्पिक इंतजाम भी करना चाहिए।



## राजस्थान में प्रचंड गर्मी और लू का प्रकोप बरकरार, जालौर में अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस

**जयपुर।** राजस्थान के पश्चिमी भाग में लगभग सभी स्थानों पर अधिकतम तापमान 45-46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य के अधिकतर स्थानों पर प्रचंड गर्मी और लू का प्रकोप बुधवार को भी जारी रहा। जालौर 47 डिग्री सेल्सियस के साथ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विभाग के अनुसार, जालौर 47 डिग्री सेल्सियस के साथ बुधवार को राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। बाड़मेर-डूंगरपुर में अधिकतम तापमान 46.5-46.5 डिग्री, कोटा-वनस्थली-चूरू में 46.2-46.2 डिग्री, पिलानी-फलोदी-बीकानेर में 46-46 डिग्री, नागौर-जैसलमेर में 45.9-45.9 डिग्री, जोधपुर में 45.6 डिग्री, श्रीगंगानगर में 45.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं राज्य के अधिकतर हिस्सों में मंगलवार रात का तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस से लेकर 34.4 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। जयपुर मौसम केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि फिलहाल पश्चिमी राजस्थान के लगभग सभी स्थानों में अधिकतम तापमान 45-46 डिग्री व पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में अधिकतम तापमान 44-45 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हो रहे हैं। यानी राज्य के अधिकतर भागों में लू का दौर जारी है। उन्होंने बताया कि अगले 48 घंटों में अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी होने से पश्चिमी राजस्थान के लगभग सभी स्थानों पर लू तथा कहीं-कहीं भीषण लू चलने की संभावना बनी हुई है। उन्होंने बताया कि इस दौरान जोधपुर, बीकानेर संभाग के जिलों में अधिकतम तापमान 46 से 47 डिग्री सेल्सियस होने की प्रबल संभावना है। वहीं पूर्वी राजस्थान के भरतपुर, जयपुर, कोटा व उदयपुर संभाग के जिलों में कुछ स्थानों पर अधिकतम तापमान 45 से 46 डिग्री रिकॉर्ड होने की प्रबल सम्भावना है।

# श्रीलंका में सड़कों पर सैनिक व सैन्य वाहन तैनात

भाषा। कोलंबा

**आर्थिक** संकट से निपटने में सरकार की नाकामी को लेकर देशव्यापी विरोध प्रदर्शन के बीच श्रीलंकाई अधिकारियों ने बुधवार को राजधानी में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सैनिकों और सैन्य वाहनों को सड़कों पर तैनात कर दिया। श्रीलंका के रक्षा मंत्रालय ने सेना, वायुसेना और नौसेना कर्मियों को सार्वजनिक संपत्तियों को लूटने या दूसरों को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति को गोली मारने का मंगलवार को आदेश दिया था। न्यूज फर्स्ट अखबार की खबर के अनुसार, कोलंबो और उपनगरों में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सेना के विशेष बलों को भी तैनात किया गया है। राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने बुधवार को जनता से हिंसा को समाप्त करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक चुनौतियों से पार पाने के लिए श्रीलंकाई नागरिकों को एकजुट होना चाहिए। श्रीलंका के रक्षा महासचिव (सेवानिवृत्त) कमल गुणरत्ने ने मंगलवार को प्रदर्शनकारियों से शांत रहने और हिंसा नहीं करने का आग्रह किया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर लूटपाट और संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया जाता है, तो रक्षा मंत्रालय इस तरह के कृत्यों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्वाई करेगा।

उन्होंने कहा, मैं पुरुषों और महिलाओं से हिंसा में शामिल होने से बचने की अपील करता हूं। सार्वजनिक और निजी संपत्तियों में आग न लगाएं और लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से संघर्ष में शामिल हों। महिंदा राजपक्षे (76) ने सोमवार को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। उनके समर्थकों द्वारा सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों पर हमला करने के कुछ घंटे बाद अधिकारियों ने देशव्यापी कर्फ्यू लगाया था और राजधानी में सेना के जवानों को तैनात किया। इस हमले के बाद राजपक्षे समर्थक नेताओं के खिलाफ व्यापक हिंसा शुरू हो गई थी। इन झड़पों में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 250 से अधिक लोग घायल हो गए। राष्ट्रपति गोटबाया ने लोगों से नागरिकों के खिलाफ हिंसा और बदले की कार्वाई को रोकने का आग्रह किया है और देश के समक्ष राजनीतिक और आर्थिक संकट को दूर करने संकल्प जताया है।



कोलंबो में भड़की हिंसा के बाद आग से खाक हो चुकी बसों को देखता एक परिवार

## श्रीलंका में बढ़ती हिंसा को लेकर संयुक्त राष्ट्र प्रमुख बेहद चिंतित: प्रवक्ता

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस श्रीलंका में हिंसा के बढ़ते मामलों को लेकर बेहद चिंतित हैं और उन्होंने सभी पक्षों से संयम बरतने तथा बातचीत के जरिए मौजूदा संकट का समाधान तलाशने का आह्वान किया। उनके प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। महासचिव के उप-प्रवक्ता फरहान हक ने पीटीआई-भाषा को बताया, महासचिव श्रीलंका में बढ़ती हिंसा को लेकर बेहद चिंतित हैं। उन्होंने हिंसा की निंदा की और सभी पक्षों से संयम बरतने को कहा। वह मौजूदा चुनौतियों का समाधान बातचीत के जरिए करने के लिए सभी श्रीलंकाई पक्षकारों का आह्वान करते हैं। श्रीलंका में मौजूदा संकट के बीच प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के इस्तीफे के बाद हक ने सोमवार को अपनी दैनिक प्रेस ब्रीफिंग में यहां कहा था कि संयुक्त राष्ट्र ने प्रधानमंत्री के इस्तीफे पर संज्ञान लिया है। हक ने कहा, साथ ही, हम शांतिपूर्ण प्रदर्शन के खिलाफ हाल ही में हुई हिंसा के बारे में भी चिंतित हैं, और हम शांति तथा संयम के साथ-साथ लोकतांत्रिक अधिकारों का सम्मान करने का आग्रह करते हैं, जिसमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण सभा का अधिकार भी शामिल है।

गौरतलब है कि 1948 में ब्रिटेन से स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद से श्रीलंका घोर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है।

## ईरान ने दो यूरोपीय नागरिकों को हिरासत में लिया

**तेहरान।** विश्व शक्तियों के साथ ईरान के परमाणु समझौते पर रुकी हुई वार्ता को लेकर यूरोपीय आयोग के दूत के यहां यात्रा पर आने के बीच ईरानी खुफिया मंत्रालय ने बताया कि उसने दो यूरोपीय नागरिकों को हिरासत में लिया है। मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि हिरासत में लिए गए दोनों लोगों की योजना विभिन्न सामाजिक एवं पेशेवर समूहों की नियमित मांगों को अराजकता, सामाजिक अव्यवस्था और अस्थिरता में बदलने की थी। मंत्रालय ने यह नहीं बताया कि हिरासत में लिए गए लोग किस देश के नागरिक हैं। मंत्रालय का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब यूरोपीय आयोग के दूत एनरिक मोरा ईरान आए हैं। ईरान अपने अर्द्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड को अमेरिका द्वारा आतंकवादी समूह घोषित किए जाने से खासा नाराज है।

## अल सल्वाडोर में गर्भपात कराने के मामले में महिला को 30 साल की जेल

**सैन सल्वाडोर।** अल सल्वाडोर की एक अदालत ने एक महिला को गर्भपात कराने के मामले में 30 साल कारावास की सजा सुनाई है। महिला का बचाव करने में उसकी सहायता करने वाले एक गैर-सरकारी संगठन सिटिजन ग्रुप फॉर द डिक्रिमिनलाइजेशन ऑफ एबॉर्शन ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि महिला ने प्रसूति संबंधी आपात स्थिति के कारण गर्भपात कराया था। संगठन ने महिला नाम एस्मे बताया, जिसे सोमवार को सजा सुनाई गई थी। समूह ने कहा, न्यायाधीश ने पक्षपात किया। उन्होंने अटॉर्नी जनरल के कार्यालय द्वारा पेश किए गए संस्करण को अधिक तवज्जो दी, जो पूर्वाग्रह और रूढ़ीवादी सोच से भरा हुआ था। उन्होंने कहा कि वे इस फैसले के खिलाफ अपील करेंगे।

## अमेरिकी सदन में यूक्रेन के लिए 40 अरब डॉलर के नए सहायता पैकेज को मंजूरी

एपी। वाशिंगटन

**अमेरिकी** सदन के सांसदों ने राष्ट्रपति जो बाइडन के शुरुआती अनुरोध को बल प्रदान करते हुए यूक्रेन की मदद के लिए मंगलवार को 40 अरब डॉलर के नए सहायता पैकेज को मंजूरी दी। यह यूक्रेन पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के तीन महीने से जारी युद्ध के खिलाफ द्विदलीय प्रतिबद्धता का संकेत है। विधेयक 57 के मुकाबले 368 मतों के अंतर से पारित हुआ, जो अप्रैल में बाइडन की ओर से अनुरोध की गई राशि से सात अरब डॉलर अधिक है। विधेयक में यूक्रेन को सैन्य और आर्थिक सहायता देने, क्षेत्रीय सहयोगियों की मदद करने, अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन द्वारा भेजे गए हथियारों की भरपाई करने या बदलने का भी प्रावधान है। विधेयक में युद्ध के कारण यूक्रेन के कई फसलों के बर्बाद होने के कारण वैश्विक खाद्य कमी को दूर करने के लिए पांच अरब डॉलर की मदद प्रदान करने का प्रावधान है। वहीं, यूक्रेन में अमेरिका के राजदूत के लिए बाइडन प्रशासन की उम्मीदवार ब्रिजेट ब्रिंक ने मंगलवार को सांसदों से वादा किया कि वह यूक्रेन पर रूस के आक्रमण को रणनीतिक रूप से विफल करने के लिए काम करेंगी। उन्होंने कहा कि वह कूटनीति के बजाय यूक्रेन की सेना के लिए पश्चिमी देशों से भेजी जा रही हथियार की खेप के समन्वय पर अधिक ध्यान केंद्रित करेंगी। ब्रिंक ने अपने 25 साल के राजनयिक करियर का अधिकांश समय पूर्व सोवियत गणराज्यों में बिताया है। उन्होंने सीनेट की विदेश संबंधी समिति के सदस्यों से बात की। ब्रिंक के नाम पर सीनेट की पुष्टि होने की उम्मीद है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा वर्ष 2019 में राजदूत मेरी योवानोविच को अचानक बाहर करने के बाद से यह पद खाली है। वह बाद में ट्रम्प के खिलाफ महाभियोग कार्यवाही में पहली प्रमुख व्यक्ति बनीं। इस बीच राष्ट्रपति जो बाइडन और इटली के प्रधानमंत्री मारियो द्राघी ने मंगलवार को ओवल कार्यालय में यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के खिलाफ मित्र देशों की एकता दिखाने के इरादे से मुलाकात की। द्राघी ने कहा कि नेताओं को संघर्षविराम लाने और फिर से कुछ विश्वसनीय वार्ता शुरू करने की संभावना की दिशा में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इटली और यूरोप में अब लोग इन नरसंहारों और हिंसा तथा कत्लेआम को समाप्त करना चाहते हैं। बाइडन ने हालांकि द्राघी की टिप्पणियों को नहीं दोहराया। हालांकि, अमेरिकी अधिकारियों को अब इस बिंदु पर वार्ता शुरू होने का संदेह है। नेशनल इंटेलिजेंस की निदेशक एवरिल हेन्स ने कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन लंबे समय तक संघर्ष के लिए तैयार हैं।

## बिल गेट्स कोरोना वायरस से संक्रमित

**सिएटल (अमेरिका)।** माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने मंगलवार को कहा कि वह कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं और उनमें संक्रमण के हल्के लक्षण हैं। बिल गेट्स ने ट्विटर पर यह जानकारी दी और कहा कि वह पूरी तरह से स्वस्थ होने तक पृथक-वास में रहेंगे। गेट्स ने लिखा, मैं भाग्यशाली हूं कि मैंने कोविड-19 रोधी टीके की बूस्टर खुराक भी ले ली है और बेहतर चिकित्सकीय सेवा का लाभ उठा सकता हूं। सिएटल स्थित बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन दुनिया का सबसे प्रभावशाली निजी फाउंडेशन है, जिसके पास लगभग 65 अरब डॉलर की निधि है। मेलिंडा गेट्स, बिल की पूर्व पत्नी हैं। बिल गेट्स वैश्विक महामारी से निपटने के उपायों, खासकर गरीब देशों तक टीकों और दवाओं की पहुंच के मुखर समर्थक रहे हैं। गेट्स फाउंडेशन ने अक्टूबर में कहा था कि वह दवा कम्पनी मर्क की एंटीवायरल कोविड-19 गोली की जेनेरिक दवाओं को कम आय वाले देशों तक पहुंचाने के लिए 12 करोड़ डॉलर खर्च करेंगे।

## यूक्रेन ने पूर्व में बनाई अपनी बढ़त मारियुपोल में रूसी सेना को रोका

एपी। जेपोरीजिया (यूक्रेन)

**यूक्रेन** के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि देश की सेना ने पूर्व में थोड़ी बढ़त हासिल की है और रूसी सेना को खारकीव के निकटवर्ती चार गांवों से बाहर कर दिया है। यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने कहा था कि यूक्रेन रूस को उसके कब्जे वाले क्षेत्रों से जाने के लिए मजबूर कर सकता है। विदेश मंत्री कुलेबा के इस आह्वान से न सिर्फ यूक्रेनी सेना का आत्मविश्वास बढ़ा बल्कि लक्ष्य का भी विस्तार हुआ। कुलेबा ने फाइनेंशियल टाइम्स से कहा कि 24 फरवरी को हमला होने के बाद यूक्रेन को लगता था कि उनकी जीत तभी होगी जब रूसी सैनिकों की, उनके अधिकार वाले स्थानों से वापसी होगी। लेकिन अब वह बात नहीं रही।

कुलेबा ने कहा, अगर हम सैन्य मोर्चे पर काफी मजबूत हैं और हम डोनबास के लिए लड़ाई जीतते हैं तो यह युद्ध की रणनीति के लिए महत्वपूर्ण होगा और निश्चित रूप से इस युद्ध में हमारी जीत हमारे बाकी क्षेत्रों की आजादी होगी। रूसी सेना ने डोनबास में बढ़त हासिल की है और पहले की तुलना में इस पर अधिक नियंत्रण कर लिया है। रूस की आसान जीत को रोकने की यूक्रेन की क्षमता के उदाहरणों में से एक मारियुपोल है, जहां एक इस्पात संयंत्र में छिपे हुए यूक्रेनी लड़ाकों ने रूस को शहर पर पूर्ण नियंत्रण करने से रोक दिया। संयंत्र की रक्षा करने वाली रेजिमेंट ने कहा कि रूसी युद्धक विमानों ने 24 घंटों में 34 बार हमला करते हुए उस पर बमबारी जारी रखी।हाल के दिनों में संयुक्त राष्ट्र और रेड क्रॉस ने संयंत्र में फंसे अंतिम नागरिक के लिए बचाव अभियान चलाया। हालांकि, दो अधिकारियों ने मंगलवार को कहा कि लगभग 100 लोग अब भी परिसर की भूमिगत सुरंगों में हैं। दोनेत्स्क के क्षेत्रीय गवर्नर पावलो क्यारिलेंको ने कहा कि ए वे लोग हैं जिन्हें निकासी के लिए रूसी सैनिकों ने नहीं चुना है। टेलीग्राम पर अपने बयान में यूक्रेनी रेजिमेंट ने संयुक्त राष्ट्र और रेड क्रॉस से घायल सैनिकों को यूक्रेन-नियंत्रित क्षेत्रों से निकालने की अपील की। इन तस्वीरों को हालांकि स्वतंत्र रूप से सत्यापित नहीं किया जा सका। यूक्रेन ने मंगलवार को कहा कि रूसी सेना ने एक दिन पहले ओडेसा में सात मिसाइलें दागीं, जिसमें देश के सबसे बड़े बंदरगाह में एक शॉपिंग सेंटर और एक गोदाम को निशाना बनाया गया। सेना ने कहा कि हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। ओडेसा अनाज की आपूर्ति के लिए एक प्रमुख प्रवेश द्वार है और रूस द्वारा इसकी नाकाबंदी करने से पहले से ही वैश्विक खाद्य आपूर्ति के लिए खतरा पैदा हो गया है।

## यात्रियों के साथ एयरलाइंस का भी बचाव कर रही है मौजूदा किराया सीमा: सिंधिया

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय** नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि किराए की मौजूदा सीमा हवाई यात्रियों के साथ एयरलाइन कंपनियों के संरक्षण का काम कर रही है। सिंधिया ने बुधवार को यहां संवाददाताओं के साथ बातचीत में कहा कि किराए की सीमा की वजह से एयरलाइन यात्रियों से बहुत अधिक किराया नहीं वसूल कर सकती हैं। उन्होंने संकेत दिया कि किराए की सीमा से संबंधित अंकुशों को हटाने पर यात्रियों की संख्या में सुधार और जेट ईंधन के दाम नीचे आने के बाद विचार किया जा सकता है। उन्होंने कहा, विमान ईंधन के दाम अब भी बहुत अधिक है। मैं यात्रियों के साथ विमानन कंपनियों को भी बचाना चाहता हूं। यह सुनिश्चित करना होगा कि स्थिति स्थिर बनी रहे। मैं एक ऐसा क्षेत्र बनाना चाहता हूं जहां एक साथ कई एयरलाइन परिचालन कर सकें। वर्तमान में किराया सीमा 15 दिन के चक्र के आधार पर लागू है और नागर विमानन मंत्रालय की तरफ से स्थिति की निगरानी की जा रही है। इस बीच, देश में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या महामारी-पूर्व के स्तर पर पहुंच गई है। हालांकि, विमान ईंधन के दाम उच्चस्तर पर बने हुए हैं और कई राज्यों ने इनपर करों में कटौती है।

### यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में चार प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में कारखानों से डीलरों तक यात्री वाहनों की आपूर्ति या थोक बिक्री अप्रैल में चार प्रतिशत घट गई। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि आपूर्ति पक्ष की चुनौतियां के कारण यह गिरावट हुई। घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल, 2021 में 2,61,633 इकाई थी, जो पिछले महीने घटकर 2,51,581 इकाई रह गई। पिछले महीने यात्री कारों की थोक बिक्री।,12,857 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में।,41,194 इकाई थी। हालांकि, समीक्षाधीन अवधि में यूटिलिटी वाहनों की थोक बिक्री बढ़कर।,27,213 इकाई हो गई, जो एक साल पहले समान अवधि में।,08,871 इकाई थी। इसी तरह अप्रैल, 2022 में वैन की थोक बिक्री 11,511 इकाई रही, जो अप्रैल 2021 में 11,568 इकाई थी। समीक्षाधीन अवधि में दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री 15 प्रतिशत बढ़कर 11,48,696 इकाई हो गई। इस दौरान तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री में भी बढ़ोतरी हुई। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा, यात्री वाहनों की बिक्री अभी भी अप्रैल, 2017 के आंकड़ों से कम है, जबकि दोपहिया वाहनों की बिक्री अप्रैल, 2012 के आंकड़ों से कम है।

## शेयर बाजारों में गिरावट जारी, सेंसेक्स 276 अंक और टूटा

भाषा। मुंबई

**अमेरिका** के मुद्रास्फीति के आंकड़ों से पहले निवेशकों के दिलचस्पी न दिखाने से शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुरुआती लाभ को गंवाकर अंत में 276.46 अंक के नुकसान के साथ 54,000 अंक के स्तर की ओर बढ़ता दिखा। अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों को लेकर आशंकित निवेशकों ने बाजार से दूरी बनाए रखी। इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों के बिकवाल बने रहने और कच्चे तेल में उछाल से भी कारोबारी धारणा पर नकारात्मक असर पड़ा। हालांकि, सेंसेक्स की शुरुआत बढ़त के साथ हुई थी लेकिन जल्द ही यह अपनी रफ्तार गंवा बैठा। कारोबार के दौरान यह एक समय 845.55 अंक तक लुढ़कने के बाद 53,519.30 अंक के स्तर तक आ गया था। कारोबार के अंत में यह 276.46 अंक यानी 0.51 प्रतिशत के नुकसान के साथ 54,088.39 अंक पर बंद हुआ।







पीटीआई ग्राफिक

इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 72.95 अंक यानी 0.45 प्रतिशत गिरकर 16,167.10 अंक पर खिसक गया। सेंसेक्स की कंपनियों में लार्सन एंड टुब्रो को सर्वाधिक 2.34 प्रतिशत का नुकसान झेलना पड़ा। बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस, मारुति सुजुकी, पावरग्रिड, इन्फोसिस और आईटीसी भी घाटे में रहीं। इसके उलट एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल के शेयर 1.92 प्रतिशत तक की बढ़त पर रहे।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजारों में बढ़त के बावजूद घरेलू निवेशकों का भरोसा कम होने और विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से निवेशकों की चिंता बनी हुई है। अमेरिकी मुद्रास्फीति के अप्रैल के आंकड़ों का इंतजार है। बाजार की दिशा इससे तय होगी कि फेडरल रिजर्व के कदमों से मुद्रास्फीति में कितनी कमी आती है।

व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप 2.23 प्रतिशत और मिडकैप 0.46 प्रतिशत की गिरावट पर रहे। बीएसई के क्षेत्रवार सूचकांकों में रियल्टी, बैंक एवं वित्त बढ़त के साथ बंद हुए। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, हांगकांग का हैंगसेंग और चीन का शंघाई कंपोजिट बढ़त के साथ बंद हुआ, जबकि दक्षिण कोरियो के कॉस्पी में गिरावट आई। यूरोप के बाजार दोपहर के सत्र में बढ़त पर कारोबार कर रहे थे। इसके पहले अमेरिकी शेयर बाजारों में भी मंगलवार को मजबूती देखी गई थी। हेम सिक्योरिटीज के पीएमएस प्रमुख मोहित निगम ने कहा, वैश्विक मोर्चे पर एशियाई बाजारों में अलग-अलग रुझान रहा जबकि यूरोपीय बाजार अमेरिकी मुद्रास्फीति का आंकड़ा आने के पहले बढ़त पर रहे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 3.12 प्रतिशत बढ़कर 105.7 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। रुपया लगातार दूसरे दिन बढ़त दर्ज करने में सफल रहा। बुधवार को अमेरिकी डॉलर के 20 वर्षों के अपने उच्चतम स्तर से नीचे आने से रुपए को समर्थन मिला। विदेशी निवेशकों का भारतीय बाजारों से निकासी का सिलसिला जारी है। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी निवेशकों ने मंगलवार को 3,960.59 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I SHIVESH ANUGRAH SINGH S/O SH. MAHENDRA KUMAR SINGH R/O C-55, SECTOR-56, NOIDA- 201301 (U.P.) HAVE CHANGED MY NAME FROM SHIVESH ANUGRAH SINGH TOMAR TO SHIVESH ANUGRAH SINGH FOR ALL FUTURE PURPOSES.
PD(9094)C

I, DEVINDER PRASAD S/O PAWAN KUMAR SINGH, R/O RZG-540, Near Ganesh Marg, Raj Nagar Part-2 Palam Colony, South West Delhi-110077, have changed my name from DEVINDER PRASAD TO DEVENDER PRASAD SINGH for all the future purposes.
PD(9095)A

## पीएफसी चेयरमैन रविंदर सिंह ढिल्लों ने आरईसी के सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार संभाला

भाषा। नई दिल्ली

**पावर** फाइनेंस कॉरपोरेशन के चेयरमैन रविंदर सिंह ढिल्लों को तीन महीने के लिए आरईसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। एस के जी रहाटे को बिजली मंत्रालय के सचिव के रूप में पदोन्नत करने के बाद ढिल्लों को यह अतिरिक्त पदभार दिया गया है। आरईस लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा, सरकार ने 10 मई, 2022 के आदेश के जरिए सूचित किया है कि पीएफसी के चेयरमैन रविंदर सिंह ढिल्लों वर्तमान जिम्मेदारियों के साथ-साथ दस मई से अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में कंपनी के अन्य कार्य को भी देखेंगे। यह नियुक्ति तीन महीने या अगले आदेश जारी रहेगी। रविंदर सिंह ढिल्लों वर्तमान में पीएफसी के सीएमडी के रूप में कार्यरत हैं और कंपनी के पूरे संचालन का नेतृत्व कर रहे हैं। वह साथ ही बिजली क्षेत्र की प्रमुख पहल के कार्यान्वयन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### सेबी ने सीआईएस के नियामकीय ढांचे को मजबूत करने के लिए नियमों में बदलाव किया

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने सामूहिक निवेश योजनाओं (सीआईएस) के नियामकीय ढांचे को मजबूत करने के लिए नियमों को अधिसूचित किया है। नए नियमों के तहत ऐसी योजनाओं का प्रबंधन करने वाली इकाइयों के लिए नेटवर्थ मानदंड और पिछले रिकॉर्ड संबंधी जरूरतों को बढ़ाया है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने मंगलवार को एक अधिसूचना में कहा कि प्रत्एक सामूहिक निवेश योजना (सीआईएस) के लिए न्यूनतम 20 निवेशकों और कम से कम 20 करोड़ रुपए की सदस्यता राशि अनिवार्य कर दी गई है। इस समय सीआईएस नियम के तहत न्यूनतम निवेशकों के लिए कोई संख्या, एकल निवेशक की अधिकतम होल्डिंग या न्यूनतम सदस्यता राशि तय नहीं है। इसके अलावा नियामक ने हितों के टकराव से बचने के लिए सामूहिक निवेश प्रबंधन कंपनी (सीआईएमसी) में क्रॉस-शेयरहोल्डिंग के लिए 10 प्रतिशत की सीमा तय की है। इसके लिए सेबी ने सीआईएस नियमों में संशोधन किया है। इन नियमों को पहली बार 1999 में अधिसूचित किया गया था और तब से इन नियमों की समीक्षा नहीं की गई थी।

### बंदरगाह मंत्रालय ने तनावग्रस्त संपत्तियों के पुनरुद्धार के दिशानिर्देश तय किए

**नई दिल्ली।** बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने प्रमुख बंदरगाहों पर सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) वाली अटकी परियोजनाओं के शीघ्र समाधान के लिए दिशानिर्देशों को अंतिम रूप दे दिया है। एक आधिकारिक दस्तावेज से यह जानकारी मिली है। पीटीआई-भाषा के पास मौजूद दस्तावेज के अनुसार, इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य दबाव वाली संपत्तियों की श्रेणी में आने वाली परियोजनाओं का पुनरुद्धार करना है। इन दिशानिर्देशों से मुकदमेबाजी में फंसे मामलों के समाधान का भी रास्ता खुलेगा। दस्तावेज के अनुसार, बंदरगाह संपत्तियों को दोबारा बोली लगाकर फिर से इस्तेमाल में लाया जाएगा। इससे करीब 2.7 करोड़ टन की कार्गो रखरखाव क्षमता को इस्तेमाल के लिए खोला जा सकेगा। दस्तावेज में कहा गया है कि इससे संभावित निवेशकों के लिए कारोबार के बेहतर अवसर पैदा होंगे और बंदरगाह प्राधिकरण को राजस्व मिलना शुरू होगा। इसके मुताबिक, अटकी परियोजनाओं के त्वरित समाधान से निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा। साथ ही इससे रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

### भारतीय उद्योगों को प्रोत्साहन, सब्सिडी से अलग हटकर सोचना चाहिए : सीआईआई अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष टी वी नरेंद्रन ने बुधवार को कहा कि भारतीय उद्योग को प्रोत्साहनों और सब्सिडी से हटकर सोचना चाहिए और प्रतिस्पर्धा और उत्पादन बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। नरेंद्रन ने बीइंग फ्यूचर रेडी बिजनेस समिट-2022 में कहा कि एक जिम्मेदार और जागरूक उद्योग को देश में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए अपनी प्राथमिकताओं से परे सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं का फिर से आकलन उद्योग के लिए अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में खुद को और अधिक मजबूती से पेश करने के साथ वैश्विक स्तर पर कारोबार का विस्तार करने का अवसर भी देता है। सीआईआई के अध्यक्ष ने कहा, हमें जोखिम नहीं उठाने की मानसिकता से हटकर सोचना चाहिए और सभी बाजारों और क्षेत्रों में कारोबार की संभावना तलाशनी चाहिए। उन्होंने कहा, हमारे प्रमुख बाजार भागीदारों के साथ कई नए मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए जा रहे हैं जो हमारे लिए अंतरराष्ट्रीय व्यापार के अपार अवसर खोलेंगे।

## सोमालिया में आत्मघाती विस्फोट, चार की मौत

**मोगादिशु।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में हवाई अड्डे के पास एक जांच स्थल को निशाना बनाकर किए गए आत्मघाती विस्फोट में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी अली हसन ने कहा, मैंने मौके पर चार लोगों को मृत देखा। इनमें से दो सरकारी सैनिक थे जिनकी हमले के तत्काल बाद मौत हो गई।

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given to the General Public on behalf of Yes Bank Ltd. that Mrs. Bindu Batra is the owner of Entire third floor with roof rights (said floor) built on Property No. 45, admeasuring 200 sq. yds., in Block-D, Situated in the layout plan of the Multan CHBS Ltd. Colony known as New Multan Nagar, New Delhi-110056 "the said property" by virtue of Gift Deed dated 06.05.2019, Registration No. 2531, executed by Mr. Kimshuk Batra, on the basis of Regd. Will dated 15.05.2014 of late Mrs. Raj Rani, All persons are hereby informed that Mrs. Bindu Batra want to sell the said Third Floor with roof rights, of the said property to Mrs. Krishna Chowdhary / Mr. Phool Kumar who is taking Loan for purchase the said floor from Yes Bank Ltd., if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner in respect of the said floor /Property, its Sale/Mortgage/Litigation, and any kind of objection kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 7 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

सूचना

सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री परवेज सिद्दकी पुत्र स्व. श्री मुश्ताक रसूल निवासी बाबा जी इंडस्ट्रीज काशीपुर जिला उधमसिंह नगर का निवासी है। यह कि प्रार्थी की एक किता आराजी में वाकै ग्राम पसियापुरा तह. काशीपुरमेंस्थित थी जिसका खसरा नं० 153/3 मिन रकबा-0.065 हे0 थी, तथा उपरोक्त आराजी मुझ प्रार्थी की जरिऐ बैनामा सं० 2088 दिनांक 02/07/2001 पर श्री अनिरुद्ध कुमार निझावन व अरविन्द कुमार निझावन व अनिल कुमार निझावन व अरुण कुमार निझावन सभी पुत्रगण स्व० प्रधुमन कुमार निझावन तथा श्रीमती प्रेम रानी पत्नी स्व० प्रद्युमन कुमार निझावन निवासीगण पसियापुरा काशीपुर जिला उधम सिंह नगर से क्रय करी थी। तत्पश्चात, मैंने उपरोक्त आराजीको बैनामा सं० 2142 दिनांक 25/04/2005 के जरिये श्रीमति अर्चना खरबंदा पत्नी श्री राजीव खरबंदा निवासी टांडा उज्जैन काशीपुर तह. काशीपुर जिला उधम सिंह नगर को बिक्रय करी है। उक्त आराजी का मूल बैनामा सं० 2088 दिनांक 02/07/2001 जो कि मैंने (परवेज सिद्दकी) ने श्री अनिरुद्ध कुमार निझावन व अरविन्द कुमार निझावन व अनिल कुमार निझावन व अरुण कुमार निझावनसभी पुत्रगण स्व० प्रधुमन कुमार निझावन तथा श्रीमती प्रेम रानी पत्नी स्व० प्रद्युमन कुमार निझावन निवासीगण पसियापुरा काशीपुर जिला उधम सिंह नगर, से क्रय करी थी उक्त बैनामे की मूल प्रति कहीं वास्तव में गुम हो गयी है, जो कि मेरे द्वारा काफी ढूंढी गई और मुझे प्राप्त नहीं हुई तथा उपरोक्त मूल बैनामा मेरे द्वारा किसी भी बैंक/सरकारी संस्था/अर्द्धसरकारी संस्था में बंधक नहीं रखी गयी है तथा आराजी मुवैया पूर्णतया पाक-साफ है। किसी अन्य के द्वारा इसका प्रयोग अवैध होगा।

दिनांक 06.05.2022
प्रार्थी परवेज सिद्दकी पुत्र स्व. श्री मुश्ताक रसूल निवासी बाबा जी इंडस्ट्रीज काशीपुर जिला उधम सिंह

# दो सगे भाइयों की गला रेत कर हत्या

## संपत्ति विवाद में सौतेली मां और सौतेले भाई ने दिया घटना को अंजाम पुलिस ने किया अभियुक्तों को गिरफ्तार

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में एक महिला ने अपने बेटे और बहू के साथ मिलकर कर दो किशोरों की कथित रूप से हत्या दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक घटना बुधवार सुबह की है। पुलिस ने इस संबंध में दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा प्राथमिकी दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है।पुलिस क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर जिलाजीत ने बताया कि गौरी बाजार थाना अंतर्गत देवतहा चितई गांव के निवासी श्रीनिवास दुबई में नौकरी करते हैं। उन्होंने दो शादियां की हैं। पहली पत्नी कुसुम देवी से एक बेटा राजू और बहू अर्चना देवी है। वहीं, दूसरी पत्नी मनसा देवी के दो बेटे अजय (करीब 18) तथा अभिषेक (करीब 15) थे। क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर के अनुसार बुधवार की सुबह करीब पांच बजे मनसा देवी अपने दोनों पुत्रों अजय और अभिषेक को चारपाई पर सोते हुए छोड़कर शौच के लिए खेत गई थी और जब वह वापस आई तो उसने अपने दोनों बेटों को बिस्तर पर मृत पड़े हुए देखा। क्षेत्राधिकारी के अनुसार, प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि हत्या की घटना को कुसुम, उसके बेटे राजू और बहू अर्चना ने अंजाम दिया है, तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। क्षेत्राधिकारी ने यह भी कहा कि घटना स्थल से चाकू और तेजधार हथियार बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज कर पुलिस कानूनी कार्वाई कर रही है। मौके पर गौरी बाजार थानाध्यक्ष विपिन मलिकए कान्स्टेबल अनिल कुमार मयहमराही पुलिस अधीक्षकध् डीआईजी डाक्टर श्रीपति मिश्र पहुंचकर घटना का जायजा लिया एवं मौके पर चाकू बरामद किया गया लाश को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना का कारण जमीनी विवाद बताया जा रहा है। । जहां पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को हिरासत में ले लिया है वहीं घटना का निरीक्षण करने डीआईजी ध्एसपी डॉक्टर श्रीपति मिश्रा पहुंचे थे।


वाराणसी में बुधवार को चक्रवात आसनी की गति के कारण मौसम बदला और बादलों ने डेरा डाल दिया, इस दौरान शहर फुहारों से तर-बतर हो गया, बारिश के झोके से बचने की जुगत लगाते लोग

## डम्पर और टेम्पो के बीच टक्कर में तीन लोगों की हुई मौत पांच लोग जख्मी

**हरदोई।** हरदोई जिले के हरपालपुर थाना क्षेत्र स्थित कटरा-बिल्हौर मार्ग पर बुधवार को एक डम्पर और टेम्पो के बीच हुई भीषण टक्कर में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई तथा पांच गम्भीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि हरपालपुर थाना क्षेत्र स्थित कटरा-बिल्हौर मार्ग पर सदुल्लीपुर धर्मकांटे के पास अचानक सामने आए एक मोटरसाइकिल सवार को बचाने की कोशिश में यात्रियों से भरे एक टेम्पो की एक डम्पर से भीषण टक्कर हो गई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में मूर्ति देवी (30) तथा उसके आठ वर्षीय पुत्र सचिन समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में पांच लोग गम्भीर रूप से घायल भी हो गए। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## गांजा बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध, फिर भी बिक रही है गांव गांव में

**जालौन (उरई)।** अगर लापरवाही की बात की जाए तो चाहे आबकारी विभाग हो या फिर पुलिस विभाग अपनी लापरवाही से वह लोगों के स्वस्थ जीवन से खिलवाड़ करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। वहीं, प्रशासन नशा मुक्त समाज का सपना दिखाने वाली सरकारों के विपरीत कार्य करने में लगा है। गांजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध होने के बाबजूद नशेडियों को आसानी से गांजा उपलब्ध है।

कोतवली क्षेत्र में कई गांव ऐसे हैं जहां प्रतिबंधित गांजा आसानी और सहजता से उपलब्ध हो जाता है। चाहे आप नाबालिक हो या फिर बालिग नशे का व्यापार करने वालों को तो सिर्फ धन से मतलब है। बड़े मजे की बात तो यह है कि गांव में गांजा मिलने बारे स्थानों पर सुबह से लेकर शाम तक गांजा पीने बाले आते-जाते रहते । आप पैसे चाहे वह चोरी करके ले आओ या किसी से मांग कर आपको गांजा, दारू सभी उपलब्ध करा दी जाएगी। प्रशासन के आला अधिकारी सब नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए अपनी कुंभकरणी नींद में सोने का बहाना कर नशा माफियाओं को खुली छूट दिये हुए प्रतीत होते हैं। जिससे नशे का कारोबार करने वालों के होंसले बुलंद हैं। प्रशासन आखिर क्यों मौन है कार्रवाई के नाम पर सिर्फ लीपापोती क्यो हो रही है। यह एक यक्ष प्रश्न है। आम लोगों की जिंदगी नशे से बर्बाद हो रही है। प्रशासन को क्या पता नहीं है कि नशा के कारण आए दिन कई परिवार उजड़ जाते है। नशे के कारण कई लोग गलत कामों में लिप्त हो जाते हैं। नशे कारण घटित हुए कई केस चौकी, थाना, कोतवाली में देखने को मिल जाएंगे फिर भी प्रशासन कोई कड़ा कदम नहीं उठा रहा। अगर आपको गांजा लेना हो तो भांग की दुकान पर चले जाना जहां पर प्रतिबंधित गांजा मिल जायेगा।नगर व ग्रामीण क्षेत्र की जनता ने एसपी समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# बाग की रखवाली कर रहे किसान को ईंट से कुचलकर मार डाला

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश के जनपद बदायूं के थाना सिविल लाइन क्षेत्र में बुधवार सुबह ईंट से कुचलकर एक किसान की हत्या कर दी गई। बदायूं के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ओ.पी. सिंह ने बताया कि थाना सिविल लाइन क्षेत्र के शेखुपुर गांव में 52 वर्षीय उमेश का रोड किनारे शव बुधवार सुबह मिला है। सड़क के किनारे पड़े शव के पास ईंट पड़ी थी। मृतक उमेश के सिर पर ईंट से प्रहार के निशान पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि ऐसा लगता है कि किसी ने ईंट या पत्थर से कुचल कर उनकी हत्या की है। मृतक उमेश बाग की रखवाली करते थे।एसएसपी के मुताबिक भाई द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना सिविल लाइन क्षेत्र में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

**छात्रा से दुष्कर्म के मामले में युवक को दस साल की सजा:** मुजफ्फरनगर। यौन अपराध से बच्चों की सुरक्षा के लिए जिले की विशेष पॉक्सो अदालत ने 12वीं की छात्रा से दुष्कर्म के मामले में एक युवक को दोषी करार देते हुए उसे 10 साल कैद की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश छोटेलाल यादव ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 के तहत आशु करनवल (26) को दोषी ठहराते हुए मंगलवार को 10 साल की सजा सुनाई और 24,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया। सरकारी वकील किरणपाल कश्यप के अनुसार, आरोपी जुलाई 2008 में पीड़िता को सरकारी छात्रवृत्ति दिलाने के बहाने एक गांव से मुजफ्फरनगर ले गया था, जहां उसने छात्रा से दुष्कर्म किया और उसे धमकी भी दी। पीड़िता के परिवार ने आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई और 10 जुलाई 2008 को उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

**महाराणा प्रताप जयंती पर शोभायात्रा निकालने को लेकर 45 के खिलाफ मामला दर्ज।** अलीगढ़। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर शोभायात्रा निकालने और इस दौरान हथियार प्रदर्शन के आरोप में 45 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।पुलिस ने बुधवार को बताया कि आयोजक महाराणा प्रताप युवा संगठन ने मंगलवार को इस जुलूस का आयोजन किया था, जिसमें खुलेआम हथियारों का प्रदर्शन किया गया और तेज आवाज में डीजे पर गाने बजाए गए। पुलिस ने बताया कि आयोजकों पर एक संवेदनशील इलाके से निर्धारित मार्ग का उल्लंघन कर शोभायात्रा निकालने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, इस घटना के बारे में लोगों को जानकारी तब हुई जब जुलूस के दौरान बजने वाले गीतों का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुआ।पुलिस ने बताया कि जिन 45 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है उनमें से 20 लोग नामजद हैं। गौरतलब है कि मेवाड़ के योद्धा राजा के साहस और पराक्रम की स्मृति में मंगलवार को महाराणा प्रताप जयंती मनाई गई।

# जलस्तर गिरा, सूखे हैंडपंप

**बीजपुर/सोनभद्र।** विकास खण्ड म्योरपुर के न्याय पंचायत जरहां के विभिन्न ग्राम सभाओं में जैसे जैसे गर्मी का पारा बढ़ता जा रहा है वैसे वैसे जलस्तर भी नीचे घिसकता जा रहा है। गर्मी का पारा बढ़ने से जहाँ ग्राम सभा सिरसोती बीजपुर डोडहर नेमना जरहाँ रजमिलान महुली लीलाडेवा अंजानी पिण्डारी महरीकला झीलों सिंदूर व खम्हरिया के रहवासी किसी तरह उफ उफ करके दिन रात काटने को विवश व लाचार हैं वहीं दूसरी तरह जलस्तर नीचे घिसकने से ग्रामों के कई मुहल्लों में हैण्डपम्प भी पानी देना बंद कर दिए हैं। यदि वे थोड़ा बहुत पानी दे भी रहे हैं तो काफी मशक्कत से हैण्डपम्प चलाने के बाद ऐसे हालात में जहाँ के रहवासी सिर्फ हैण्डपम्प के सहारे हैं उनके समक्ष पेयजल व पानी की विषम समस्याएं भी उठ खड़ी हो गई हैं। वहाँ के रहवासियों ने संबंधितों से शीघ्र ही बिगड़े हुए हैण्डपम्पों के अनुरक्षण की मांग की है ताकि उन्हें परेशानियों से निजात मिल सके।

## शादी तय हुई किसी से जीवनसंगिनी बनी किसी और की दूल्हा समेत सभी बाराती नशे में थे धुत,बारात हुई वापस

**मौदहा** (हमीरपुर) शराब के नशे में धुत बाराती बिना दूल्हन को विदा कराये ही वापस चले गये किसी तरह आनन फानन दूसरे लड़के के साथ शादी की रस्मे पूरी करायी गयी। पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल में जुट गयी है।पुलिस के मुताबिक मौदहा क्षेत्र के कुनेहटा गांव में नौ मई को चंदौखी गांव से छिद्दू दिवेदी के यहा से बारात आयी हुई थी लड़की के पिता सत्यानारायण मिश्रा ने पुलिस को बताया कि दूल्हा सुधीर दिवेदी समेत सभी बाराती शराब के नशे में धुत थे किसी तरह उपद्रव करते हुये सुवह तीन बजे मंडप में पहुचे और सभी को गाली गलौच करने लगे,जब उनको इस प्रकार की हरकते करने से रोका गया तो वह और उग्र हो गये सभी बाराती के चलते लौट गई और लड़की पक्ष के लोग दुखी होकर पुलिस की शरण ली। बारात लौट जाने से लड़की काजल की बहन ने अपन देवर पंकज त्रिपाठी निवासी ग्राम काहरा जिला महोवा से शादी कराने का फैसला किया और कल देर रात शादी संपन्न करायी गयी। लड़की के पिता ने पुलिस को बताया कि उसने दान दहेज मे लाखो रुपये का सामान व नगद दिये थे उसे दिलाया जाये पुलिस ने मामले की छानबीन शुरु कर दी है। कहते है कि जहां गठबंधन होता है किस्मत वही ले जाती है।

## क्विक न्यूज

### साध्वी आज फतेहपुर, सुनेंगी समस्याएं, करेंगी बैठक

**फतेहपुर।** केंद्रीय राज्य मन्त्री (जिले की सांसद) साध्वी निरंजन ज्योति गुरुवार को जिले के पार्टी कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों के अलावा अधिकारियों के साथ बैठक कर जनसमस्याओं का निस्तारण करेंगी। साथ ही कार्यकर्ताओं के साथ राजनैतिक व मांगलिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। यह जानकारी शिव प्रताप सिंह जिला मंत्री भाजपा, प्रवक्ता सांसद कार्यालय ने दी है।

### परिवार का आर्थिक भविष्य सुरक्षित करने की पहल

**वाराणसी।** जीवन की अनिश्चित ताओ से अपने सम्पूर्ण भविष्य को दे नया आयाम जिसमे परिवार को आर्थिक समस्या से निजात मिलेगी टाटा एआईए संपूर्ण रक्षा सुप्रीम जो आपके परिवार को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है और आपको अपनी ज़रूरतों के अनुसार योजना चुनने की सुविधा भी देती है। इसमें विमा धारक को 23 से अधिक स्पेशलिटीज़ के लिए तत्काल ऑनलाइन मेडिकल सलाह प्राप्त करने की सुविधा मिलती है। इस योजना की इस अनूठी विशेषता का लाभ उठाकर पॉलिसीधारक आपात स्थिति के दौरान लगभग 180 सेकंड में डॉक्टर से संपर्क कर सकते हैं। साथ ही, पर्सनल मेडिकल केस मैनेजमेंट (पीएमसीएम) सुविधा का लाभ उठाकर हृदय की बीमारियों या कैंसर के मामले में मल्टीपल कंसल्टेशन सेवाओं के साथ वैश्विक विशेषज्ञों से 3 महीनों तक 24/7 सलाह पायी जा सकती है।

### ओमरॉन हेल्थकेयर ने वाराणसी में नया सर्विस सेंटर लॉन्च किया

**वाराणसी।** डिजिटल ब्लड प्रेशर मॉनिटरिंग क्षेत्र की अग्रणी कंपनी, ओमरॉन हेल्थकेयर इंडिया ने वाराणसी में एक नए एक्सपीरियंस सेंटर का उद्घाटन करके, टियर 2 शहरों में अपनी रिटेल मौजूदगी का विस्तार किया। अब ओमरॉन के 80 टच पॉइंट्स सहित 6 एक्सक्लूसिव ओमरॉन एक्सपीरियंस सेंटर्स हैं, जिसमें अनुभव, सेवा और पिक-अप सेंटर शामिल हैं। इस घोषणा के बारे में बताते हुए, ओमरॉन हेल्थकेयर इंडिया के नवनियुक्त मैनेजिंग डायरेक्टर कोटारो सुजुकी ने कहा, अपने बिजनेस पार्टनर्स और टीम के सदस्यों की प्रगति और विकास का समर्थन करते हुए, मैं देश में ओमरॉन के हेल्थकेयर बिजनेस की प्रगति में तेजी लाना चाह रहा हूं।

### ग्राहकों की बचत का विशेष ख्याल रखने का प्रयास

**वाराणसी।** अपने उपभोक्ताओं को बेजोड़ मनोंरजन उपलब्ध कराने प्रयास जारी रखते हुए जाने-माने टेलीकॉम ब्राण्ड वी ने प्रीमियम कंटेंट सर्विसेज़ उपलब्ध कराने के लिए सोनी लिव के साथ साझेदारी की घोषणा की है, जो वी के यूज़र्स को मनोरंजक कंटेंट के साथ-साथ ऐड-ऑन डेटा के फायदे भी देगी। इस अनूठी पेशकश के तहत वी ने सोनी लिव के साथ साझेदारी में नए प्रीपेड पैक लॉन्च किए हैं।

### भैयाजी बनारसी पत्रकारों और साहित्यकारों के महागुरु और बटवृक्ष थे

**वाराणसी।** काशी नागरिक समाज द्वारा दिगंबर जैन मंदिर मैदागिन में मूर्धन्य साहित्यकार, पत्रकार, हास्य व्यंग्यकार रहे मोहनलाल गुप्त 'भैयाजी बनारसी' की 108 वीं जयंती श्रद्धापूर्वक उनके चित्र पर दीपदान,माल्यार्पण कर धूप नेवैद्य के साथ की गयी ।अध्यक्षता करत हुये डा.अपूर्व नारायण तिवारी 'बनारसी बाबू' ने कहा कि भैयाजी बनारसी पत्रकारों और साहित्यकारों के महागुरु और बटवृक्ष थे ।साहित्य और पत्रकारिता के मिलन बिंदु पर उनकी ऐतिहासिक भूमिका रही है ।आज अखबार के बाल संसद में बच्चों के दादाजी रुप में तो गुरुता के मानदंडों पर वे शीर्षस्थ नजर आते हैं ।वे काशी के हास्य व्यंग्य परंपरा के पंच महाभूतों में सिरमौर थे ।उनकी कृतियों में दो काली आँखें,मखमली जूती,रामझरोखा, स्वयंवर, अनदेखे चित्र अनबोले चेहरे,बच्चों की सरकार, चिरकुमारी सभा,बनारसी रईस आदि अनमोल साहित्यिक धरोहरें हैं । राजेन्द्र गुप्त ने कहा कि वे समग्र प्रकाशन हेतु प्रयासरत हैं ।वरिष्ठ पत्रकार सुशील पांडेय ने उनको युगपुरुष बताते पुराने संस्मरण सुनाये । उपस्थित लोगों में विजयचंद्र त्रिपाठी, सुरेश पांडेय, ब्रजेशचंद्र पांडेय, राममिलन श्रीवास्तव, प्रीति जायसवाल, शालिनी गुप्ता, ओमप्रकाश शर्मा, बच्चेलाल गौड़ आदि शामिल थे।

### दस दिनों से दलहन खरीद केंद्र में बंद है ताला, गेहूं खरीद नाममात्र

**मौदहा (हमीरपुर)।** सरकारी गेंहू खरीद की गति धीमी देख जिलाधिकारी ने आदेश दिया था कि ग्राम पंचायत स्तर पर प्रधान के सहयोग से खरीद की जाय पर जमीनी स्तर पर अभी तक खरीद शून्य है तहसील क्षेत्र के 14 गेहूं खरीद केंद्रों में अब तक 4191 कुंटल ही खरीद हुई जबकि किसानों को दलहन खरीद के लिए खोला गया खरीद केंद्र बीते 10 दिन से बंद चल रहा है केंद्र परिसर में झाड़ू वाले झाड़ू बनाने में लगे हुए है इस केंद्र में कहीं ना बोर्ड है और ना ही यह पता चलता है कि सरकार कहां खरीद कर रही है। गेहूं खरीद में मात्र बोहनी के तौर पर किसान सहकारी समिति मौदहा में 3 कुंटल तथा साधन सहकारी समिति भोजपुर रुरी पारा में 10 कुंटल की ही खरीद हो सकी सबसे अधिक खरीद करने वाले केंद्रों में पी सी एफके इमिलिया साधन सहकारी समिति 721 कुंटल मौदहा विपणन शाखा में 675 कुंटल की खरीद हुई पी सी एफमौदहा में 102 कुंटल व यहीं के क्रय विक्रय में 283 कुंटल शायर किसान सहकारी सेवा समिति 364 वह भरखरी सहकारी समिति में 476 तथा पी सी एफसाधन सहकारी समिति मुस्कुरा में 387 कुंटल की खरीद हुई वही बीती 2 मई से गेहूं खरीद पूरी तरह ठप पड़ी हुई है जबकि गेहूं खरीद नीति में बदलाव करते हुए यह आदेश दिया गया है कि किसानों से गेहूं खरीदने के लिए अब गांव गांव केंद्र प्रभारी जाएंगे और संबंधित प्रधान इसमें सहयोग करेंगे लेकिन इस पर फिलहाल कोई अमल नहीं हो रहा है और लगातार सरकारी दरों से खुले बाजार में गेहूं की कीमत 2030 से 2050 रुपये प्रति कुंटल तक होने की वजह से किसान खुले बाजार में ही अपना गेहूं बेच रहे हैं

### डेढ़ माह में महज आठ कुंटल गेहूं की हुई खरीद

**जालौन (उरई)।** सरकारी गेंहू खरीद केंद्रों लगभग डेढ़ माह में सिर्फ8 क्विंटल गेंहू की खरीद हुई है। आरएफसी के जालौन केंद्र पर 6 क्विंटल एवं कुठौंद केंद्र पर 2 क्विंटल गेंहू की खरीद हुई। इस बार सरकार ने गेंहू खरीद का समर्थन मूल्य 40 रुपये बढ़ाकर 2015 रुपये किया था। एक अप्रैल से नवीन गल्ला मंडी परिसर में गेंहू खरीद के लिए 14 केंद्र खोल दिए गए। बारदाना से लेकर किसानों के बैठने की व्यवस्था, छाया की व्यवस्था व पेयजल की भी व्यवस्था सभी जगह की गई है, लेकिन किसान को आने की राह सभी क्रय केंद्रों के प्रभारी देख रहे हैं। लगभग डेढ़ माह से सभी केंद्रों पर केंद्र प्रभारी खाली बैठे हुए हैं। डेढ़ माह में आरएफसी के दो केंद्रों पर ही 8 क्विंटल गेंहू की खरीद हुई है। आरएफसी के जालौन केंद्र पर एक किसान ने 6 क्विंटल गेंहू बेचा। इसी प्रकार आरएफसी के कुठौंद केंद्र पर एक किसान द्वारा मात्र 2 क्विंटल गेंहू बेचा गया। आरएफसी के केंद्र प्रभारी व सीनियर मार्केटिंग इंस्पेक्टर आशीष कुमार ने बताया कि इस बार मंडी का रेट सरकारी रेट से अधिक है। यही कारण है कि किसान सरकारी केंद्र पर नहीं आ रहे हैं। बताया कि किसानों से लगातार संपर्क किया जा रहा है।

# एट-कोंच शटल अब रोज लगाएगी तीन फेरे

**कोंच** (जालौन)। एट-कोंच के बीच अभी दो फेरे लगा रही कोंच-एट शटल ट्रेन का एक फेरा और बढ़ाने की घोषणा रेल प्रशासन ने की है। अब यह शटल चौबीस घंटे में तीन फेरे लगाएगी। इसके अलावा दो नंबरों के समय में परिवर्तन किया गया है। नया शेड्यूल आगामी 16 मई से लागू होगा।7 मई को कोंच दौरे पर आए सीपीटीएम प्रयागराज जोन डीके वर्मा ने यहां से लौटने के बाद कोंच में रेल सुविधाएं बढाने की इलाकाई लोगों की मांग पर गंभीरता से संज्ञान लेकर एट-कोंच शटल ट्रेन का एक फेरा और बढा दिया है। अभी चौबीस घंटे में दो फेरे लगा रही शटल अब 16 मई से तीन फेरे लगाएगी। इस फेरे के बढने से इंटरसिटी और मेमू की सवारियों को लाभ मिलेगा। शाम 7:45 बजे कोंच से जाने वाली शटल 8:20 बजे एट पहुंचेगी, इसका मिलान इंटरसिटी से होगा। दोपहर 12 बजे एट से चलकर 12:35 बजे कोंच पहुंचने वाली शटल कानपुर और झांसी की मेमू ट्रेनों की सवारियां लेकर आएगी। इसके अलावा जिन नंबरों में परिवर्तन किया गया है उसके मुताबिक सुबह 7:50 बजे एट से चलने वाली शटल 8 बजे चलकर 8:35 पर कोंच पहुंचेगी, जबकि रात 10:10 पर चलने वाला नंबर अब 9:15 पर एट से चलकर 9:50 पर कोंच पहुंचेगा। स्टेशन मास्टर अतुल कुमार शुक्ला ने बताया है कि 7 मई को कोंच स्टेशन का निरीक्षण करने आए मुख्य यात्री परिचालन प्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज डीके वर्मा ने 10 मई को इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया है। बता दें कि 7 मई को कोंच आए सीपीटीएम वर्मा को कोंच के लोगों ने भाजपा नगर अध्यक्ष सुनील लोहिया की अगुवाई में मांग पत्र दिया था जिसे रेल प्रशासन ने मंजूर करते हुए एक फेरा बढा दिया है। नागरिकों ने रेल प्रशासन को इसके लिए धन्यवाद दिया है।

## सीपीटीएम प्रयागराज जोन के कोंच दौरे के बाद कयासबाजी का दौर शुरू

**कोंच** (जालौन)। जब से सीपीटीएम प्रयागराज जोन डीके वर्मा कोंच रेलवे स्टेशन का दौरा करके गए हैं, अपने पीछे कई अनुत्तरित सवाल भी यहां के लोगों के जेहन में छोड़ गए हैं। लोग कयास लगा रहे हैं कि क्या रेल प्रशासन कोंच-एट शटल बंद कर उसके स्थान पर मेमू चलाने की योजना पर आगे बढ़ रहा है। इस कयास को बल देने के लिए लोगों के पास दलीलें भी हैं कि रेल विभाग का इतना बड़ा अधिकारी यहां केवल स्टेशन देखने भर के लिए तो आया नहीं होगा, जरूर उसके दिमाग में कोई बड़ी प्लानिंग रही होगी जिसे कतिपय कारणों के चलते यहां के लोगों से साझा नहीं कर सका।कोंच रेल सुविधाओं को लेकर समय समय पर इस एट-कोंच रेल लाइन को बढाने के लिए मांगें होती रही हैं लेकिन पिछले बारह दशक के इतिहास में इसका एक इंच भी विस्तार नहीं हो पाना यहां के लोगों को हमेशा सालता रहता है। यहां तक कि जनप्रतिनिधियों को इलाकाई जनता के तमाम बिष बुझे वाण हमेशा झेलने पड़ते हैं। ऐसी तमाम परिस्थितियों के बीच पिछले दिनों 7 मई को सीपीटीएम प्रयागराज जोन का कोंच दौरा तमाम अनुत्तरित सवाल अपने जेहन में समेटे लोगों को कयास लगाने के लिए मजबूर कर रहा है कि आखिर जोन लेवल का इतना बड़ा अधिकारी आखिर किस मकसद से कोंच जैसे छोटे से स्टेशन पर आया और किसी को बिना कुछ बताए चला गया। हालांकि मुख्य यात्री परिचालन प्रबंधक (सीपीटीएम) प्रयागराज डीके वर्मा के आने से पूर्व कयास लगाए जा रहे थे कि शायद वह मेमू के संचालन की संभावनाएं तलाशेंगे।

# तहसीलदार के खिलाफ वकीलों ने फिर बोला हल्ला, नहीं करेंगे काम

**जालौन (उरई)।** नवीन बार एसोसिएशन जालौन की बैठक अध्यक्ष सुरेश सिंह सेंगर की अध्यक्षता व मंत्री अनिल तिवारी के संचालन में तहसील परिसर में सम्पन्न हुई। जिसमें मंगलवार को कम्प्यूटर कक्ष में काम कराने गये अधिवक्ताओं के मुंशियों के साथ तहसीलदार द्वारा बाद आक्रोशित अधिवक्ताओं ने तहसीलदार के खिलाफ हल्ला बोला तथा हटाने की मांग की तथा कार्य बहिष्कार की घोषणा की है।




एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश सिंह ने कहा कि मंगलवार को अधिवक्ता मानवेन्द्र सिंह सेंगर के मुंशी राघवेन्द्र सिंह व अधिवक्ता राजेश गुप्ता के मुंशी लक्ष्मीकांत के साथ तहसीलदार द्वारा गाली गलौज कर लात घुसे से पिटाई करना न केवल आपराधिक कृत्य बल्कि कर्मचारी अधिकारी आचार संहिता का उल्लंघन है। अशिष्ट तहसीलदार नरेंद्र कुमार को हटाने की मांग करता है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि 12 मई से 20 मई तक तहसीलदार के न्यायालय का कार्य बहिष्कार किया जायेगा तथा तहसीलदार को हटाने के एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी से मिलेगा। प्रतिनिध मंडल में श्रीराम पाल, कृष्णचंद्र त्रिपाठी, लक्ष्मीचन्द्र मिश्र व मानवेन्द्र सिंह परिहार के साथ एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश सिंह सेंगर रहेगें। बैठक में तहसीलदार द्वारा मुंशियों के साथ की गई पिटाई को लेकर अधिवक्ताओं ने आक्रोश दिखाते हुए तहसीलदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा उन्हें हटाने की मांग की है। इस मौके पर ओमप्रकाश गुप्ता, उदयभान सिंह सेंगर, अवधकिशोर सिंह सेंगर, विनय दीक्षित, कमलेश सेंगर, लक्ष्मीचन्द्र मिश्रा, आदित्य कुमार, मानवेन्द्र परिहार, राजेश गुप्ता आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## पोस्टमार्टम हाउस में जल्द लगेगा वॉटर कूलर: सीएमओ

**चित्रकूट।** बुन्देली सेना की पहल पर अब पोस्टमार्टम हाउस में वॉटर कूलर लगेगा। सीएमओ ने वॉटर कूलर लगाने को एसीएमओ/सीएमएस डी स्टोर को पत्र भेजा है। बुधवार को बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि भीषण गर्मी में पोस्टमार्टम हाउस में लोगों को पेयजल को लेकर भारी असुविधा होती थी। इसी समस्या को लेकर बुन्देली सेना ने सीएम पोर्टल में शिकायत की थी। सीएमओ ने बीते नौ मई को एसीएमओ सीएमएसडी स्टोर को पत्र भेजकर जल्द से जल्द वॉटर कूलर की स्थापना कराए जाने के आदेश किए हैं। वाटर कूलर लगने से हजारों लोगों को राहत मिलेगी। इसके पहले पोस्टमार्टम हाउस में टीनशेड भी बुन्देली सेना की ही लगातार कोशिश से संभव हुआ था। अब वाटर कूलर लगने से भीषण गर्मी में लोगों को दु:ख और पीड़ा के बीच पानी को लेकर भटकना नहीं पड़ेगा।

# कोतवाली में लोक अदालत में सहमति से निपट गए नौ मामले

संवाददाता। कोंच (जालौन)



**राष्ट्रीय लोक** अदालत के तहत बुधवार को कोतवाली में लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें 9 मुकदमों का निस्तारण आपसी सहमति के आधार पर किया गया। जिन मामलों का निस्तारण नहीं हो सका है एक मौका और दिया गया है, वे आगामी 14 मई को जेएम कोर्ट में जाकर अपने मुकदमे निस्तारित करा सकते हैं। पिछले कई वर्षों से चल रहे मुकदमों में उभय पक्षों की आपसी सहमति से प्राथमिकता के आधार पर निपटाए जाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत कोतवाली में लोक अदालत का आयोजन बुधवार को किया गया। कोंच सर्किल के चार थानों में 141 ऐसे मुकदमे चिन्हित किए गए थे जो जेएम कोंच ज्यूरिक्डिक्शन में आते हैं। इसमें से कोतवाली में लगने वाले 9 मुकदमों का ही निस्तारण हो सका। दोनों पक्षों में सुलह करा कर मुकदमे निपटवाए गए। बताया गया कि जो मामले आज नहीं निपट पाए हैं वह मामले 14 मई को कोंच न्यायालय में लगने वाली लोक अदालत में निपट सकते हैं। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. सरिता वर्मा, पूर्व बार संघ अध्यक्ष विज्ञान विशारद सीरौठिया, कोतवाल बलिराज शाही, क्राइम इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह, एसएसआई आनंद कुमार सिंह, न्यायालय कोंच से स्टेनों दिलबहादुर सिंह यादव, फौजदारी लिपिक नागेंद्र सिंह चौहान, अधिवक्ता विनोद निरंजन व हलीम मोहम्मद पैनल अधिवक्ता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इकाई कोंच, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीएलबी देवेंद्र सिंह आजाद आदि उपस्थित रहे।

# मार्श-वार्नर चमके, दिल्ली ने राजस्थान को आठ विकेट से हराया

**भाषा।** नवी मुंबई




**दिल्ली कैपिटल्स** ने मिशेल मार्श (89 रन) और सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर (नाबाद 52) के अर्धशतकों तथा दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 144 रन की साझेदारी से बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में राजस्थान रॉयल्स को 11 गेंद रहते आठ विकेट से हराकर अपनी प्लेऑफ की उम्मीद को जीवंत रखा।

दिल्ली कैपिटल्स के लिए मार्श ने 62 गेंद की पारी में सात छक्के और पांच चौके जमाए जबकि वार्नर ने 41 गेंद में पांच चौके और एक छक्का जड़ा। आस्ट्रेलियाई जोड़ी ने दूसरे विकेट के लिए 101 गेंद में 144 रन जोड़कर टीम को छठी जीत दिलाई। दिल्ली कैपिटल्स ने इस जीत से महत्वपूर्ण दो अंक अपने खाते में डाले जिससे टीम तालिका में 12 मैचों में 12 अंक लेकर पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। राजस्थान रॉयल्स 14 अंक से तीसरे स्थान पर बरकरार है। अपने स्टार बल्लेबाज जोस बटलर का विकेट शुरू में गंवाने वाली राजस्थान रॉयल्स ने भारतीय आलराउंडर रविचंद्रन अश्विन (50 रन) के अर्धशतक और देवदत्त पडीक्कल के 48 रन की मदद से छह विकेट पर 160 रन का स्कोर खड़ा किया। मार्श के आईपीएल के पहले अर्धशतक से दिल्ली कैपिटल्स ने 18.1 ओवर में दो विकेट पर 161 रन बनाए। दिल्ली कैपिटल्स को हालांकि पहला झटका पहले ही ओवर में श्रीकर भरत के रूप में लगा जब टीम का खाता भी नहीं खुला था। वह ट्रेंट बोल्ट (चार ओवर में 32 रन देकर एक विकेट) पर बल्ला छुआकर विकेटकीपर को कैच दे बैठे। पर वार्नर और मार्श ने संभलकर खेलने की रणनीति अपनाई। सातवें ओवर में मार्श ने कुलदीप सेन पर दो छक्के जड़कर शुरूआत की। युजवेंद्र चहल (चार ओवर में 43 रन देकर एक विकेट) नौंवे ओवर में गेंदबाजी करने उतरे जिसमें वार्नर ने दूसरी गेंद पर डीप मिडविकेट पर छक्का जड़ा। अगली गेंद को भी लांग ऑफ पर उठा दिया और बटलर डाइव करके कैच लकपने बढ़े, पर गेंद छिटक गई और मौका उनके हाथ से निकल गया। अंतिम गेंद स्टंप पर लगी और लाइट भी जली, पर गिल्लियां अडिग रहीं जिससे वार्नर नाबाद रहे। दिल्ली कैपिटल्स का 10 ओवर बाद स्कोर एक विकेट पर 74 रन था जिसके बाद मार्श ने चहल पर छक्का जड़कर अपना अर्धशतक पूरा किया। मार्श तेजी से रन जुटाते रहे लेकिन 18वें ओवर में चहल की गेंद का शिकार बने। हालांकि तब तक टीम जीत के करीब थी। कप्तान ऋषभ पंत (नाबाद 13 रन) ने फिर वार्नर के साथ जीत की औपचारिकता पूरी की। इससे पहले राजस्थान रॉयल्स की पारी में अश्विन (38 गेंद, चार चौके, दो छक्के) और पडीक्कल (30 गेंद, छह चौके, दो छक्के) के अलावा केवल यशस्वी जायसवाल (19) और रासी वान डर दुसेन (नाबाद 12) ही दोहरे अंक तक पहुंच सके। दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजों ने कसी गेंदबाजी करते हुए लगातार अंतराल पर विकेट चटकाकर राजस्थान रॉयल्स को बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया। दिल्ली के लिए एनरिक नोर्किया, मिशेल मार्श और चेतन सकारिया ने दो दो विकेट चटकाए। बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद राजस्थान रॉयल्स की शुरूआत धीमी रही और फिर उसने बटलर (07) का विकेट तीसरे ही ओवर में गंवा दिया जो चेतन सकारिया की गेंद को टाइम नहीं कर सके और शार्दुल ठाकुर को कैच देकर पवेलियन पहुंचे। टीम ने दिलचस्प फैसला किया और अपने ऑफ स्पिनर अश्विन को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतारा। टीम की नई रणनीति पर अश्विन भी खरे उतरे। उन्होंने आईपीएल में अपना पहला अर्धशतक जमाया जो इस लीग में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर भी था। यह टी20 में उनका पहला पचासा था जिससे उन्होंने खेल के हर प्रारूप में अर्धशतक जड़ दिया है। अश्विन ने ठाकुर के पहले और टीम के पांचवें ओवर में लेग साइड और कवर्स पर दो चौके जमाए। फिर उन्होंने अगले ही ओवर में अक्षर पटेल पर चौका और फिर लांग आन पर छक्के से दो शॉट लगाए। इस तरह पावरप्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 43 रन था। यशस्वी जायसवाल (19 गेंद में, एक चौका, एक छक्का) से टीम को उम्मीद बंधी थी लेकिन वह पिछले मैच जैसा प्रदर्शन नहीं दोहरा सके और नौंवे ओवर में मिशेल मार्श का शिकार बने। दिल्ली को 54 रन पर दूसरा विकेट मिला। अब पडीक्कल क्रीज पर थे जिन्होंने आते ही इसी ओवर में दो चौके जमा दिए। अश्विन और पडीक्कल ने शुरूआती झटकों से टीम को अच्छी तरह उबारा।

## जडेजा पसली में चोट के कारण आईपीएल से बाहर

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत** और चेन्नई सुपरकिंग्स के अनुभवी आलराउंडर रविंद्र जडेजा पसलियों की चोट के कारण बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग के बाकी बचे सत्र से बाहर हो गए। उन्होंने कुछ दिन पहले ही टीम की कप्तानी छोड़ी थी। सुपरकिंग्स के सीईओ काशी विश्वनाथन ने पीटीआई को बताया, रविंद्र जडेजा सीएसके के अगले दो मैच में नहीं खेले क्योंकि उनकी पसली में चोट है। वह घर लौट चुके हैं। जडेजा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ मैच के दौरान लगी चोट के कारण दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ भी नहीं खेल पाए थे। सत्र के शुरूआती आठ मैच में सुपरकिंग्स की कप्तानी करने वाले जडेजा के लिए मौजूदा सत्र निराशाजनक रहा और वह 10 मैच में 20 की औसत से सिर्फ 116 रन ही बना सके। वह 7.51 के इकोनॉमी रेट से पांच विकेट ही चटका पाए। जडेजा की अनुपलब्धता का आधिकारिक कारण चोट को बताया गया है लेकिन सूत्रों ने दावा किया कि इस आलराउंडर को बाहर किया गया है। सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर पीटीआई को बताया, ऐसा लगता है कि इसके पीछे कुछ और वजह भी है। जडेजा ने इंस्टाग्राम पर सीएसके को फॉलो करना भी बंद कर दिया है।

# नडाल ने रोम में इसनर को हराया




**एपी।** रोम

**दुनिया** के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रफेल नडाल को क्ले कोर्ट पर कभी लगातार दो मैच में शिकस्त का सामना नहीं करना पड़ा और उन्होंने इस रिकॉर्ड को बरकार रखते हुए बुधवार को इटली ओपन टेनिस टूर्नामेंट में जॉन इसनर को हराया। स्पेन के नडाल ने अमेरिकी खिलाड़ी को 6-3, 6-। से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई। नडाल को पिछले हफ्ते मैड्रिड ओपन के क्वार्टर फाइनल में 19 साल के कार्लोस अल्कारेज के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी थी जबकि यहां पहले दौर में उन्हें बाई मिली थी। नडाल अगले दौर में कनाडा के डेनिस शापोवालोव से भिड़ेंगे जिन्हें पिछले साल उन्होंने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए तीसरे दौर में ही हराया था और इस दौरान दो मैच प्वाइंट भी बचाए थे। दूसरे वरीय एलेक्सांद्र ज्वेरेव ने सबेस्टियन बेज को 7-6 (6), 6-3 से हराकर अर्जेन्टीना के क्वालीफायर के लगातार आठ जीत के क्रम को तोड़ा। अपनी कैप में यूक्रेन के झंडे के रंग के रिबन लगाकर खेल रही गत महिला एकल चैंपियन इगा स्वियाटेक ने रोमानिया की क्वालीफायर एलेना गैब्रिएला रूसे को 6-3, 6-0 से हराकर अपनी जीत के क्रम को 24 मैच तक पहुंचाया। पोलैंड की शीर्ष वरीय स्वियाटेक अगले दौर में दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी विक्टोरिया अजारेंका से भिड़ेंगी जिन्होंने कैमिला ओसोरियो को 6-2, 6-4 से हाया।

## क्विक न्यूज

### टुटु बोस फिर मोहन बागान एथलेटिक क्लब के अध्यक्ष बने

**कोलकाता।** अनुभवी प्रशासक स्वप्न सदन टुटु बोस को बुधवार को यहां मोहन बागान एथलेटिक क्लब की कार्यकारी समिति की बैठक में दोबारा अध्यक्ष चुना गया। पहली बार 1989-90 में अध्यक्ष चुने गए बोस 28 साल तक इस पद पर रहे जिसके बाद उन्होंने स्वास्थ्य कारणों से जून 2017 में पद छोड़ दिया। क्लब के अगले अध्यक्ष को लेकर अटकलों का बाजार गर्म था। भारत के पूर्व डिफेंडर और मोहन बागान के दिग्गज खिलाड़ी सुब्रत भट्टाचार्य को अध्यक्ष पद का दावेदार बताया जा रहा था। अटकलों पर हालांकि अब विराम लग गया है क्योंकि पांच साल के बाद बोस दोबारा अध्यक्ष चुने गए हैं।

### विला को हराकर सिटी के बराबर पहुंचा लिवरपूल

**बर्मिंघम।** लिवरपूल ने एक गोल से पिछड़ने के बाद एस्टोन विला को 2 .। से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग में खिताबी दौड़ को रोमांचक बनाए रखा है। लिवरपूल के लिए विजई गोल 65वें मिनट में सादियो माने ने हेडर पर किया। अब इस जीत के बाद जर्गेन क्लोप की टीम अंकों के मामले में मैनचेस्टर सिटी की बराबरी पर है। सिटी बेहतर गोल औसत के आधार पर अभी भी शीर्ष पर है। गत चैम्पियन टीम को अगला मैच बुधवार को वोल्वरहैम्पटन से खेलना है जिसके बाद दोनों टीमों को दो दो मैच और खेलने होंगे। लिवरपूल अपना अगला लीग मैच साउथम्पटन में खेलेगी। इसके पहले सिटी को वोल्व्स और वेस्ट हैम से खेलना है।

### चंडीगढ़, असम, छत्तीसगढ़ और राजस्थान जीते

**भोपाल।** चंडीगढ़, असम, छत्तीसगढ़ और राजस्थान ने बुधवार को यहां 12वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के छठे दिन दबदबे भरी जीत दर्ज की। चंडीगढ़ ने पूल ए के मुकाबले में बिहार को 6-2 से पराजित किया जबकि पूल बी में असम ने बंगाल को 8-0 से शिकस्त दी। पूल सी में छत्तीसगढ़ की खिलाड़ियों ने दबदबे भरा प्रदर्शन करते हुए त्रिपुरा को 7-। से मात दी। दिन के चौथे मैच में पूल डी में राजस्थान ने उत्तराखंड को 3-। से हराया।

### चेल्सी पिछले सत्र की यूएफा पुरस्कार राशि सूची में शीर्ष पर

**जिनेवा।** चैम्पियंस लीग विजेता चेल्सी ने पिछले सत्र में यूएफा से करीब 12 करोड़ यूरो (12.65 करोड़ डॉलर) की कमाई की जिससे वह बुधवार को यूरोपीय क्लबों के लिए जारी पुरस्कार राशि सूची में शीर्ष पर रहा। फाइनल में उससे हारने वाली मैनचेस्टर सिटी को 11.9 करोड़ यूरो (12.56 करोड़ डॉलर) से थोड़ी अधिक राशि मिली। चैम्पियंस लीग के 32 क्लबों में करीब 1.9 अरब यूरो (दो अरब डॉलर) की कुल राशि साझा की गई। यह कुल राशि बढ़कर मौजूदा सत्र और अगले दो सत्र के लिए दो अरब यूरो (2.1 अरब डॉलर) से ज्यादा की हो गई है। पिछले सत्र के सेमीफाइनल में पहुंचे रियाल मैड्रिड और पेरिस सेंट जर्मेन दोनों को करीब 11 करोड़ यूरो (11.6 करोड़ डॉलर) मिले।

# तीरंदाजी एशिया कप में भारत को आठ स्वर्ण, चार रजत और दो कांस्य




**भाषा।** सुलेमानिया (इराक)

**भारत** के जूनियर तीरंदाजों ने एशिया कप चरण दो में शानदार प्रदर्शन किया जिससे बुधवार को प्रतियोगिता के अंतिम दिन भारत कुल आठ स्वर्ण, चार रजत और दो कांस्य पदक के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर रहा। प्रतियोगिता के अंतिम दिन भारत ने पांच स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य पदक जीता। भारतीय तीरंदाजों ने कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में तीनों पदक जीतकर क्लीन स्वीप किया। रिकर्व तीरंदाज मृणाल चौहान ने अंतिम दिन भारतीय चुनौती की अगुआई करते हुए दो स्वर्ण पदक जीते जबकि प्रथमेश फुगे ने कंपाउंड वर्ग में दबदबा बनाते हुए स्वर्ण पदक की हैट्रिक बनाई।

भारत ने इस तरह बांग्लादेश को पछाड़ा जो मार्च में बैंकॉक में चरण एक के प्रदर्शन को दोहराने में नाकाम रहा जहां वह पदक तालिका में शीर्ष पर रहा था। कोरिया, चीन और चीनी ताइपे जैसी दिग्गज टीम की गैरमौजूदगी में भारत ने इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए अपनी जूनियर टीम भेजी थी। भारत के स्वर्णिम दिन की शुरूआत भजन कौर, अवनी और लक्ष्मी हेमब्रोम की तिकड़ी ने स्वर्ण पदक के साथ की। भारतीय टीम ने अख्तर नसरीन, दिया सिद्दिकी और ब्यूटी रे की बांग्लादेश की टीम को पछाड़कर दिन का पहला स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम ने 0-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्कोर 4-4 से बराबर किया। शूट आफ में भी मुकाबला कड़ा रहा जहां दोनों टीम ने 10, 10 और 9 अंक जुटाए। भारत के 10 अंक में से एक तीर केंद्र के सबसे करीब होने के कारण भारत को विजेता घोषित किया गया। भारत की पुरुष रिकर्व टीम को हालांकि बांग्लादेश को 5-। से हराने में अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी। दोनों टीम ने पहले सेट में 55 अंक जुटाए जिसके बाद पार्थ सालुंके, मृणाल और जुएल सरकार ने अगले दो सेट 57-55 और 56-54 से जीतकर भारत को दिन का दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। भारत हालांकि रिकर्व मिश्रित टीम फाइनल में इस सफलता को दोहराने में नाकाम रहा जहां पार्थ और भजन की जोड़ी को 2-0 की बढ़त बनाने के बावजूद उज्बेकिस्तान के अब्दुसातोरोवा जियोदाखोन और आमिरखान सादिकोव के खिलाफ 4-5 की हार से रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय जोड़ी ने पहला सेट 35-34 से जीता लेकिन दूसरे सेट में 35-37 से हार का सामना करना पड़ा। तीसरे सेट में 38-36 की जीत से पार्थ और भजन ने 4-2 की बढ़त बनाई लेकिन चौथे सेट में उनकी 34-36 से शिकस्त से स्कोर 4-4 हो गया। शूट आफ में पार्थ और भजन ने दो नौ अंक के साथ 18 अंक जुटाए जबकि उज्बेकिस्तान की जोड़ी ने 10 और नौ अंक के साथ 19 अंक से स्वर्ण पदक जीत लिया। दोपहर के सत्र में पार्थ ने सादिकोव को 6-4 से हराकर रिकर्व पुरुष व्यक्तिगत वर्ग का कांस्य पदक जीता। उनके नाम एक टीम स्वर्ण, मिश्रित टीम रजत और व्यक्तिगत कांस्य पदक के साथ कुल तीन पदक रहे।भजन को रिकर्व महिला व्यक्तिगत फाइनल में माहता अब्दोलाही के खिलाफ 2-6 की शिकस्त से रजत पदक से संतोष करना पड़ा। चौहान ने एकतरफा फाइनल में टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे शीर्ष रिकर्व तीरंदाज रुमान शाना (विश्व रैंकिंग 42) को 6-2 से हराकर पुरुष व्यक्तिगत वर्ग का खिताब जीता। कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में आल इंडियन फाइनल में हुए।

# भारतीय टीम ने थॉमस-उबेर कप फाइनल के अंतिम ग्रुप मैच गंवाए

**भाषा।** बैंकॉक




**भारत** की पुरुष और महिला दोनों बैडमिंटन टीम को बुधवार को यहां थॉमस एवं उबेर कप फाइनल के अपने अंतिम ग्रुप मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। भारतीय पुरुष टीम को ग्रुप सी में चीनी ताइपे के खिलाफ ।-4 से शिकस्त झेलनी पड़ी जबकि महिला टीम को ग्रुप डी में एकतरफा मुकाबले में कोरिया के खिलाफ 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बावजूद भारत की दोनों टीम ने दो-दो जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष दो स्थान पर अपनी जगह सुनिश्चित करके क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली है।

भारतीय महिला टीम को क्वार्टर फाइनल में बेहतर प्रदर्शन करना होगा जहां उसकी भिड़ंत थाईलैंड से होगी। कनाडा और अमेरिका के खिलाफ लगातार दो जीत करने वाली भारतीय महिला टीम अपने से बेहतर कोरियाई टीम के खिलाफ बिलकुल भी लय में नहीं दिखी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू के लिए यह मुकाबला निराशाजनक रहा और उन्हें विश्व में चौथे नंबर की खिलाड़ी आन सियोंग से सीधे गेम में 15-21, 14-21 से हार झेलनी पड़ी। यह आन सियोंग के हाथों सिंधू की लगातार पांचवी हार है जिससे कोरिया ने ।-0 की बढ़त भी हासिल की। श्रुति मिश्रा और सिमरन सिंघी की जोड़ी ली सोही और शिन सेउंगचन की दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी को खास चुनौती नहीं दे पाई और 39 मिनट में 13-21, 12-21 से हार गई। इसके बाद आकर्षी कश्यप का नंबर था जिन्हें विश्व में 19वें नंबर की खिलाड़ी किम गा यून से 10-21, 10-21 से करारी हार झेलनी पड़ी, जिससे कोरियाई टीम ने 3-0 से विजई बढ़त भी हासिल कर ली। किम हाइ जीओंग और कोंग हेयोंग ने तनीषा क्रैस्टो और त्रीसा जॉली को 21-14, 21-11 से पराजित किया, जबकि अश्मिता चालिहा को सिम युजिन से 18-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा।

चीनी ताइपे को भारतीय पुरुष टीम ने कड़ी टक्कर दी लेकिन उसे हार का सामना करना पड़ा। एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन के अलावा एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की युगल जोड़ी को एक गेम जीतने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा।

## विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप: परवीन आसान जीत के साथ प्री क्वार्टर फाइनल में

**नई दिल्ली।** भारत की परवीन (63 किग्रा) ने बुधवार को इस्तांबुल में आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में युक्रेन की मारिया बोवा को एकतरफा मुकाबले में हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। हरियाणा की 22 साल की परवीन ने अपने से 12 साल सीनियर अनुभवी मुक्केबाज मारिया को लाइट वेल्टर वेट वर्ग के मुकाबले में सर्वसम्मत फैसले में हराया। वर्ष 2017 की युवा राष्ट्रीय चैंपियन परवीन ने आक्रामक शुरुआात की लेकिन मारिया ने पहले दौर में उन्हें पछाड़ दिया। परवीन ने हालांकि दूसरे दौर में अपने प्रदर्शन में सुधार किया। उन्होंने युक्रेन की 34 साल की मुक्केबाज पर जमकर मुक्के बरसाए और मुकाबले को अपने पक्ष में मोड़ दिया।

## दीक्षा बधिर ओलंपिक की गोल्फ स्पर्धा के फाइनल में

**भाषा।** कैक्सियास डो सुल (ब्राजील)



**भारतीय** गोल्फर दीक्षा डागर ने बधिर ओलंपिक के फाइनल में जगह बनाकर स्वर्ण पदक जीतने की तरफ एक और कदम बढ़ाया। पांच साल पहले 2017 में तुर्की के सैमसन में पिछले बधिर ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाली 21 साल की दीक्षा की नजरें अब स्वर्ण पदक पर टिकी हैं।

पूरे टूर्नामेंट के दौरान शानदार प्रदर्शन करने वाली दीक्षा ने सेमीफाइनल में 2017 की कांस्य पदक विजेता नॉर्वे की आंद्रिया होव्सटीन हेलेगेर्डे को हराया। दीक्षा ने पांच और चार से जीत दर्ज की जिसका मतलब हुआ कि वह पांच होल से आगे थी जबकि चार खेले जाने बाकी थे। दीक्षा ने क्वार्टर फाइनल छह और पांच से जीता था और वरीयता तय करने के लिए हुए स्ट्रोक प्ले में वह 14 शॉट से शीर्ष पर रही। फाइनल में दीक्षा का सामना अमेरिका की एशलिन ग्रेस जॉनसन से होगा जो स्ट्रोक प्ले में दूसरे स्थान पर थीं। एशलिन ने फ्रांस की मार्गो ब्रेजो को चार और दो से हराया।

आंद्रिया कांस्य के प्ले आफ में मार्गो से भिड़ेंगी और बधिर ओलंपिक में अपना दूसरा पदक जीतने का प्रयास करेंगी। बधिर ओलंपिक में 2017 में जब पहली बार गोल्फ को शामिल किया गया था तो दीक्षा ने आसानी से फाइनल में जगह बनाई थी लेकिन अमेरिका की योस्ट केलिन ने उन्हें हराकर स्वर्ण पदक जीता था और भारतीय खिलाड़ी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा था। दीक्षा के पास अब बधिर ओलंपिक में दूसरा पदक जीतने का मौका है और वह 2017 के अपने रजत पदक में सुधार करना चाहेंगी। दीक्षा ने पिछले साल टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था और वह लेडीज यूरोपीय टूर पर व्यक्तिगत खिताब जीत चुकी हैं। वह लेडीज यूरोपीय टूर पर टीम प्रतियोगिता जीतने वाली टीम का भी हिस्सा रह चुकी हैं। बधिर ओलंपिक 2022 में भारत ने अब तक चार स्वर्ण और दो रजत पदक जीते हैं और वह पदक तालिका में नौवें स्थान पर चल रहा है।

# ज्योति याराजी ने 100 मीटर बाधादौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा

**भाषा।** नई दिल्ली




**ज्योति** याराजी ने साइप्रस में चल रही इंटरनेशनल एथलेटिक्स मीट में 100 मीटर बाधा दौड़ में 13 . 23 सेकंड के साथ नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए जीत दर्ज की। आंध्र की 22 वर्ष की ज्योति ने लिमासोल में हुए इस टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता। एक महीने पहले ही हवा से वैध सीमा से अधिक मदद मिलने के कारण उसका राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने वाला प्रदर्शन मान्य नहीं किया गया था। पुराना रिकॉर्ड अनुराधा बिस्वाल के नाम था जो उन्होंने 2002 में 13 . 38 सेकंड में बनाया था। साइप्रस इंटरनेशनल मीट विश्व एथलेटिक्स उपमहाद्वीपीय टूर चैलेंजर वर्ग डी का टूर्नामेंट है।

भुवनेश्वर में रिलायंस फाउंडेशन ओडिशा एथलेटिक्स हाई परफॉर्मेंस सेंटर में अभ्यास करने वाली ज्योति ने पिछले महीने कोझीकोड में फेडरेशन कप में 13 . 09 सेकंड का समय निकाला था लेकिन हवा की गति प्लस 2.1 मीटर प्रति सेकंड होने से उसे अमान्य करार दिया गया क्योंकि वैध सीमा प्लस 2.0 मीटर प्रति सेकंड है। ज्योति ने 2020 में अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भी 13 . 03 सेकंड का समय निकाला था। लेकिन उसे अमान्य करार दिया गया क्योंकि राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी ने टूर्नामेंट में उसकी जांच नहीं की थी और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ का कोई तकनीकी प्रतिनिधि वहां मौजूद नहीं था। पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में अमलन बोरगोहेन तीसरे स्थान पर रहे जिन्होंने कोझीकोड फेडरेशन कप में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। लिलि दास ने चार मिनट 17 . 79 सेकंड का समय निकालकर महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ जीती। ज्योति के पिता सूर्यनारायण निजी सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत है जबकि मां कुमारी घरेलू सहायिका का काम करती है। स्कूली शिक्षा के बाद तेलंगाना के हकीमपेठ में भारतीय खेल प्राधिकरण होस्टल में चयन के बाद उसकी जिंदगी बदल गई। ज्योति ने नवंबर 2016 में कोयंबटूर में राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में 100 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद जून में लखनऊ में चार गुणा 400 मीटर रिले में पदक जीता। वहीं केरल में सितंबर 2017 में 29वीं दक्षिण क्षेत्र जूनियर एथलेटिक्स में चमकी। उन्होंने लखनऊमें अगस्त 2019 में 59वीं राष्ट्रीय अंतर प्रांत सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता था।

## जूनियर विश्व कप

# रुद्रांक्ष और अभिनव पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में पहले दो स्थान पर

**भाषा।** नई दिल्ली




**भारतीय** निशानेबाज रुद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल ने बुधवार को स्वर्ण पदक के मुकाबले में हमवतन अभिनव साव को हराया जिससे भारत ने जर्मनी के सुहल में चल रहे आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप की पुरुष 10 मीटर राइफल स्पर्धा में शीर्ष दो स्थान हासिल किए। रुद्रांक्ष ने स्वर्ण पदक के मुकाबले में अभिनव को 17-13 से शिकस्त दी।

बुधवार सुबह भारत के इन दोनों निशानेबाजों ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। इन दोनों ने पहले क्वालीफाइंग दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई और फिर स्वर्ण पदक के मुकाबले में भिड़ने का हक पाया। मंगलवार को रुद्रांक्ष क्वालीफाइंग में भी 627.5 अंक के साथ शीर्ष पर रहे थे। स्पर्धा में हिस्सा ले रहे भारत के तीनों निशानेबाजों ने फाइनल में जगह बनाई। पार्थ मखीजा क्वालीफाइंग दौर में पांचवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में पहुंचे। फाइनल में अभिनव ने बेहतर शुरुआत की और पहले तीन शॉट के बाद वह 4-2 से आगे थे। रुद्रांक्ष ने हालांकि जल्द ही वापसी करते हुए अभिनव को पीछे छोड़ दिया और फिर बढ़त बरकरार रखते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। जर्मनी के नाइल्स पालबर्ग ने कांस्य पदक जीता। जूनियर महिला 10 मीटर एयर राइफल में भारत की रमिता मंगलवार को क्वालीफाइंग दौर में 630.5 अंक के साथ शीर्ष पर रही और फिर एलिमिनेशन के अंतिम चरण में भी 261.0 अंक के साथ शीर्ष पर चल रही थी। स्वर्ण पदक के मुकाबले में हालांकि रमिता को गत जूनियर विश्व चैंपियन और टोक्यो ओलंपिक के फाइनल में जगह बनाने वाली फ्रांस की ओसिएन म्यूलर के खिलाफ 8-16 की शिकस्त से रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारत अभी एक स्वर्ण और दो रजत पदक के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर चल रहा है।